भोपाल, मंगलवार 14 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या ■ वर्ष : 13, अंक : 103 ■ पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 33 न्यून. 26 haribhoomi.com


तिवारी के साथ सीएम, खंडेलवाल और नरोत्तम


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



घनश्याम (क्रमशः तीसरे) के साथ सिंघार व बरैया

**1 | जब 'आशुतोष के लिए घर-घर शीश नवाऊंगा' कह कर रो पड़े नरोत्तम**

# चलिए , मान गए नरोत्तम...यही 'उत्तम' पर, दिल का दर्द आंखों में उमड़ पड़ा

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कंधे पर हाथ रख बंधाया ढाढस
- मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



दिल्ली में भाजपा नेतृत्व से मुलाकात न हो पाने से निराश लौटे पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का धैर्य अंततः जवाब दे गया और भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी की नामांकन रैली के दौरान रो पड़े। मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उनके कंधे पर हाथ रखा संभाला और ढाढस बंधाया। नरोत्तम ने कहा कि कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 6 पर



**मुख्यमंत्री ने नरोत्तम के सुपुर्द किया आशुतोष को**

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरोत्तम से कहा कि हम आशुतोष को आपके सुपुर्द कर रहे हैं। इनको पार लगाना अब आपका काम है। नरोत्तम ने खुद को संभालते हुए कहा कि दतिया के मालिकों, मैं आपके ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मुख्यमंत्री की मौजूदगी में दाखिल किया नामांकन**

नामांकन रैली और जनसभा के साथ भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने दोपहर करीब ढाई बजे जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने जाकर अपना नामांकन दाखिल किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश ▶▶ शेष पेज 6 पर

**2 | भाजपा में वापसी कर सकते हैं नाराज नायक, नामांकन के समय नहीं थे जीतू पटवारी**

# 'नायक' न बन सके अवधेश कोपमुद्रा में दिग्विजय ने मंच से उनसे मांगी 'माफी'

- दिग्विजय ने माना कि 2023 में मैंने अवधेश के टिकट का विरोध किया था
- पीतांबरा के दर्शन के बाद कांग्रेस के घनश्याम सिंह ने दाखिल किया नामांकन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह के नामांकन के दौरान दूसरे प्रमुख दावेदार अवधेश नायक की अनुपस्थित तो चर्चा में रही ही, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंच से उनसे माफी मांग कर सभी को हैरान कर दिया। दिग्विजय ने कहा कि अवधेश जहां कहीं भी हों, मैंने आप के टिकट का विरोध किया था। कारण था कि आप तभी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। लेकिन, आपने 2023 के विधानसभा चुनाव में दमदारी और ईमानदारी से काम किया। राजेंद्र भारती को जिताया। इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैंने ▶▶ शेष पेज 6 पर


दिग्विजय सिंह


अवधेश नायक

**घनश्याम ने दाखिल किया नामांकन**

कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने सोमवार को पहले मां पीतांबरा पीठ जाकर दर्शन किए और इसके बाद दतिया आकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक फूल सिंह बरैया सहित कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 6 पर

**नायक ने कहा सारे विकल्प खुले मंथन चल रहा**

दतिया में कांग्रेस की सभा से अवधेश नायक की गैर-मौजूदगी ने भाजपा में उनकी वापसी की अटकलें शुरू कर दी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रत्याशी घोषित किया था। पर कांग्रेस के ही ▶▶ शेष पेज 6 पर


**पाठक सूचना**

हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026 का मास्टर कूपन कल के अंक में देखें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ


**खबर संक्षेप**

### भोजशाला विवादः सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार



**नई दिल्ली।** धार जिले के ऐतिहासिक और विवादित भोजशाला परिसर मामले में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। शीर्ष अदालत मप्र हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करेगी, जिसमें इस परिसर को देवी सरस्वती का मंदिर घोषित किया गया था।

### जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 % पर



**नई दिल्ली।** देश में महंगाई की रफ्तार फिर आम जनता को परेशान करने लगी है। जून महीने के जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई दर तेजी से बढ़कर 4.38% पर पहुंच गई है। यह लगातार छठा महीना है जब महंगाई दर में बढ़ोत्तरी हुई है। इससे पहले मई में यह दर 3.93% थी। आरबीआई के तय 4% के मध्यम अवधि के लक्ष्य को पार कर गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया शुभारंभ » **एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 : 28 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी योजनाएं धरातल पर हुईं साकार**

# 40 हजार करोड़ के 'निवेश' हुए प्राप्त 34 हजार से अधिक मिलेंगी नौकरियां



- सीएम ने कहा कि प्रदेश आज डिफेंस, ड्रोन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से लेकर फ्यूचर ग्रोइंग सेक्टर तक तेजी से प्रगति कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में 51 प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे लगभग 40 हजार करोड़ रुपए का निवेश और 34 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

कॉन्क्लेव 3.0 में राज्य सरकार ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है। पिछले 2 टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश को 46 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के बाद से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर आया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

## ▶▶ कॉन्क्लेव 3.0 में 51 प्रमुख मुद्दों पर चर्चा

**कॉन्क्लेव की उपलब्धियां**

- स्पेन का सबमर ग्रुप भोपाल में स्थापित करेगा लगभग 20 हजार करोड़ रुपए का एआई रेडी डेटा सेंटर
- भोपाल और इंदौर में बनेंगे अत्याधुनिक आईटी पार्क
- ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग हब होगा स्थापित


सिंगल क्लिक से 22 नई औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण करते सीएम

**कॉन्क्लेव 3.0 प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मप्र में विदेशी निवेश अब केवल एमओयू तक सीमित नहीं रहकर धरातल पर साकार हो रहा है। स्पेन, कनाडा, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जापान, दक्षिण कोरिया, आयरलैंड और इंडो-जर्मन सहयोग सहित 8 देशों की 10 प्रमुख कंपनियों की ▶▶ शेष पेज 6 पर

**सीईओ पैट्रिक ने सीएम के नेतृत्व को सराहा**

स्पेन का सबमर ग्रुप मप्र में 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 19,000 करोड़ रुपए) के निवेश से एआई-रेडी डेटा सेंटर स्थापित करेगा। सबमर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ पैट्रिक स्मेल्ट्स ने एमपी टेकग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र भारत और वैश्विक उद्योगों के बीच रणनीतिक साझेदारी का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव केवल निवेश आकर्षित करने का मंच नहीं, बल्कि राज्य सरकार की दीर्घकालिक विकास ▶▶ शेष पेज 6 पर

**राम मंदिर चंदा चोरी मामला**

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और यूपी सरकार को भेजा नोटिस

**एसआईटी से मांगी रिपोर्ट**



अगली सुनवाई अब सोमवार को होगी


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर को मिले दान में कथित वित्तीय गड़बड़ियों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी कर जवाब मांगा ▶▶ शेष पेज 6 पर

**प्रमोशन में आरक्षण मामले में राहत नहीं**

# हाईकोर्ट का रोक हटाने से इनकार इसी हफ्ते स्पेशल बेंच में सुनवाई

एक्टिंग चीफ जस्टिस ने खुद को केस से किया अलग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सोमवार का दिन राहत भरा नहीं रहा। लंबे समय से लंबित प्रमोशन में आरक्षण मामले में जबलपुर हाईकोर्ट ने फिलहाल पदोन्नति पर लगी रोक हटाने से साफ इनकार कर दिया है। अब इस बेहद संवेदनशील मामले की अंतिम और विस्तृत सुनवाई इसी सप्ताह हाईकोर्ट की एक स्पेशल बेंच करेगी। ▶▶ शेष पेज 6 पर

**7 साल के नन्हे हीरो की बहादुरी**

## पागल कुत्ते के हमले से भाई को बचाने के लिए खुद भिड़ गया


राज के गाल, हाथ और पैरों पर जख्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पन्ना

जिले के देवगांव में एक 7 वर्षीय बच्चे ने अपनी असाधारण बहादुरी से पूरे इलाके का दिल जीत लिया। राज सिंगरौल (7) ने एक पागल कुत्ते के जानलेवा हमले से अपने चार साल के छोटे भाई अनुराग की जान बचाने के लिए खुद की जान दांव पर लगा दी। सोमवार को दोनों भाई जब घर से बाहर निकले थे, तभी एक पागल कुत्ते ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बिना शर्त माफी मांगने की चेतावनी**

## भाजपा ने सीएम उमर को भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस


विधायकों को तोड़ने लालच देने का लगाया था आरोप

एजेंसी ▶▶ जम्मू

भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को कथित तौर पर झूठे और मानहानिकारक आरोप लगाने के मामले में 100 करोड़ रुपए का कानूनी नोटिस भेजा है। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद सतपाल शर्मा की ओर से अधिवक्ता परिमोक्ष सेठ द्वारा जारी इस नोटिस में ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मुरैना में भीषण सड़क हादसा**

## ऑटो को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, 3 लोगों की मौत


शादी के बाद दर्शन करने जा रहा था परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

माताबसैया थाना क्षेत्र के पाराशर की तिवरिया के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पत्थरों से भरी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने श्रद्धालुओं से भरे ऑटो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक सहित 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मासूम बच्ची समेत पांच लोग ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पटवारी इंदौर से भोपाल तक चलाएंगे साइकिल**

# पेपर लीक और बेरोजगारी मुद्दे के खिलाफ कांग्रेस की साइक्लोथॉन



हर जिले से जुड़ेंगे युवा आष्टा में होगा पहला पड़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में नीट, सीबीएसई परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी, पेपर लीक और बेरोजगारी के मुद्दों पर कांग्रेस सरकार को घेरने की तैयारी में है। इसके तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में इंदौर से भोपाल तक करीब 200 किलोमीटर की दो दिवसीय साइकिल यात्रा (साइक्लोथॉन) निकाली जाएगी। कांग्रेस इसे राजनीतिक यात्रा के बजाए युवाओं की समस्याओं को उठाने का एक बड़ा अभियान बता रही है। यह यात्रा 14 जुलाई को सुबह 8 बजे इंदौर के प्रमुख शैक्षणिक केंद्र, देवी ▶▶ शेष पेज 6 पर

**सरकार वाट्सएप-टेलीग्राम की प्रतिक्रियाओं की कर रही है जांच**

# वाट्सएप-टेलीग्राम के यूजरनेम फीचर पर सरकार सख्त, जल्द तय होंगे नए नियम

यूजरनेम आधारित मैसेजिंग सुविधाओं पर जारी हुए थे नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने वाट्सएप और टेलीग्राम द्वारा उनके उपयोगकर्ता नाम आधारित मैसेजिंग सुविधाओं पर जारी किए गए नोटिसों पर प्रस्तुत प्रतिक्रियाओं की जांच कर रहा है, अधिकारियों ने संकेत दिया है कि कोई भी नियामक ढांचा सभी प्लेटफॉर्मों पर समान रूप से लागू होगा। सोमवार को एक साइबर सुरक्षा रिपोर्ट के लॉन्च के मौके पर बोलते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि मंत्रालय को वाट्सएप की प्रतिक्रिया मिली थी और कार्रवाई के अगले पाठ्यक्रम पर निर्णय लेने से पहले ही इसकी समीक्षा की जा रही थी। मंत्रालय ने पहले वाट्सएप-टेलीग्राम और सिग्नल को यह चिंता जताते हुए नोटिस जारी किया था कि उपयोगकर्ता नाम-आधारित मैसेजिंग, ▶▶ शेष पेज 6 पर

**महिला क्रिकेट में भारत लॉर्ड्स पर कोई टेस्ट मैच जीतने वाला पहला देश बना**

टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत

# हमारी बेटियां लड़कों से बेहतर, इंग्लैंड से गंभीर और अय्यर का लिया 'बदला'

- भारत ने इंग्लैंड को 270 रनों से हराया
- 142 साल के इतिहास में यह लॉर्ड्स मैदान पर बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने इंग्लैंड को 270 रनों से हरा दिया है। 142 साल के इतिहास में यह लॉर्ड्स मैदान पर सबसे पहला महिला टेस्ट मैच था, जिसे जीतकर भारतीय महिला टीम ने इतिहास रच डाला है। चौथी पारी में मेजबान इंग्लैंड को 457 रनों का लक्ष्य मिला था, लेकिन अंग्रेज टीम 186 रनों पर ऑलआउट हो ▶▶ शेष पेज 6 पर


इस तरह जीत की खुशी जतातीं घुवारा की बेटी क्रांति गौड़

**क्रांति और यास्तिका रहीं जीत की हीरो**

भारत की इस ऐतिहासिक जीत में क्रांति गौड़ और यास्तिका भाटिया का सबसे बड़ा योगदान रहा। दरअसल, पहली पारी में क्रांति गौड़ ने 5 विकेट हॉल पूरा किया था, वो लॉर्ड्स ▶▶ शेष पेज 6 पर

**लॉर्ड्स के ऑनर बोर्ड पर चमकेगा घुवारा की बेटी का नाम**

**घुवारा।** मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे से निकलकर लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड तक, क्रांति गौड़ ने वो कर दिखाया है जो भारतीय क्रिकेट इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज हो गया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज (पेसर) क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड के ▶▶ शेष पेज 6 पर

## हल-हरि पूजा के कारण मिला इसे हलहारिणी अमावस्या का नाम

# सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि संयोग में हलहारिणी अमावस्या आज, कल से आषाढ़ गुप्त नवरात्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

आषाढ़ मास में 14 से 15 जुलाई तक की तिथियां धार्मिक रूप से बहुत खास है। इस माह मंगलवार को हलहारिणी अमावस्या है। इस दिन स्नान दान के साथ ही किसान हल और कृषि उपकरण व्यवसायी कृषि यंत्रों की पूजन करेंगे। कृषकों के लिए यह शुभ दिवस होता है। इसे फसल की बुआई के लिए उत्तम दिन माना जाता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि का संयोग रहेगा, जो शुभ फलदायक होते हैं। पंडितों के अनुसार हल और हरि पूजा होने की वजह से इसे हलहारिणी अमावस्या नाम दिया गया है। तो वहीं इसके दूसरे दिन यानी बुधवार से आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्र का शुभारंभ होगा।



### पितरों के लिए पूजा-पाठ करना चाहिए

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि आषाढ़ी अमावस्या पर पितरों के लिए पूजा-पाठ, ध्यान, पिंडदान और तर्पण आदि शुभ करना चाहिए। साथ ही, किसी सार्वजनिक जगह पर एक छायादार वृक्ष का पौधा भी लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। इस समय लगाए गए पौधों के पनपने की संभावनाएं काफी अधिक हैं, क्योंकि पौधों को बारिश की वजह से करीब 3-4 महीनों तक समय-समय पर जरूरी पानी मिल जाता है। अमावस्या तिथि पर सुबह जल्दी उठना चाहिए और स्नान के बाद सबसे पहले सूर्यदेव को जल चढ़ाना चाहिए। इसके लिए तांबे के लोटे में स्वच्छ जल भरें। जल में कुमकुम, लाल फूल, चावल डालें। ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करते हुए सूर्य देव को अर्घ्य चढ़ाएं। सूर्य पूजा के बाद घर के मंदिर में भगवान गणेश, शिवजी, विष्णु जी, देवी पार्वती, श्रीकृष्ण आदि की विधिवत पूजा करें। जो लोग इस तिथि पर व्रत करते हैं, वे पूजा में व्रत करने का संकल्प करें।

## बुंदेलखंड कला संस्थान के तत्वावधान में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर भक्ति भाव को बनाया अधिक प्रभावी

# वृंदावन में राधे-राधे भक्ति एल्बम का हुआ शुभारंभ, भजनों से गूंजा सभागार



वृंदावन में राधे-राधे भक्ति एल्बम का हुआ शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

बुंदेलखंड कला संस्थान के तत्वावधान में भगवान श्रीकृष्ण व राधा रानी के भक्ति संगीत पर आधारित एल्बम वृंदावन में राधे-राधे का शुभारंभ किया गया। एल्बम की गीतकार सावित्री तिवारी ने लिखे, इस भक्ति एल्बम में श्रीमद् भागवत प्रवक्ता एवं संगीत गुरु कृष्ण प्रिया सावित्री तिवारी और डॉ. देव ने अपनी मधुर आवाज दी है। एल्बम में बाल कलाकारों कृति, अवनी, सृष्टि, आन्या और अनाया ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर भक्ति भाव को और अधिक प्रभावी बनाया। शास्त्रीय गायिका विजेता सिंह द्वारा एल्बम का विमोचन किया गया।

### पाल समाज श्रीकृष्ण गोवर्धन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव कल से

**भोपाल।** राजधानी के पीएचई ऑफिस के पास, टीटी नगर स्थित पाल समाज श्री कृष्ण गोवर्धन मंदिर में जीर्णोद्धार उपरांत 15 से 17 जुलाई तक तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। पाल समाज श्री कृष्ण गोवर्धन मंदिर समिति, के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समिति के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह बघेल एवं मीडिया प्रभारी भानु प्रताप सिंह पाल ने बताया कि महोत्सव में पाल, बघेल, धनगर, यादव, ग्वाला, गुर्जर, घोषी, चौधरी, गायरी, भारूड़ एवं गवली समाज सहित विभिन्न समाजों के हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रहने की संभावना है। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान पहले दिन भव्य कलश यात्रा, दशाविधि स्नान, गणेश पूजन एवं जलाधिवास, दूसरे दिन अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास सहित विभिन्न वैदिक अनुष्ठान तथा अंतिम दिन सहस्त्रधारा महाअभिषेक, नगर भ्रमण, प्राण-प्रतिष्ठा हवन, पूर्णाहुति, महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कृष्णा गौर, विभिन्न संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

### गुफा मंदिर में श्रावण मेला की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**भोपाल।** राजधानी के लालघाटी स्थित गुफा मंदिर धाम सनातन धार्मिक आस्था का केन्द्र उत्सवों त्योहारों के अवसर पर अनेकों सामाजिक,धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष भी महंत स्वामी रामप्रवेश देवाचार्य महाराज के सानिध्य एवं मंत्री कृष्णा गौर की अध्यक्षता में आगामी गुरु पूर्णिमा, श्रावण सोमवार मेलों की लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम, जल विभाग,पीडब्लूडी, सुरक्षा, विद्युत विभाग सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बीएमएचआरसी में दिल्ली की टीम ने किया निरीक्षण बने हंगामे के आसार

**भोपाल।** भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब दिल्ली से आई विशेष निरीक्षण टीम अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा ले रही थी। इसी दौरान महिला उद्योग संगठन गैस पीड़ित संघ के पदाधिकारियों शहवार खान और सदस्यों को अस्पताल प्रबंधन द्वारा रोक दिया गया। गैस पीड़ित संगठन के लोग इस टीम से मिलकर अपनी समस्याओं और अस्पताल की बदहाली को लेकर बात करना चाहते थे, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें टीम से मिलने की अनुमति नहीं दी। इस कदम के बाद अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति बन गई और प्रबंधन की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।

### गंदगी फैलाने, प्लास्टिक उपयोग करने वालों के खिलाफ 75 प्रकरण बनाए

**भोपाल।** निगम ने शहर में स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सोमवार को गंदगी फैलाने, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का उपयोग करने, निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) वेस्ट सड़कों पर फेंकने तथा सार्वजनिक संपत्ति को विरूपित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान 75 प्रकरणों में 15,400 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया।

## मल्टीलेवल की पांच पार्किंग से सालाना 3.30 करोड़ की कमाई

# करोड़ों की कमाई, लेकिन लिफ्ट बंद मल्टीलेवल पार्किंग के हाल-बेहाल

**पार्क में वाहनों की कतार, सड़क घिरने से रोज फंस रही एंबुलेंस, रोजाना 6 हजार रुपए से ज्यादा की वसूली**



न्यू मार्केट की मल्टीलेबल पार्किंग।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

शहर में पार्किंग की समस्या दूर करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग अब खुद लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई हैं। नगर निगम की पांच मल्टीलेवल पार्किंग में रोजाना तीन हजार से ज्यादा दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े किए जाते हैं। इनसे निगम को हर साल करीब 3.30 करोड़ रुपये का राजस्व मिलता है, लेकिन सुविधाओं की हालत यह है कि न्यू मार्केट और एमपी नगर की पार्किंग की लिफ्टें पिछले ढाई साल से बंद पड़ी हैं।

हरिभूमि की ग्राउंड रिपोर्ट में सामने आया कि वाहन चालक रोजाना सीढ़ियां चढ़ने और उतरने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों और छोटे बच्चों के साथ हो रही है। लोगों का कहना है कि पार्किंग शुल्क पूरा लिया जाता है, लेकिन सुविधा न के बराबर है इसलिए लोग वाहन को पार्किंग की बजाए सड़क किनारे खड़ी करना पसंद करते हैं।

### ढाई साल से बंद लिफ्ट...

लिफ्ट बंद होने के बावजूद भी निगम की ओर से अब तक स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई वहीं लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ, ढाई साल से बंद लिफ्ट इस बात का प्रमाण हैं कि रखरखाव को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। जमीनी हकीकत यह है कि जिन पार्किंगों को आधुनिक सुविधा का मॉडल बताया गया था, वहां अब लोग मजबूरी में सीढ़ियां नाप रहे हैं। इस संबंध में नगर निगम के उपायुक्त हीरेंद्र कुशवाह का कहना है कि लिफ्ट की जांचकर इसको जल्द ही चालू कराया जाएगा साथ ही नियमित इसकी जांच कराई जाएगी, ताकि लोगों इसका लाभ मिल सके।

**मरीज और परिजन मुश्किल में, फंसती हैं एंबुलेंस**

### जेपी अस्पताल में चल रही अवैध पार्किंग सड़क के बीचों-बीच खड़े हो रहे वाहन



**भोपाल।** राजधानी के जेपी अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा से ज्यादा अवैध पार्किंग का कब्जा नजर आ रहा है। अस्पताल परिसर का पार्क अब लोगों के बैठने की जगह नहीं, बल्कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों का पार्किंग स्थल बन गया है। हालत यह है कि मरीज के साथ आए परिजनों को बैठने के लिए जगह तक नहीं मिल रही। मजबूरी में लोग सड़क किनारे और नाले की बाउंड्री पर बैठकर घंटों इंतजार कर रहे हैं। अस्पताल कर्मचारियों के मुताबिक परिसर में रोजाना करीब 400 से 500 वाहन खड़े किए जाते हैं। पार्क और अस्पताल परिसर की सड़क पर वाहनों की कतार लगने से रास्ता संकरा हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा परेसानीं एंबुलेंस को निकलने में हो रही है, जिससे मरीजों को लाने-ले जाने के दौरान रोज जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है।

### परिजनों का आरोप...

अस्पताल परिसर में शर्मा इंटरप्राइजेज के नाम से पार्किंग संचालित की जा रही है और दोपहिया वाहनों से प्रतिदिन 6 हजार रुपए से अधिक की वसूली की जा रही है। इसके बावजूद पार्किंग की कोई निर्धारित व्यवस्था नहीं है। वाहन पार्क और सड़क किनारे खड़े कराए जा रहे हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों के लिए उपलब्ध सार्वजनिक स्थान पूरी तरह खत्म हो गया है। मरीज के परिजन अखिलेश पांडे ने बताया कि वह अपनी मां के इलाज के लिए अस्पताल आए हैं, लेकिन परिसर में बैठने के लिए एक भी कुर्सी तक नहीं है। पूरा पार्क वाहनों से भरा रहता है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को घंटों सड़क किनारे खड़े रहना या नाले की बाउंड्री पर बैठना पड़ता है।

### पार्किंग संचालक का पक्ष...

अस्पताल की पार्किंग संचालित कर रहे पंकज शर्मा ने बताया कि पिछले दो महीने से यहां पार्किंग कराई जा रही है। लेकिन जल्द ही पार्किंग को किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा।

## आईडीए के नेतृत्व में डेंटल इम्प्लांट पर संगोष्ठी

# मरीजों को समय पर इलाज कराने जागरुक रहना चाहिए, तभी सुधरेगी चेहरे की स्माइल

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

भारतीय दंत चिकित्सक संघ (आईडीए) के नेतृत्व में डेंटल इम्प्लांट पर बीते रोज संगोष्ठी संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए डॉ पीएस बिंद्रा ने दंत चिकित्सकों को दया भाव के साथ साथ गुणवत्ता युक्त इलाज करने का आह्वान किया, विशिष्ट अतिथि डॉ अतुल वर्मा ने आईडीए के कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में संभाजी नगर से आए डॉ अमित जोशी ने फुल माउथ रिहैबिलिटेशन के विषय पर संगोष्ठी में बताया कि इलाज की सफलता के लिए मरीजों को समय पर इलाज कराने के लिए जागरूक करना चाहिए जिससे फिक्स बत्तीसी को चबाने के साथ साथ, स्माइल को सुधारा जा सके। वहीं खंडवा से आए डॉ अर्पित बिंदा ने इम्प्लांट में गाइड के महत्व को समझाया। आईडीए अध्यक्ष डॉ सौरव दांतरे ने बताया कि इस वर्ष हमारा लक्ष्य दंत चिकित्सा से जुड़े हुए महत्वपूर्ण विषयों पर कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हर दंत चिकित्सक को इलाज की गुणवत्ता बढ़ाकर सशक्त बनाना है



संगोष्ठी को संबोधित करते डॉ सौरव।

डॉ. दांतरे ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ साथ भोपाल दंत चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के संकल्प पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

**जटिल बोन कैंसर से पीड़ित युवक के बिना अंग काटे बदली गई हड्डी**

# अब हड्डी के कैंसर में अंग को काटने की आवश्यकता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

करियर इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल भोपाल में हड्डी के कैंसर (बोन कैंसर) से पीड़ित 27 वर्षीय युवक की बिना पैर काटे सफल ऑपरेशन किया है। इस जटिल ऑपरेशन के माध्यम से कैंसर ग्रस्त हड्डी को निकाल कर विशेष कृत्रिम इंप्लांट लगाया गया, जिससे मरीज का अंग सुरक्षित रखा जा सके। जटिल शल्य चिकित्सा वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक ओंको सर्जन डॉ प्रखर जैन एवं डॉ सूर्य प्रकाश एवं सिम्स टीम द्वारा किए गए ऑपरेशन संस्थान के मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर वीके गुप्ता तथा डिप्टी डायरेक्टर डॉ विष्णु पाल के सहयोग से संपन्न हुआ। डॉ. प्रखर जैन ने बताया कि पहले ऐसे मामलों में मरीज का अंग काटना ही प्रमुख विकल्प माना जाता था, लेकिन आधुनिक तकनीक और विशेष ऑंकों ऑर्थोपेडिक सर्जरी की मदद से अब कई मरीजों में कैंसर ग्रस्त हड्डी को निकाल कर उसकी जगह विशेष कृत्रिम हड्डी लगाई जा सकती है। इससे मरीज का अंग सुरक्षित रहता है और वह सामान्य जीवन की ओर लौट सकता है। इस



उपलब्धि पर संस्थान के अध्यक्ष मनीष राजोरिया ने पूरी चिकित्सीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि करियर इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्साओं के माध्यम से प्रदेश के मरीजों को किफायती दरों पर उच्च स्तरीय उपचार उपचार उपलब्ध करा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के पात्र मरीजों को निःशुल्क उपचार की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

## ऊर्जा दक्ष बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण

# हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन के उन्नत कूलिंग सिस्टम पर हुई पीएचडी

**हिमांशु शर्मा का यह शोध इलेक्ट्रिक वाहनों की तापीय प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी और ऊर्जा दक्ष बनाने की दिशा में माना जा रहा महत्वपूर्ण**



हिमांशु शर्मा को किया गया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में हिमांशु शर्मा ने हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन के लिए संशोधित रेडिएटर, विभिन्न इनसट्रस और नैनो द्रव आधारित उन्नत कूलिंग सिस्टम के अभिकल्प, विकास एवं तुलनात्मक कार्यक्षमता विश्लेषण विषय पर अपना पीएचडी शोध कार्य पूरा कर लिया है।

यह शोध इलेक्ट्रिक वाहनों की तापीय प्रबंधन प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं ऊर्जा दक्ष बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शोध के दौरान संशोधित रेडिएटर, विभिन्न इनसट्रस एवं नैनो द्रवों का उपयोग कर उन्नत कूलिंग सिस्टम विकसित किया गया। इसके साथ ही इसके प्रदर्शन का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। हिमांशु शर्मा के अनुसार शोध अवधि में 5 शोध पत्र एससीआई एवं स्कोपस सूचीबद्ध अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। विकसित तकनीक को सृजन-2025 में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सविश्कार-2025 में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री गौतम टेटवाल ने भी इस नवाचार को सम्मानित किया। साथ ही इस शोध को राष्ट्रीय तकनीकी कौशल प्रदर्शनी-2025 में राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। बताया गया है कि शोध कार्य से संबंधित चार पेटेंट भी दायर किए गए हैं। यह शोध कार्य यूआईटी-आरजीपीवी, भोपाल के डॉ. रविन्द्र रणदा तथा रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरजेआईटी), बीएसएफ अकादमी ग्वालियर के डॉ. गौरव सक्सेना के संयुक्त मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

### कुलगुरू ने दी बधाई

इस अवसर पर आरजीपीवी के कुलगुरू प्रो. आलोक शर्मा ने हिमांशु शर्मा एवं दोनों शोध निर्देशकों को बधाई देते हुए कहा कि उद्योगोन्मुख एवं नवाचार आधारित अनुसंधान देश में इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी के विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह शोध भविष्य में ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए उपयोगी सिद्ध होगा तथा विवि में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

## एनएसयूआई ने कहा इस संबंध में उसके पास पुख्ता सबूत और दस्तावेज मौजूद

# बीयू: बीएड, एमएड, बीपीएड की संबद्धता में करोड़ों के घोटाले की आशंका, परिनियम 27 के उल्लंघन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा बीएड, एमएड और बीपीएड कॉलेजों को दी गई संबद्धता में परिनियम 27 का खुला उल्लंघन कर करोड़ों रुपए के घोटाले की आशंका है। एनएसयूआई ने सोमवार को इस संबंध में बीयू के कुलगुरू को लिखित शिकायत भेजी है। कहा है कि यदि 7 दिन में कार्यवाही नहीं हुई तो एनएसयूआई विवि का घेराव करेगी और न्यायालय की शरण लेगी। एनएसयूआई ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि उसके पास इस संबंध में पुख्ता सबूत और दस्तावेज उपलब्ध हैं। विज्ञप्ति में बताया गया है कि अयोग्य कमेटी



फाइल फोटो।

बनाक.र निजी कॉलेजों से मोटी रकम लेकर बिना नियमों के संबद्धता दी गई है। अनुमानित घोटाला करोड़ों में है। परिनियम 27(5) के अनुसार कमेटी में शिक्षा संकाय के प्रोफेसर और विषय विशेषज्ञ होना जरूरी है, पर इंजीनियरिंग/वाणिज्य के लोगों से रिपोर्ट बनवाई गई। उच्च शिक्षा विभाग का प्रतिनिधि भी नहीं था।

### यह भी लगाए आरोप

एनएसयूआई के जिला प्रभारी आशीष शर्मा के अनुसार परिनियम 27(4) और एनसीटीई नियम के अनुसार हर कोर्स का अलग निरीक्षण होना चाहिए, पर केवल बीएड का पत्र निकालकर एमएड और बीपीएड को भी संबद्धता दे दी गई। इसके अलावा बिना भौतिक निरीक्षण, बिना वीडियोग्राफी, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर संबद्धता दी गई है। यह दंडनीय अपराध है।

### एनएसयुआई ने यह उठाई मांगें

- इस करोड़ों के घोटाले में शामिल दोषी अधिकारियों और अयोग्य कमेटी के सदस्यों के खिलाफ 24 घंटे में एफआईआर दर्ज हो।
- सभी अवैध बीएड, एमएड,बीपीएड की संबद्धताएं तत्काल निरस्त की जाएं।
- परिनियम 27 के अनुसार योग्य विशेषज्ञों वाली नई कमेटी से पुनः भौतिक निरीक्षण कराया जाए।
- जांच पूरी होने तक दोषी अधिकारियों को निलंबित किया जाए।

## मांगें पूरी नहीं होने पर करेंगे काम का बहिष्कार

# जीएमसी में स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग, विरोध में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर गांधी मेडिकल कॉलेज के यूजी विद्यार्थियों ने सोमवार को रैली निकला कर प्रदर्शन किया। इंटर्न डॉक्टर्स ने कहा जल्द स्टाइपेंड नहीं बढ़ाया जाता है, तो आने वाले दिनों में काम का बहिष्कार किया जाएगा।

इनके अनुसार शा. चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस इंटर्न को वर्तमान में 14,337 प्रतिमाह के स्टाइपेंड दिए जा रहा है। इसको लेकर हमारी मांग है कि इसको बढ़ाकर 30,000 प्रतिमाह किया जाएगा। इसके समर्थन में गांधी मेडिकल कॉलेज के सभी यूजी एक शांतिपूर्ण जागरूकता एवं विरोध रैली का आयोजन किया। रैली पोर्च से प्रारंभ होकर महाविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए वापिस पोर्च पर ही समापन हुआ। इसके अलावा मध्य प्रदेश के अन्य शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया। इंटर्न डॉक्टर्स का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित कर प्रदेश के एमबीबीएस इंटर्न को देश के अनेक अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम स्टाइपेंड दिया जा रहा है।

## टीएल बैठक में कलेक्टर के स्पष्ट दिशा-निर्देश

# स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 से सेना भर्ती, 15 जिलों के आवेदक होंगे

**पीडब्ल्यूडी के सरकारी मकानों से हटेंगे कब्जे, संयुक्त दल करेगा जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 जुलाई से सेना भर्ती रैली शुरु होगी। जिसमें भोपाल समेत 15 जिलों के पुरुष उम्मीदवार शामिल हो सकेंगे। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी और ट्रेड्समैन रैली भी होगी। सेना भर्ती रैली 8 अगस्त तक चलेगी। इसे लेकर सोमवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कलेक्टोरेट में संबंधित विभागों की तैयारियों के संबंध में बैठक की। इधर पीडब्ल्यूडी के मकानों में अवैध रूप से कब्जा कर रहने वालों की भी जांच की जाएगी, जिससे इन लोगों को बाहर किया जा सके।

कलेक्टर ने ननि, पीएचई, बिजली कंपनी, स्वास्थ्य पुलिस और अन्य विभागों से माइक्रो प्लान के हिसाब से तैयारियां करने को कहा। उन्होंने कहा कि संयुक्त दल यह सुनिश्चित करे कि शासकीय आवासों में कोई अनधिकृत व्यक्ति निवासरत न हो। जांच उपरांत विस्तृत प्रतिवेदन पेश किया जाए।

## स्वदेशी जागरण मंच ने मनाया दुबौलिया का जन्मदिन

# गायत्री मंत्र का जाप कर रोपे आम और जामुन के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच के तीन क्षेत्रों के संगठक केशव दुबौलिया के जन्मदिन पर मंच के कार्यकर्ताओं ने डी-7, प्रदेश कार्यालय, 74 बंगला, भोपाल में बैठक आयोजित की। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी बैठकों, कार्ययोजना एवं कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही घर पर तैयार किए गए आम एवं जामुन के पौधों का गायत्री मंत्र के जप के साथ पौधरोपण कर श्री दुबौलिया का जन्म दिन मनाया गया। बैठक में भोपाल महानगर संयोजक शांतनु शर्मा, विभाग संयोजक शोभराज सुखवानी, प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज, स्वावलंबी भारत अभियान की सह-समन्वयक प्रतिभा शुक्ला, रमन तिवारी, अभिषेक तिवारी, अभिनव, हरिओम सेन, रचना भार्गव, स्वतंत्रता, दीपा शर्मा, मंगला, मनीषा तथा सर्वस्वर्णकार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी, महिला अध्यक्ष रेखा सोनी, उपाध्यक्ष विजय सोनी जिलाध्यक्ष अंशिका सोनी उपस्थित रहे।



केशव दुबौलिया



पौधरोपण करते मंच के सदस्य व पदाधिकारी।

कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी चिंतन पर सार्थक चर्चा हुई, स्वदेशी साहित्य एवं पत्रकों का वितरण किया गया। अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों को जलपान एवं प्रसादी वितरित की गई।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 14 जुलाई 2026

4 तीन दिन और सताएगी उमस, मध्यम बारिश से ...



11 थंडरर एनफील्डर्स ने दिया सुरक्षित राइडिंग का...





# शताब्दी में एक्सपायरी ब्रेड परोसने पर मैनेजर समेत स्टाफ हटाया, वेंडर पर 1 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नई दिल्ली से रानी कमलापति (भोपाल) आ रही 12002 शताब्दी एक्सप्रेस में यात्रियों को एक्सपायरी डेट वाली ब्रेड परोसने के मामले में आईआरसीटीसी ने बड़ी कार्रवाई की है। कैटरिंग वेंडर पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, लापरवाही सामने आने पर मैनेजर समेत जिम्मेदार स्टाफ को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आईआरसीटीसी मैनेजर विवेक रावत ने बताया कि मामले को बेहद गंभीरता से लिया गया है। कार्रवाई केवल आर्थिक दंड तक सीमित नहीं रही। जांच में जिन कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय हुई, उन्हें ड्यूटी से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा और भोजन की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, इसके लिए भी सख्त निर्देश दिए गए हैं।

खबर का असर



रेल मदद और उपभोक्ता आयोग में शिकायत, रेलवे ने शुरू की जांच

शताब्दी एक्सप्रेस में परोसी गई एक्सपायरी ब्रेड, तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिल्ली से भोपाल आ रही शताब्दी एक्सप्रेस में शनिवार सुबह यात्रियों को नाश्ते में एक्सपायरी ब्रेड परोसने का मामला सामने आया। इससे छोटे बच्चों सहित अन्य यात्रियों को फूड पॉइजनिंग हो गई। इस मामले में रेलवे की ओर से जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार 12002 नई दिल्ली-रानी कमलापति शताब्दी एक्सप्रेस के सी-4 कोच के करीब 74 यात्री सफर कर रहे थे। यहां नाश्ते में एक्सपायरी डेट की ब्रेड परोसी गई। ज्यादातर यात्री ब्रेड खा चुके थे। इसी दौरान एक यात्री ब्रेड पैकेट पर लिखी तारीख यानी यूज बाय डेट 10 जुलाई 2026 देखी। इसके बाद यात्रियों ने वेंडरों से पूछताछ की। तो मामला सही पाया गया। इसके बाद इस मामले की जानकारी अन्य कोच के यात्री को भी लगी। जिसके बाद ⏩ शेष पेज 4 पर

## आईआरसीटीसी मैनेजर ने कहा, भोजन की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं

*हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर*

*आइंदा न हो ऐसी लापरवाही दिए सख्त निर्देश*

### एजेंसी के खिलाफ नहीं, वेंडर के खिलाफ की कार्रवाई



शताब्दी एक्सप्रेस का फाइल फोटो।

आईआरसीटीसी के मुताबिक, शताब्दी एक्सप्रेस में भोजन दिल्ली से लोड किया गया था और संबंधित कैटरिंग वेंडर भी दिल्ली बेस का है। हालांकि एजेंसी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन कार्रवाई उसी वेंडर के खिलाफ की गई है, जिसने भोजन उपलब्ध कराया था। रावत ने बताया कि भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए सुबह दो बार निरीक्षण किया जाता है। ट्रेन में फूड लोडिंग के समय भी जांच होती है। इसके बावजूद एक्सपायरी ब्रेड यात्रियों तक कैसे पहुंची, इसकी जांच जारी है। शुरुआती तौर पर किसी पैकेट की जांच में चूक की आशंका जताई गई है।

### 74 यात्रियों ने खा ली थी ब्रेड

शनिवार को 12002 नई दिल्ली-रानी कमलापति शताब्दी एक्सप्रेस के सी-4 कोच में यात्रियों को नाश्ते में ऐसी ब्रेड परोसी गई, जिसके पैकेट पर यूज बाय 10/07/2026 लिखा था। कोच में मौजूद करीब 74 यात्रियों, जिनमें छोटे बच्चे भी शामिल थे, ने वह ब्रेड खा ली थी। एक्सपायरी डेट सामने आने के बाद यात्रियों ने रेल मदद ऐप पर शिकायत दर्ज कराई। कुछ यात्रियों ने ऑनलाइन उपभोक्ता आयोग में भी शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## निगम परिषद की मुश्किलें बढ़ीं, मप्र नगरीय निकाय चुनाव 2022 के घोषणा पत्र में थी शामिल

# तीन साल में एक दर्जन बैठकों के बावजूद निजी नल कनेक्शन देने की योजना पर निर्णय नहीं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में 1500 से ज्यादा कॉलोनियों में 829 निजी नल कनेक्शन देने की योजना फिलहाल अटक गई है। जबकि इस मामले को लेकर बीते तीन साल में एक दर्जन बैठकें विभिन्न स्तर पर हो चुकी हैं। मप्र नगरीय निकाय चुनाव 2022 के घोषणा पत्र में प्रदेश के नगरीय निकायों में कॉलोनियों में बल्क कनेक्शन के स्थान पर व्यक्तिगत नल कनेक्शन दिए जाने की घोषणा की गई थी। नगरीय विकास विभाग द्वारा फंडिंग से इंकार के बाद अब महापौर मालती राय जल्द ही इस मामले को लेकर नए सिरे से प्रोसेस करने की बात कह रही हैं।

महापौर परिषद से प्रस्ताव पारित करने के बाद उक्त कार्य की डीपीआर केंद्र सरकार की योजना अमृत 2.0 में मंजूरी के लिए राज्य शासन के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजने की बात कही गई थी, लेकिन इसे इस योजना में भी शामिल नहीं किया गया। जल कार्य विभाग ने 874 करोड 43 लाख रुपए की डीपीआर तैयार कर दी गई थी।

**1500 से ज्यादा कॉलोनियों में अटकी योजना**



प्रतीकात्मक चित्र

### महापौर बोलीं- जल्द करेंगे प्रोसेस

*महापौर मालती राय ने कहा कि निजी नल कनेक्शन देने की योजना को लेकर जल्द ही विचार-विमर्श करके प्रोसेस करेंगे। उम्मीद है जल्द ही निजी कनेक्शन मिल सकेंगे।*

### नेता प्रतिपक्ष बोलीं- योजना पूरी तरह से फेल

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी का कहना है कि निजी नल कनेक्शन देने की योजना हो या अवैध कॉलोनियों को वैध करने की बात। योजनाएं पूरी तरह से फेल हो गई हैं और फिलहाल तक ठंडे बस्ते में चली गई हैं।

### परिषद का कार्यकाल समाप्त होने में अब एक साल शेष

नगर निगम परिषद का कार्यकाल 16 अगस्त 2027 में समाप्त हो रहा है, जबकि उक्त योजना 2022 के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल थी।

### तीन दिन से शिव नगर में पेयजल संकट, लोग परेशान

शिव नगर क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी नहीं मिलने से लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिपलानी के अध्यक्ष टीआर गहलोत ने बताया कि क्षेत्र में जल संकट को देखते हुए नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर पानी के टैंकर भेजने की व्यवस्था कराई गई, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

## हुक लोडर से लीचेट का हो रहा था रिसाव, महापौर ने रोड पर रुकवाया वाहन, कंपनी को नोटिस और जुर्माना


महापौर मालती राय ने कचरा परिवहन में लापरवाही बरतने वाली एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मौके पर ही पेनाल्टी लगवाई और संबंधित कंपनी से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण भी तलब किया। दरअसल] महापौर माता मंदिर क्षेत्र से गुजर रही थीं तभी उनकी नजर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन से आदमपुर खंती जा रहे हुक लोडर (एमपी-04-डीबी-2910) पर पड़ी, जिसमें से लीचेट (कचरे से निकलने वाला दूषित तरल) सड़क पर रिस रहा था। उन्होंने तत्काल वाहन रुकवाकर चालक से रिसाव के संबंध में जानकारी ली, लेकिन चालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। हुक लोडर का संचालनकर्ता संस्थान पर अनुबंध अनुसार पेनाल्टी लगाने और हुक लोडर का व्यवस्थित संचालन एवं रख-रखाव न करने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। महापौर के निर्देश पर निगम के उपायुक्त द्वारा वेस्टर्न इमेजनरी ट्रांसकान प्राईवेट लिमिटेड पर अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने पर 11 हजार 500 रुपए की राशि पेनाल्टी के रूप में अधिरोपित की गई तथा 3 दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित फर्म को दिए।

*» चालक से की पूछताछ, नहीं दे सका संतोषजनक जवाब, कंपनी पर पेनाल्टी*

*» अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर वेस्टर्न इमेजीनरी ट्रांसकान से मांगा स्पष्टीकरण*

### कंपनी को पहले भी सुधार के लिए कहा गया था

इससे पहले गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के प्रभारी अधिकारी ने वेस्टर्न इमेजनरी ट्रांसकान प्राईवेट लिमिटेड के मैनेजर लाला पठान से दूरभाष पर चर्चा की एवं वाट्सएप मैसेज कर कैप्सूल के डिसचार्ज वाल्व एवं बेकगेट पर रबर गैस किट संबंधी कार्य कराने को कहा था, लेकिन वेस्टर्न इमेजनरी ट्रांसकान प्राईवेट लिमिटेड द्वारा समय पर कार्य नहीं कराया गया। इसके अलावा गत 4 जुलाई को भी उपायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान कम्पनी के मैनेजर को अवगत कराया गया था, लेकिन कम्पनी के अधिकारियों द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं किया गया। अब महापौर मालती राय ने इस पर सख्त रुख अपनाया है और कार्रवाई की है।



मालती राय, महापौर

## अवधपुरी विद्यासागर के पास का मामला

# बेदखली टीम को देख खुद पर डाला पेट्रोल, पुलिस ने दबोचा

*टेंट कारोबारी ने दों दुकान खरीदकर 7 दुकानों पर किया कब्जा*



आग लगाने से पहले कारोबारी को पुलिस ने दबोचा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी विद्यासागर के पास एस्सारजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कांपलेक्स में टेंट कारोबारी फिलिप विंसेट ने दो दुकानें खरीदकर सात दुकानों पर कब्जा कर लिया। एसडीएम एमपी नगर ने बेदखली का आदेश जारी किया, लेकिन कब्जा नहीं हट सका। सोमवार को तहसीलदार की टीम ने मौके पर जाकर कब्जा हटाया है। टीम को देख विंसेट ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों से उसे पकड़ लिया। करीब दो घंटे चले हंगामे के बाद टेंट कारोबारी का सामान निकालकर कब्जा दुकान मालिक सुनील गुप्ता को सौंपा गया।

एमपी नगर तहसीलदार अमित द्विवेदी ने बताया कि टेंट कारोबारी को सात दुकानें खाली करनी थीं, लेकिन बार-बार नोटिस के बाद भी दुकानों को खाली नहीं कराया गया। अपर कलेक्टर के यहां अपील प्रकरण में भी बेदखली का आदेश दिया गया, जिसके तहत सोमवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर टेंट कारोबारी का कब्जा छुड़वाया है।

### फरवरी में हुआ था बेदखली का आदेश

एसडीएम एमपी नगर ने फरवरी में कब्जाधारी को बेदखल करने का आदेश जारी किया था, लेकिन कब्जा नहीं हटने के बाद दुकान मालिक ने अपर कलेक्टर के यहां अपील कर दी। अपील में भी कब्जेधारी को बेदखल करने का आदेश जारी किया गया। जिसके बाद सोमवार को टीम ने बेदखली की कार्रवाई की है।

### निगम अमले ने जब्त किया आधा ट्रक सामान

निगम अमले ने सोमवार को शहर में सड़कों पर अतिक्रमण के मामले में आधा ट्रक सामान जब्त किया है। यह कार्रवाई कोलार तिराहा, मैनिट चौराहा, नेहरू नगर चौराहा, भदभदा रोड, शाहपुरा, 1100 क्वार्टर, लिंक रोड नं0-1,2,3, 7 नंबर स्टॉप, एमपी नगर, प्रभात चौराहा और अशोका गार्डन में कार्रवाई करते हुए सामान जब्त किया है।

## निगम करेगा 31 के खिलाफ तालाबंदी की कार्रवाई

# फायर सेफ्टीः शहर में 61 कोचिंग सेंटरों को दिए थे नोटिस, 30 संचालकों ने ही दिए शपथ-पत्र

लखनऊ में हुए अग्निकांड के बाद निगम ने जारी किए थे नोटिस

अभियान के लिए निगम ने जारी किए अधिकारियों और अमले को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के कोचिंग सेंटरों पर निगम अब सख्त कार्रवाई कर सकता है। बीते दिनों कोचिंग संचालकों और भवन स्वामियों के बीच बैठक में शपथ पत्र देने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन 61 में से सिर्फ 30 संचालकों ने शपथ पत्र दिया। ऐसे में निगम प्रशासन 31 कोचिंग सेंटरों पर तालाबंदी की कार्रवाई कर सकता है।

निगम प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले कोचिंग सेंटरों में तालाबंदी के साथ सामान जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। लखनऊ में हुए अग्निकांड के बाद नगर निगम ने कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी कर अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद निगम प्रशासन ने अल्टीमेटम जारी करते हुए संचालकों से 200 रुपए के स्टाम्प पेपर पर 30 दिन के भीतर सुरक्षा मानकों का पालन करने का शपथ पत्र मांगा था। निगम अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग सेंटरों में तालाबंदी, सामान जब्ती और आवश्यकतानुसार अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान के लिए संबंधित अधिकारियों और अमले को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निगम ने रेस एकेडमी, फिजिक्स वाला, सबधानी, तिरुपति आईएएस, यूनिक आईएएस सहित 40 से अधिक प्रमुख कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी किए थे। जांच के दौरान सुरक्षा मानकों में कमी मिलने पर स्मार्ट सिटी की अटल बिल्डिंग को भी नोटिस दिया गया था।



प्रतीकात्मक चित्र

## भोपाल मेट्रो में 'सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स' के हैं ये हाल

# 97 दिन में सिर्फ तीन आयोजन से 43 हजार कमाए, यात्रियों से हर माह 3 लाख का राजस्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मेट्रो प्रशासन ने नॉन-फेयर रेवेन्यू (किराए के अलावा होने वाली आय) बढ़ाने के लिए सेलीब्रेशन ऑन व्हील्स योजना शुरू तो की, लेकिन उससे ज्यादा रेवेन्यू तो यात्रियों की कमी के बावजूद किराए के रूप में मिल रहा है। बीते 97 दिनों में उक्त योजना के तहत केवल तीन ही आयोजन हुए। इससे मेट्रो प्रशासन को करीब 43 हजार रुपए की आय हुई, जबकि मेट्रो में हर माह औसत दस हजार यात्री यात्रा कर रहे हैं। इससे मेट्रो को अनुमानित हर माह तीन लाख रुपए रेवेन्यू मिल रहा है।

मेट्रो प्रशासन ने अतिरिक्त आय के लिए 'सेलीब्रेशन ऑन व्हील्स' की शुरुआत की है, जिसके तहत चलती मेट्रो में जन्मदिन, प्री-वेडिंग, पारिवारिक समारोह और अन्य छोटे आयोजन करने की सुविधा दी जाती है। संचालन शुरू होने के 97 दिनों में इस योजना के तहत केवल तीन कार्यक्रम आयोजित हुए।

दूसरी ओर नियमित यात्रियों की संख्या भी मेट्रो की क्षमता के अनुरूप नहीं बढ़ रही है। तीन माह के संचालन के दौरान यात्री संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि तो हुई है, लेकिन यह लक्ष्य से काफी कम बताई जा रही है। इसका कारण वर्तमान में मेट्रो का सीमित कॉरिडोर, अंतिम गंतव्य तक कनेक्टिविटी की कमी और सार्वजनिक परिवहन के साथ बेहतर समन्वय नहीं होने के कारण लोग अभी भी निजी वाहनों या अन्य साधनों को प्राथमिकता दे रहे हैं।



भोपाल मेट्रो का फाइल फोटो

### इंक्वायरी ज्यादा बुकिंग कम

सेलीब्रेशन ऑन व्हील्स के तहत मेट्रो प्रशासन को लगातार बुकिंग को लेकर लोग इंक्वायरी कर रहे हैं, लेकिन अब तक तीन ही आयोजन हुए हैं। मेट्रो में पहला आयोजन 7 जून को दूसरा 27 जून को और तीसरा आयोजन 4 जुलाईं को हुआ था। मेट्रो प्रशासन को उम्मीद है कि इस तरह की योजनाओं से मेट्रो से आम लोगों को जोडने का प्रयास कर रहे हैं।

## मेरा वार्ड—मेरी बात कार्यक्रम, हरिभूमि की प्रकाशित खबर बनी जनता की आवाज

## बाग फरहत अफजा में सीसी रोड के लिए हुआ टेंडर, 60 दिन में बनेगा ड्रेनेज-सिस्टम भी सुधरेगा

# सीवेज, बिजली और वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के चलते रुका रोड का काम फिर से होगा शुरू, सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईएनएच और हरिभूमि के कार्यक्रम 'मेरा वार्ड–मेरी बात' में वार्ड-41 के रहवासियों द्वारा उठाया गया बाग फरहत अफजा में खराब सड़क का मुद्दा अब धरातल पर उतर गया है। हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर आम लोगों की आवाज बनी।

कार्यक्रम के दौरान एक स्थानीय रहवासी ने हरिभूमि में प्रकाशित उस समाचार की प्रति लहराते हुए जनप्रतिनिधियों के सामने एक वर्ष से खुदी पड़ी सड़क और लोगों की परेशानी का मुद्दा उठाया था। निगम प्रशासन ने इस रोड के निर्माण को न सिर्फ मंजूरी दी बल्कि 60 दिन में सीसी रोड, ड्रेनेज सिस्टम सुधारने की समय-सीमा भी तय की है। इस रोड के बन जाने से एक दर्जन से ज्यादा मोहल्लों और कॉलोनियों के लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। यह आयोजन 6 जुलाई को पुल बोगदा स्थित मन्नत मैरिज हॉल में हुआ था, जिसमें पार्षद डॉ. रेहान सिद्दीकी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और समाजसेवी मौजूद थे।

### लोगों को करना पड़ रहा था भारी परेशानियों का सामना



वार्ड 41 वार्ड के विकास के लिए डेढ़ करोड़ रुपए के प्रस्ताव, रुके काम जल्द होंगे पूरे... मरीजों के लिए संजीवनी क्लीनिक भी बनेगा

नगर निगम ने जमजम दूध डेयरी से मदरसा बाग फरहत अफजा तक सीसी रोड और ड्रेनेज निर्माण का टेंडर जारी कर दिया है। इस सड़क पर कब्रिस्तान, बड़ी मस्जिद और मकबरा मस्जिद जाने वाले हजारों लोगों की आवाजाही होती है। लंबे समय से सड़क खराब होने और बारिश में जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### बिजली, सीवेज के कामों के कारण रुका था काम

पार्षद डॉ. रेहान सिद्दीकी ने बताया कि रोड का काम सीवेज नेटवर्क सिस्टम, बिजली की लाइनें, नाली आदि के निर्माण के कारण रुका था। वार्ड में कई विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी हो गए हैं। नगर निगम के 2026-27 के बजट में विकास के लिए किए गए प्रावधान का लाभ क्षेत्र को मिल रहा है।

## विभाग ने नोटिस से मांगा था जवाब

# डेढ़ करोड़ रुपए का हिसाब गायब, बाबू जॉयसन सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबे समय से पदस्थ सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी सी जे जॉयसन को स्कूल शिक्षा विभाग ने सस्पेंड कर दिया है। नोटिस जारी होने के बाद भी विभाग की करीब 1,55,43,356 रुपए का हिसाब नहीं देने और जवाब नहीं मिलने के चलते यह कार्यवाही संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल संभाग द्वारा की गई है। जॉयसन को पूर्व में 8 जून को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। विभाग के अनुसार उनका उत्तर तय समय सीमा के बाद प्राप्त हुआ तथा उसे समाधानकारक नहीं पाया गया। आदेश में उल्लेख है कि लगभग 1,55,43,356 रुपए की शासकीय राशि से संबंधित देयकों, वाउचरों, अभिलेखों के संबंध में अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता परिलक्षित होने के कारण मप्र सिविल सेवा 1966 के नियम-9 के अंतर्गत निलंबन एवं विभागीय जांच की कार्रवाई की गई है।

## खबर संक्षेप



### सीमा चौहान बनीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष

**तामोट।** सीमा चौहान को महिला मोर्चा रायसेन जिले अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा का आभार व्यक्त किया है। सीमा चौहान, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, औबेदुल्लागंज मंडल की मंत्री राधा कुशवाहा और तामोट से स्व सहायता समूह की सदस्या प्रीति विश्वकर्मा, राकेश तोमर जिला उपाध्यक्ष, त्रिभुवन ठाकुर, बाबूलाल चौहान, रामकिशोर चौहान, भरकच मंडल अध्यक्ष, संजय सिंह चौहान पूर्व जिला मंत्री, रायसेन महिला मंडल अध्यक्ष हेमलता रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

### जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में 44 टेंडर वोट डाले

**भोपाल।** जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव के लिए सोमवार को मतदाताओं ने 44 टेंडर वोट डाले। इसमें गंभीर रूप से बीमार 7 अधिवक्ताओं के घर पर जाकर चुनाव अधिकारियों एपीएस परिहार, हाशिम अली, यश विद्यार्थी, कैलाश मालवीय, दीपेश श्रीवास्तव, नीतू शर्मा और सरिता राजानी विजय बहादुर तोमर अर्पित सक्सेना ने टेंडर वोटिंग कराई, वहीं 37 अधिवक्ताओं ने जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में टेंडर वोट डाले। टेंडर वोटिंग मंगलवार को भी प्रातः11 बजे से शाम 4 बजे तक जारी रहेगी। टेंडर वोटिंग करने आए मतदाताओं से प्रत्याशियों अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जगदीश सिंह परमार, उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी सिद्धार्थ त्रिलोक त्यागी, अमित दुबे, सचिव पद के प्रत्याशी शुभम मीना बब्लू और मुकेश नागपुरे समेत अन्य प्रत्याशियों ने संपर्क कर वोट देने की अपील की।

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने फांसी लगा कर दी जान

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित नवीन छावनी पठार इलाके में 74 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार हरचांदी नरवरिया (74) नवीन छावनी पठार बिलखिरिया में रहते थे। उनके बेटे सीताराम नरवरिया ने पुलिस को बताया कि परिवार में सभी सदस्य मजदूरी करते हैं। रविवार को घर के पास काम मिलने के कारण सभी लोग काम पर गए थे। पिता घर पर अकेले थे। दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास सीताराम खाना खाने घर पहुंचा। इस दौरान उसने पिता को फांसी के फंदे पर लटके देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजन से पूछताछ में पता चला कि हरचंदी नरवरिया बीपी, शुगर सहित बवासीर की बीमारी से परेशान थे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1649 | | |
| दिन: | 124 | 74 | 220 |
| रात: | 579 | 16 | 457 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 457 | 67 | 368 |
| रात: | 255 | 29 | 126 |

## अभी केवल पूर्वी मप्र में ही पड़ेंगी बौछारें

# तीन दिन और सताएगी उमस, मध्यम बारिश से बढ़ा भूजल स्तर

### भोपाल में अब तक हो चुकी है सामान्य से 111 मिमी अधिक बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में जून से जुलाई के पहले सप्ताह तक कहीं तेज तो कहीं मध्यम बारिश का दौर रहा। भोपाल में अब तक सामान्य से 111 मिमी अधिक बारिश हो चुकी है। कुल बारिश 400 मिमी तक हुई है। इससे यहां भूजल स्तर में काफी सुधार हुआ है। प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश के आंकड़े भले ही पिछड़े हों, लेकिन भूजल स्तर में मामूली सुधार हुआ है। सोमवार को भी भोपाल सहित प्रदेश के पश्चिमी हिस्से सूखे रहे, जबकि पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में हल्की बौछारें पड़ीं। इससे अधिकांश जिलों में गर्मी और उमस का अहसास रहा।

मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन दिन बारिश में कमी बनी रहेगी। सोमवार को भोपाल में 32 डिग्री तक दर्ज हुआ। यह सामान्य से एक डिग्री तक अधिक है। ग्वालियर में पारा 36 डिग्री के करीब रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी कोई प्रभावी सिस्टम नहीं होने से तीन दिन बारिश में कमी रहेगी। केवल पूर्वी मप्र के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बौछारें पड़ेंगी, जबकि भोपाल सहित पश्चिमी मप्र सूखा रहेगा। 18 जुलाई के बाद मौसम में एक बार फिर बदलाव होगा, जिससे तेज बारिश का क्रम शुरू हो सकता है।



बोट क्लब रोड पर दोपहर 3.50 मिनट का दृश्य।

**कुओं में अब जलस्तर की स्थिति**

बताया गया है कि प्रदेश में मॉनिटर किए गए कुओं में करीब 45 प्रतिशत में एक से डेढ़ मीटर से अधिक की वृद्धि हुई है। प्रदेश के अति-दोहित और जल-संकट वाले क्षेत्रों में अटल भूजल योजना और जल गंगा संवर्धन अभियान जैसे प्रयासों ने भूजल की गिरावट को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा खंडवा जैसे जिलों में कम बारिश होने के बावजूद रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग और चेकडैम जैसे प्रयासों से भूजल स्तर में बढ़त बताई जा रही है। भूजल स्तर में समग्र सुधार के बावजूद, कुछ स्थानों और विशेषकर व्यावसायिक क्षेत्रों में पानी के अत्यधिक दोहन के कारण अभी भी सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई जा रही है।

### प्रदेश के 50 बड़े बांधों में 40 आधे से ज्यादा खाली

**सिंचाई के साथ पेयजल पर भी संकट के संकेत**

मध्य प्रदेश में कमजोर मानसून का असर अब जलाशयों पर साफ दिखाई देने लगा है। जल संसाधन विभाग की 11 जुलाई की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 50 बड़े बांधों में से 40 आधे से अधिक खाली हैं। हालात ऐसे हैं कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो रबी फसलों की सिंचाई के साथ-साथ पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए भी पानी की बचत करनी पड़ सकती है।

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष बड़े बांधों में जलभराव सामान्य से काफी कम है। पिछले वर्ष इसी अवधि तक कई प्रमुख बांधों के गेट 10 से अधिक बार खोले जा चुके थे, जबकि इस बार अब तक केवल मंडला के मटियारी डेम का ही गेट खोला गया है। इससे स्पष्ट है कि जलाशयों में अपेक्षित मात्रा में पानी नहीं पहुंचा है। प्रदेश में इस मानसून के दौरान तेज से हल्की बारिश से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भूजल स्तर में कुछ सुधार हुआ है और करीब 80 फीसदी कुओं में पानी का स्तर बढ़ा है।

जल विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून की रफ्तार जल्द नहीं बढ़ी तो सबसे पहले सिंचाई परियोजनाएं प्रभावित होंगी। इसके बाद शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में भी पानी की आपूर्ति पर असर पड़ेगा और जलभराव से पेयजल और प्रबंधन की आवश्यकता पड़ सकती है। प्रदेश में रबी सीजन की सिंचाई का बड़ा हिस्सा बड़े बांधों पर निर्भर है। ऐसे में जलाशयों में कम जलभराव किसानों की चिंता बढ़ा रहा है।

## पीठ में धंसा कांटेदार चाकू, जान बचाने मौके से भागे व्यापारी

# स्कूटर पर बैठे कपड़ा व्यापारी पर चाकू से जानलेवा हमला, पेट और पीठ पर दो बदमाशों ने किए वार

**हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही बैरागढ़ पुलिस**

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, काले रंग की कैप और काले रंग की टी-शर्ट पहने हुए थे दोनों आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित सेवा सदन में सोमवार सुबह घर के बाहर स्कूटर पर बैठे कपड़ा व्यापारी पर दो बदमाशों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। एक बदमाश ने पेट पर तो दूसरे बदमाश ने पीठ पर चाकू से हमला किया था। पीठ पर किया गया चाकू का वार गहरा था और काटेदार चाकू उनकी पीठ में फंसा रह गया। अचानक हुए हमले के बाद व्यापारी ने चिल्लाते हुए दूर भागकर अपनी जान बचाई। शोर सुनकर परिजन घर से बाहर आ गए और गंभीर रूप से घायल व्यापारी को अस्पताल में भर्ती कराया।



नीरज जनयानी, व्यापारी

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पूरा घटनाक्रम वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही वारदात की सही वजह का पता चल सकेगा।



व्यापारी पर हमला करते बदमाश।

**हमले से अंजान थे व्यापारी**

पुलिस ने बताया कि चाकूबाजी की यह घटना घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। दोनों बदमाश काले रंग की कैप और काले रंग की टी-शर्ट पहने हुए हैं। दोनों का चेहरा खुला है। आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों ने कोई बात या विवाद नहीं किया था। वह हत्या करने के इरादे से आए थे और एकाएक चाकू से हमला कर दिया। प्राथमिक पूछताछ में नीरज ने भी किसी पर संदेह नहीं जताया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि उनके अभी विस्तृत बयान नहीं हो सके हैं। बयान होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पुलिस के अनुसार मकान नंबर-3 नर्सरी के पास सेवा सदन निवासी नीरज जनयानी (44) महिलाओं के कपड़ों का मैचिंग सेंटर चलाते हैं। सोमवार करीब साढ़े 11 बजे वह अपने घर के बाहर स्कूटर पर बैठे थे। इस दौरान अचानक हाथों में चाकू लिए दो बदमाश दौड़ते हुए उनके पास पहुंचे। एक बदमाश ने पेट पर की तरफ तो दूसरे ने पीठ पर चाकू से वार कर दिया। पीठ में हुए चाकू से हमला के बाद चाकू उनकी पीठ में फंसा रह गया। हमला अचानक होने से मनोज जनयानी कुछ समझ नहीं पाए। वह जान बचाकर स्कूटर से उठकर कुछ दूर भागे। शोर सुनकर परिजन घर से बाहर आए। तब तक दोनों आरोपी मौके से भाग निकले थे।

### खड़े लोडिंग ऑटो से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

**भोपाल।** सुभाष नगर रेलवे फाटक के पास रविवार शाम तेज रफ्तार बाइक खड़े लोडिंग ऑटो में टकरा गई। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे युवक की इलाज के दौरान रात करीब बारह बजे के आसपास मौत हो गई। पुलिस ने लोडिंग ऑटो जब्त कर लिया है। दोनों ही मृतक रायसेन के रहने वाले थे और यहां राजीव नगर में रहकर मजदूरी करते थे। पुलिस के अनुसार रघुराज ठाकुर पिता पदम सिंह ठाकुर (21) गैरतगंज रायसेन का रहने वाला था और मजदूरी करता था। इन दिनों वह भोपाल में राजीव नगर सेमरा में रह रहा था। रविवार शाम वह अपने साथी अभिषेक (23) निवासी गैरतगंज के साथ एमपी नगर से सुभाष नगर फाटक होते हुए अशोका गार्डन की तरफ जा रहे थे। बाइक रघुराज चला रहा था। शाम करीब पांच बजे के आसपास सुभाष नगर ओवर ब्रिज के नीचे पहुंचते ही सड़क पर खड़े लोडिंग ऑटो में उनकी बाइक पीछे से जा घुसी। हादसे के समय बाइक रफ्तार में थी और रघुराज सहित अभिषेक का सिर लोडिंग ऑटो में पीछे टकराया था। इस हादसे में रघुराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल अभिषेक को एंबुलेंस से जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया था। वहां हालत नाजुक देखते हुए अभिषेक को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान रात करीब बारह बजे अभिषेक की मौत हो गई।

**मामा के साथ रहता था अभिषेक**

अभिषेक की मां का बचपन में ही निधन हो गया था। मां का निधन होने के बाद मामा ने उसकी परवरिश की थी। वह मामा के साथ गैरतगंज में रहता था। करीब आठ दिन पहले ही भोपाल आया था। भोपाल में अपने साथी रघुराज के साथ राजीव नगर में रह रहा था और मजदूरी कर रहा था।

## स्कूटर रेलवे ट्रैक के पास खड़ी कर ट्रेन से कटकर अधेड़ ने दी जान

### पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजन को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कल्याणपुर ब्रिज से एक किलोमीटर की दूरी पर सूखीसेवनिया की ओर एक व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। वह रचना नगर स्थित अपने घर से स्कूटर लेकर निकले थे।

स्कूटर रेलवे ट्रैक के पास खड़ी करने के बाद थ्रू ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। परिजन उनका मनौचिकित्सक डॉक्टर टंडन के पास इलाज भी करा रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली थी कि निशातपुरा से सूखीसेवनिया के बीच कल्याणपुर रेलवे ब्रिज से एक किलोमीटर की दूरी पर सूखीसेवनिया की ओर रेलवे ट्रैक पर किसी व्यक्ति की लाश पड़ी है।

इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त योगेश कनौजिया पिता डीपी कनौजिया (55) रचना नगर, गोविंदपुरा के रूप में की गई। परिजन ने बताया कि योगेश पहले प्राइवेट काम करते थे, लेकिन जब से दिमागी संतुलन बिगड़ा वह घर पर ही रह रहे थे।

### पत्नी से कहासुनी, पति ने ट्रेन से कटकर दी जान


छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर रेलवे ट्रैक से सोमवार सुबह पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। युवक रात करीब 12 बजे घर से गुस्सा होकर निकला था। वह पत्नी को कहकर गया था कि रेलवे ट्रैक की तरफ जा रहा हूं। इसके बाद से ही उसने पत्नी का कॉल रिसीव नहीं किया। सुबह पत्नी और परिजन उसकी तलाश करते हुए भानपुर रेलवे ट्रैक तक पहुंच गए। इस दौरान पता चला कि उसने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि पत्नी से कहासुनी के बाद उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार गोलू रैकवार पिता गणेशराम रैकवार (25) खेजड़ा बरामद, छोला मंदिर में रहता था और मजदूरी करता था। रविवार रात करीब 12 बजे वह पत्नी से यह कहकर निकला था कि रेलवे ट्रैक की तरफ जा रहा हूं। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। पत्नी ने उसे कॉल किया, लेकिन उसका कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। पत्नी ने गोलू के परिवार में घटना की जानकारी दी। इसके बाद वह घर पहुंचे और रात में ही गोलू की तरफ शुरू कर दी। परिजन उसकी तलाश करते करते भानपुर रेलवे ट्रैक तक पहुंच गए थे। इस दौरान वहां भीड़ लगी हुई देखी। परिजन ने पास जाकर देखा तो लाश गोलू की थी। इधर सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी पहुंच गई थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि गोलू की पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। पत्नी के बयान होने के बाद ही पता चल सकेगा कि गोलू ने आत्महत्या क्यों की है।

## कठोर तपस्या का पर्व भगवान झूलेलाल चलीहा 16 से होगा शुरू, कई धार्मिक आयोजन होंगे

### श्रद्धालु रखेंगे 40 दिन का उपवास, आरती और पल्लव भी होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

40 दिवसीय कठोर तपस्या का पर्व भगवान झूलेलाल चालीहा साहिब का शुभारंभ 16 जुलाई गुरुवार से होगा। श्रद्धालु 40 दिन का उपवास रखेंगे। झूलेलाल चालीहा साहिब मंदिर समिति द्वार बी न्यू दस में 16 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक भगवानदास सबनानी करेंगे। कार्यक्रम आयोजक और पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष शेरू रिझवानी ने बताया कि कार्यक्रम में कई धार्मिक आयोजन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी करेंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पंचायत अध्यक्ष



माधू चंदवानी, कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैया ईसरानी व पार्षद अशोक मारन उपस्थित रहेंगे।

समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी ने बताया कि 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें सिंधी मेला एवं लोक संगीत भी होगा। इस अवसर पर साईं सुल्तानपुर वाले संत लख्मी गिरी साहिब एवं साईं बंटी गिरी साहिब इस महोत्सव में विशेष रूप से उपस्थित होंगे। हरचंदानी ने बताया कि 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे एवं आरती व पल्लव दोपहर 2 बजे होगा। झूलेलाल मंदिर एच वार्ड संत हिरदाराम नगर में निरंतर 40 दिन तक चलता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, विधायक दक्षिण-पश्चिम, अध्यक्षता राजेश हिंगोरानी, एमआईसी सदस्य, विशिष्टतम अतिथि माधू चांदवानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत, विशेष अतिथि चंदू इसरानी, अध्यक्ष सिंधु समाज, अशोक मारण कांग्रेस पार्षद वार्ड 5, दिनेश वाधवानी, अध्यक्ष झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट, राज मनवानी सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

## नगर में आवारा सांडों का आतंक, रहवासी परेशान

**औबेदुल्लागंज।** नगर पंचायत के वार्ड 2 और 13 में आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि सांडों के कारण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। ये आए दिन लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं। इतना ही नहीं, सड़क किनारे खड़े वाहनों को भी क्षतिग्रस्त करते हैं।



ये आवारा पशु बाजार तथा मुख्य मार्गों पर डेरा जमाए रहते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा भी रहता है। व्यापार महासंघ के संरक्षक अशोक सेठी, परब शांति कंपलेक्स के बंटी जोशी, कमलेश मेघानी, दिनेश डांडगे, सुदामा तिवारी, विकास श्रीवास्तव, दिलीप मित्तल, कुंवर सिंह नागर, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, राकेश अग्रवाल आदि बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर पंचायत ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

## सड़क पर बह रहे गंदे पानी से दोपहिया वाहन चालक हो रहे हादसे का शिकार

### तामोट की सफाई व्यवस्था बदहाल, रहवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

नगर की बदहाल सफाई व्यवस्था से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मुख्य सड़क पर पिछले 12 महीनों से गंदा पानी लगातार बह रहा है, जिससे सड़क पर काई जम गई है। इसके कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य बाजार की नालियों में कचरा भरा हुआ है, जिससे पानी की निकासी नहीं होती। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्वच्छता अभियान के लिए लाखों रुपए की राशि मिलने के बावजूद सफाई व्यवस्था बदहाल है।

भाजपा नेता बाबूलाल चौहान, अंत्योदय समिति के सदस्य रामकिशोर चौहान तथा संजीव चौहान सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि पंचायत क्षेत्र की अव्यवस्था पर



जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ निखिलेश कटारे ने फोन पर बताया कि तामोट ग्राम पंचायत की कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं, मैं स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण करूंगा। जिला जनपद सदस्य चंदा चौहान ने बताया कि तामोट को सुंदर स्वच्छ बनाना पंचायत का दायित्व है। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने बताया कि मुख्य सड़क पर फैले गंदा पानी से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ रहा है।

## हर गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता: खत्री

# विधायक निधि से 33 पानी के टैंकरों की सौगात, ग्रामीणों को मिलेगी पेयजल संकट से राहत, सुचारू होगी व्यावस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री ने विधायक निधि से 33 पानी के टैंकरों का वितरण किया। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को टैंकर सौंपे। इन टैंकरों के माध्यम से गर्मी एवं जल संकट के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुचारु रूप से की जा सकेगी, जिससे हजारों ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी विधायक निधि से दो चरणों में टैंकरों का वितरण किया जा चुका है और अब तीसरे चरण में नई ग्राम पंचायतों को यह सुविधा प्रदान की गई है। इस अवसर पर विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेयजल जैसी आवश्यक सुविधा किसी भी गांव में बाधित न हो, इसके लिए विधायक निधि का उपयोग जनहित के कार्यों में किया जा रहा है। भविष्य में भी क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।




ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को टैंकर का वितरण करते विधायक खत्री व अन्य।

**प्रतिनिधियों ने विधायक का माना आभार**

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने विधायक निधि से उपलब्ध कराए गए टैंकरों के लिए विधायक विष्णु खत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से निपटने में काफी सहायता मिलेगी।

# पुलिस ने दो दिन में 1.32 करोड़ रुपए की ड्रग्स, वाहन और अन्य सामग्री जब्त की

**'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान से पहले एमपी पुलिस का बड़ा एक्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

15 जुलाई से शुरू किए जाने वाले 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान से पहले मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पिछले दो दिनों में विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करीब 1 करोड़ 32 लाख रुपए मूल्य के मादक पदार्थ, वाहन और अन्य सामग्री जब्त की है।

नीमच में थाना सिंगोली पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 72.64 लाख रुपए का 450.8 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद कर राजस्थान निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार कर पिकअप वाहन और अन्य सामग्री जब्त की गई। वहीं नीमच सिटी थाना पुलिस ने ट्रेवल्स बस से 105 किलोग्राम डोडाचूरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर 15.75 लाख रुपए का मादक पदार्थ जब्त किया। दोनों मामलों में कुल 88.39 लाख रुपए की जब्ती हुई।

### रतलाम के जावरा से 200 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद

रतलाम के जावरा औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने बिना नंबर की महिंद्रा थार से 200 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया, जिसकी कीमत वाहन सहित करीब 25 लाख रुपए आंकी गई। वहीं माणकचौक थाना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से 11 ग्राम एमडीएमए जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 1.10 लाख रुपए है।

### इंदौर के तीन तस्कर गिरफ्तार 47.78 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त

इंदौर के कनाड़िया थाना पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर 47.78 ग्राम एमडी ड्रग्स और तस्करी में प्रयुक्त कार सहित करीब 15.70 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की। इसके अलावा मंदसौर में 65 किलोग्राम डोडाचूरा और कटनी में 10 किलोग्राम गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं।

# सीएम करेंगे भारत टैक्स 2026 में निवेशकों से संवाद, मध्यप्रदेश के टैक्सटाइल क्षेत्र को मिलेगी वैश्विक मंच पर अनोखी पहचान

- उद्योग बैठकें, एमओयू और निवेश संवाद पर रहेगा विशेष फोकस
- नई दिल्ली में 14 से 17 जुलाई तक होगा भारत टैक्स-2026

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 से 17 जुलाई तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टैक्स-2026 में देश-विदेश के प्रमुख टेक्सटाइल निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और वैश्विक ब्रांडों से संवाद कर मप्र में निवेश के नए अवसरों को गति देंगे। एकल उद्योग बैठकों, राउंड टेबल चर्चा, समझौता ज्ञापनों और निवेशक संवाद के माध्यम से राज्य में टेक्सटाइल, गारमेंट एवं फुटवियर क्षेत्र में नया निवेश आकर्षित करने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ.


भारत मंडपम, नई दिल्ली

यादव की देश-विदेश की प्रमुख टेक्सटाइल एवं गारमेंट कंपनियों के साथ प्रस्तावित एकल बैठकों में नए निवेश, उत्पादन क्षमता विस्तार, निर्यात वृद्धि, रोजगार सृजन तथा तकनीकी सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। इस अवसर पर केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह भी उपस्थित रहेंगे। भारत टेक्ट-2026 में मप्र का विशेष पेवेलियन राज्य की उद्योग हितैषी नीतियों, आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, कौशल विकास, पीएम मित्र पार्क तथा टेक्सटाइल क्षेत्र की संपूर्ण औद्योगिक श्रृंखला को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेगा। भारत टेक्स-2026 में विशेष राउंड टेबल बैठक भी मप्र के लिए महत्वपूर्ण रहेगी, जिसमें टेक्सटाइल एवं गारमेंट उद्योग से जुड़े 100 से अधिक उद्योगपति, निवेशक और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

### निवेश को नई गति देने की दिशा में आगे की रणनीति तैयार

बैठक में निर्यात संवर्धन, वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता, सतत विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, कौशल विकास और निवेश से जुड़े विषयों पर उद्योग जगत के सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। इन सुझावों के आधार पर राज्य में टेक्सटाइल उद्योग के विस्तार और निवेश को नई गति देने की दिशा में आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री निवेशकों के समक्ष मप्र की उन विशेषताओं को भी रेखांकित करेंगे। राज्य में कपास उत्पादन से लेकर स्पिनिंग, वीविंग, निटिंग, डाइंग, फिनिशिंग और गारमेंट निर्माण तक संपूर्ण टेक्सटाइल वैल्यू चेन उपलब्ध है।

---

राजधानी के रवींद्र भवन में होगा आयोजन

# आज से शुरू होगा 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' राज्यव्यापी जनजागरुकता अभियान का शुभारंभ 14 जुलाई को भोपाल के रवीन्द्र भवन में किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। मध्यप्रदेश पुलिस के इस अभियान में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग की सक्रिय भागीदारी रहेगी। संयुक्त प्रयासों से अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने की तैयारी की गई है।

### 15 से 30 जुलाई तक चलेगा अभियान

राज्यव्यापी अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा। इसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा जनभागीदारी के माध्यम से नशामुक्त मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस, प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जागरूकता रैलियां, संगोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, स्कूल-कॉलेजों में संवाद, जनचौपाल, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं और सोशल मीडिया अभियान आयोजित किए जाएंगे। उद्घाटन समारोह में प्रदेश सरकार के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं और युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के नागरिकों की भागीदारी रहेगी।

---

# 20 नई औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी आधारित इकाइयों का लोकार्पण

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 8 कंपनियों को प्रदान किए भूमि आवंटन के आशय-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेश और औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कॉनक्लेव में 8 कंपनियों को भूमि आवंटन के आशय-पत्र प्रदान किए। इन परियोजनाओं में 203.58 करोड़ रुपए का निवेश होगा। 1242 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इन आवंटनों से इंदौर के सिंहासा आईटी पार्क और भोपाल के बड़वई आईटी पार्क में आईटी, आईटीईएस, ईएसडीएम, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, आईटी अवसंरचना और स्टार्ट-अप इको सिस्टम को सुदृढ़ आधार मिलेगा और प्रदेश में तकनीकी निवेश एवं औद्योगिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। म

मुख्यमंत्री सोमवार को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई गति प्रदान करते हुए 20 नई औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी आधारित इकाइयों का लोकार्पण किया। इन इकाइयों में 178.70 करोड़ रुपए का निवेश होगा और 1229 नए रोजगार सृजित होंगे। ये इकाइयां मुख्य रूप से इंदौर, भोपाल और जबलपुर के आईटी पार्कों में स्थापित की गई हैं। इनमें आईटी/आईटीईएस, ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग) और नवाचार आधारित उद्योग शामिल हैं।


मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गूगल प्ले एवं एमपीएसईडीसी के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान हुआ।

### टेक ग्रोथ कॉनक्लेव निवेशोन्मुखी नीति का महत्वपूर्ण हिस्साः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 राज्य सरकार की निवेशोन्मुखी नीति के तहत आयोजित कॉन्क्लेव श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसकी शुरुआत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने देश एवं विदेश में आयोजित विभिन्न इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में सहभागिता कर मप्र को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित किया। वर्ष 2025 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है। डिजिटल एवं टेक्नोलॉजी सेक्टर में अब तक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर आ चुका है।

### सरकार और उद्योग के बीच संवाद का सशक्त मंच बना कॉन्क्लेवः सेल्वेंद्रन

प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एम. सेल्वेंद्रन ने कहा कि टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं डेटा सेक्टर के उद्यमियों और सरकार के बीच संवाद स्थापित करने का प्रभावी मंच है। राज्य सरकार ने आईटी उद्योग की आवश्यकताओं और वैश्विक मांग के अनुरूप उद्योग-अनुकूल नीतियां तैयार की हैं और समय-समय पर उनमें आवश्यक संशोधन भी किए हैं। उन्होंने कहा कि इन नीतिगत प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में आईटी क्षेत्र में निवेश लगातार बढ़ रहा है। तकनीकी विकास को नई दिशा मिल रही है। प्रमुख सचिव सेल्वेंद्रन ने देश-विदेश से आए उद्योगपतियों, निवेशकों और तकनीकी सहयोगियों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया।

### गूगल प्ले के साथ हुआ महत्वपूर्ण एमओयू

कॉन्क्लेव में गूगल प्ले के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटल क्षमता विकास के क्षेत्र में सहयोग संबंधी महत्वपूर्ण एमओयू किया गया। इस साझेदारी से प्रदेश में उभरती प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा मिलेगा और डिजिटल नवाचार एवं कौशल विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सीसीआईपी ने भोपाल में एमराल्ड कंपनी की 422 करोड़ रुपए की पीसीबी (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड) मैन्युफैक्चरिंग परियोजना को स्वीकृति दी है। इस परियोजना से 314 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### सेमीकंडक्टर यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव है एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव

पारस सेमीकंडक्टर्स के सीईओ संतोष कुमार ने कहा कि पारस सेमीकंडक्टर्स की ओर से मप्र में भारत की पहली अत्याधुनिक एडवांस्ड हेटेरोजीनियस पैकेजिंग ओसेट (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) इकाई की स्थापना के लिए लगभग 6,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। कुमार ने कहा कि यह परियोजना प्रदेश में सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन को सुदृढ़ करने के साथ मप्र को सेमीकंडक्टर विनिर्माण एवं नवाचार के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का हिस्सा होना गर्व की बातः रेड्डी

सीटीआरएलएस के रणनीति प्रमुख सिद्धार्थ रेड्डी ने कहा कि मप्र की तीनों टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का हिस्सा बनना उनके लिए सुखद अनुभव रहा है। मप्र सरकार ने आईटी उद्योग की आवश्यकताओं और निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से नीतिगत पहल की है। पहली टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में डेटा सेंटर, दूसरी में सेमीकंडक्टर नीति और तीसरी कॉन्क्लेव में जीसीसी, डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर पर विशेष फोकस किया गया है।

### सीएम राज्य को तकनीक एवं नवाचार में दिला रहे पहचान

एस्टेरा लैब्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (आईटी) एवं प्रबंध निदेशक शिवानंद आर. कोटेश्वर ने कहा कि मप्र का तकनीकी विजन राज्य को तकनीक एवं नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिला रहा है। कॉन्क्लेव में सेमीकंडक्टर, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, एआई, कौशल विकास तथा डिजिटल अवसंरचना जैसे विषयों पर उच्चस्तरीय राउंडटेबल मीटिंग्स, उद्योग विशेषज्ञों के की-नोट सत्र, निवेशक सम्मेलन और नीति संवाद आयोजित किए गए।

---

आज शाम सीएम करेंगे लोकार्पण

# भोपाल को मिली अत्याधुनिक 'अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा' की सौगात

- केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी रहेंगे मौजूद
- विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आंचलिक विज्ञान केन्द्र में तैयार की गई अत्याधुनिक 'अंतरिक्ष अन्वेषण दीर्घा' का लोकार्पण मंगलवार शाम 5:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, जिला प्रशासन, वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। यह दीर्घा विज्ञान को आसान और रोचक तरीके से लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बनाई गई है। इसका विकास नेहरू साइंस सेंटर, मुंबई के तकनीकी मार्गदर्शन और जिला



प्रशासन भोपाल के सहयोग से किया गया है।

दीर्घा में आधुनिक डिजिटल तकनीक और इंटरैक्टिव प्रदर्शों के माध्यम से आगंतुक ब्रह्मांड, अंतरिक्ष विज्ञान और भारत के अंतरिक्ष मिशनों की जानकारी अनुभव के साथ प्राप्त कर सकेंगे। यहां भारतीय ज्ञान परंपरा, आर्यभट्ट, चंद्रयान-1, मंगलयान, चंद्रयान-3 और गगनयान जैसे मिशनों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

इसके अलावा आगंतुक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का अनुभव, स्पेस वॉक, स्पेस फ्लाइट सिम्युलेटर, चंद्रमा और मंगल ग्रह की त्रि-आयामी सतह, रॉकेट विज्ञान और कक्षीय यांत्रिकी जैसी गतिविधियों का भी अनुभव कर सकेंगे। यह दीर्घा विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों और विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी।

---

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को राहत

# राज्य स्तरीय समिति ने जाति प्रमाण-पत्र को वैध माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी को कथित फर्जी जाति प्रमाण-पत्र मामले में राहत मिली है। अनुसूचित जाति मामलों की राज्य स्तरीय छानबीन समिति ने उनके जाति प्रमाण-पत्र को वैध माना है। समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसके मंगलवार तक सार्वजनिक होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार, 6 जुलाई को हुई सुनवाई में प्रतिमा बागरी और शिकायतकर्ता प्रदीप अहिरवार ने समिति के समक्ष अपना-अपना पक्ष रखा था। दोनों पक्षों ने दस्तावेज और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनके परीक्षण के बाद समिति ने रिपोर्ट तैयार की। सूत्रों के मुताबिक, सुनवाई के दौरान प्रतिमा बागरी ने अपने परिवार से जुड़े करीब 110 वर्ष पुराने भूमि अभिलेख, न्यायालयीन दस्तावेज और अन्य रिकॉर्ड पेश किए। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर समिति ने उनके परिवार का मध्य प्रदेश में वर्ष 1950 से पहले का निवास तथा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंध स्थापित माना।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 1976 में राज्य सरकार ने व्यवस्था की थी कि बागरी समुदाय के केवल वे परिवार, जो वर्ष 1950 से पहले मध्य प्रदेश के निवासी रहे हों और जिनके पास पुराने भूमि अभिलेख उपलब्ध हों, उन्हें ही अनुसूचित जाति वर्ग का लाभ


प्रतिमा बागरी

मिलेगा। समिति ने इसी प्रावधान के तहत उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया।

सुनवाई के दौरान प्रतिमा बागरी ने शिकायत को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए कहा कि उनके समुदाय में वैवाहिक संबंध बागरी समाज के भीतर ही होते हैं और उनका राजपूत समाज से रोटी-बेटी का संबंध नहीं है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बागरी समुदाय से जुगल किशोर बागरी, काशी बागरी, शिवदयाल बागरी और महेंद्र बागरी पूर्व में आरक्षित सीटों से विधायक रह चुके हैं।

वहीं शिकायतकर्ता एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने जांच में निष्पक्षता की मांग करते हुए कहा कि यदि अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों से समझौता हुआ तो कांग्रेस कानूनी और लोकतांत्रिक स्तर पर संघर्ष करेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक ले जाएगी।

---

कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

# कृषक कल्याण वर्ष सिर्फ प्रचार, संकट में किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' घोषित किए जाने को किसानों के साथ छलावा बताते हुए गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल और पूर्व प्रवक्ता राहुल राज ने कहा कि प्रदेश का किसान खरीदी संकट, फसल बीमा की गड़बड़ियों, खाद की कमी, बाजार में गिरते दाम, भ्रष्टाचार और बढ़ते कर्ज से जूझ रहा है, जबकि सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है।



शैलेंद्र पटेल ने आरोप लगाया कि बंपर उत्पादन के बावजूद सरकार ने मूंग की खरीदी को सीमित कर दिया है, जिससे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर उपज बेचनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं पर भाजपा द्वारा किए गए 2,700 प्रति क्विंटल के वादे के बजाय केवल 40 रुपए बोनस दिया गया, जबकि धान और सोयाबीन उत्पादकों को भी उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने भावांतर योजना के सीमित पंजीयन, सर्वर समस्याओं और डीएपी-यूरिया की कमी को भी किसानों के लिए बड़ी परेशानी बताया।

राहुल राज ने दावा किया कि कांग्रेस ने विधानसभा के जवाबों ईओडब्ल्यू की एफआईआर और अन्य सरकारी दस्तावेजों के आधार पर 'कृषक कल्याण वर्ष–2026 आरोप पत्र' तैयार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था कमजोर होने से किसानों को नुकसान हुआ और गेहूं-धान खरीदी में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं।

---

# हमारे प्रहारों के कारण कटा रावण स्वरूप नरोत्तम का टिकटः दिग्विजय सिंह

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, ऐसी भाषा स्वीकार्य नहीं
- राजेंद्र भारती ने कहा, भगवान ने न्याय कर दिया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने दतिया में मीडिया से बातचीत में पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि हमे इस बात की खुशी है कि हमारे लगातार


दतिया में दिग्विजय सिंह।

प्रहारों, हमलों और दबाव के कारण भाजपा ने अत्याचारी, अन्यायी, रावण स्वरूप नरोत्तम मिश्रा का टिकट काट दिया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नरोत्तम के लिए ऐसी भाषा बर्दाश्त नहीं की जा सकती। नरोत्तम के टिकट कटने पर पूर्व विधायक राजेंद्र भारती की भी प्रतिक्रिया आई। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान ने न्याय कर दिया। बता दें, नरोत्तम के कारण ही भारती को अपनी विधायकी गवांना पड़ी है।

दिग्विजय सिंह ने भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि नरोत्तम जब विधायकों की खरीद-फरोख्त में लगे थे, तब इनका नाम सहयोगी के तौर पर हिसाब किताब रखने वालों में आया था। इसलिए इनका चरित्र भी पहले से मालूम है कि वे कैसे हैं।

---

सीएम, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम ने दतिया में किया जनसभा को संबोधित

# दतिया का उपचुनाव राजा और रंक के बीच का चुनाव हैः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

दतिया कलेक्टोरेट में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन-पत्र दाखिल करने के बाद सीएम व नेताओं ने सभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया का चुनाव एक सामान्य चुनाव नहीं रह गया है। दतिया का उपचुनाव राजा और रंक के बीच का चुनाव है। कांग्रेस ने राज परिवार से प्रत्याशी मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा से गरीब परिवार के सामान्य कार्यकर्ता आशुतोष तिवारी चुनावी मैदान में हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दतिया में किला चौक पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को दतिया कलेक्ट्रेट पहुंचकर दतिया विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी का नामांकन-पत्र दाखिल कराया। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में दशकों से गायब हैं। इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी और उसका गांधी परिवार जनता को भ्रम में रखने का प्रयास कर रहे हैं।

कांग्रेस विकास की बजाय जनता को जाति-धर्म के नाम पर बांटने का कार्य करती है। कांग्रेस को उनकी जमीन नहीं पता, लेकिन आसमान खरीदने की बात करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि दतिया के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा जीत का नया इतिहास लिखेगी।

### डॉ. मिश्रा के प्रयासों से दतिया विकास का मॉडल बना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दतिया का जो भी विकास हुआ है, वह पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा और भाजपा सरकार की ही देन है। भाजपा डॉ. नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में दतिया का उपचुनाव लड़ रही है और ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। कांग्रेस ने वर्ष 1956 से लेकर सालों-साल मध्यप्रदेश पर राज किया, लेकिन जनता को पिछड़ेपन के अलावा कुछ नहीं दिया।

### दतिया फिर विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगाः हेमंत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि दतिया की पावन भूमि पर उमड़ा जनसैलाब इस बात का स्पष्ट संदेश है कि जनता एक बार फिर विकास, सुशासन और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ मजबूती से खड़ी है। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी एक समर्पित, कर्मठ और संगठननिष्ठ कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने जनसेवा और पार्टी की विचारधारा को अपना जीवन समर्पित किया है।

### मैं दतिया की देवतुल्य जनता का बेटा हंः आशुतोष

भाजपा के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने कहा कि दतिया की देवतुल्य जनता का बेटा हूं। भगवान स्वरूप जनता की सेवा के लिए मुझे भाजपा ने दतिया उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है। आप सभी अपना आशीर्वाद प्रदान कर भाजपा को विजयी बनाएं। जब तक मेरी जान है, दतिया की देवतुल्य जनता की सेवा करता रहूंगा।

**पेज एक का शेष....**

## चलिए , मान ...

कहती है कि भाजपा में फूट है। देख लीजिए, हम सब यहां साथ खड़े हैं। मैं इस उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को जिताने दतिया के एक-एक घर के सामने शीश नवाऊंगा। इतना कहते ही उनका गला भर आया, आवाज भर्रा उठी और आंखों में आंसू छलक आए। इसके बाद वे अपनी सीट पर बैठ गए लेकिन तब भी वे रुआंसे ही नजर आए।

## मुख्यमंत्री ने ...

एक-एक दरवाजे पर जाऊंगा, अपना शीश नवाऊंगा और एक-एक गांव के अंदर जाकर आशुतोष को जिताऊंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का का एक-एक कार्यकर्ता आशुतोष भैया के लिए अपने प्राण झोंक देगा। कोई भी विपक्षी दल या नेता इस भ्रम और मुगालते में न रहे कि चुनाव में हमारा कार्यकर्ता घर बैठेगा। हम सब 16 तारीख से यहीं दतिया में डेरा जमाएंगे और मिलकर इतिहास रचेंगे।

## मुख्यमंत्री की ...

अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा समेत दूसरे पार्टी नेता उनके साथ रहे।

## 'नायक' न ...

कहीं आपका अपमान किया हो तो मैं आपसे माफी चाहता हूं।

## घनश्याम ने ...

के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। नामांकन के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नजर नहीं आए। हालांकि, उन्होंने पूर्व विधायक राजेंद्र भारती के घर जाकर उनसे मुलाकात की।

## नायक ने कहा- ...

लोगों ने मेरे पुतले जलाकर अपमान किया। मेरा टिकट बदल कर राजेंद्र भारती को दे दिया गया। तत्कालीन प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा था कि आप पार्टी को जिताओ। अगली बार आपको टिकट मिलेगा। इस बार भी कांग्रेस ने मुझे टिकट नहीं दिया। नायक ने कहा कि मुझे कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह से कोई दिक्कत नहीं हैं, लेकिन प्रदेश नेतृत्व ने मेरे साथ गलत किया है। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष मेरे छोटे भाई हैं। भाजपा में जाने के सवाल के जवाब में नायक ने कहा कि सारे विकल्प खुले हैं। विचार मंथन चल रहा है।

## 40 हजार करोड़...

कॉन्क्लेव 3.0 जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अवधि में 22 नई औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और 4 नई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में दुनिया को नई दिशा दे रहा है और इस विकास यात्रा में मप्र भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कृषि, खनिज और वनों की पारंपरिक पहचान से आगे बढ़ते हुए प्रदेश आज डिफेंस, ड्रोन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से लेकर फ्यूचर ग्रोइंग सेक्टर तक तेजी से प्रगति कर रहा है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 प्रदेश की इसी विकास यात्रा का पड़ाव है।

## कॉन्क्लेव 3.0....

28 हजार 200 करोड़ रुपए से अधिक की निवेश परियोजनाएं ग्राउंडब्रेकिंग चरण में हैं। इनमें स्पेन की सबमर इंडिया प्रालि ने भोपाल में लगभग 20 हजार करोड़ रुपए (यूएसडी 2 बिलियन डॉलर) के एआई-रेडी डेटा सेंटर की स्थापना, कनाडा की मैक्केन फूड की 3,800 करोड़ रुपए की फूड प्रोसेसिंग इकाई, यूनाइटेड किंगडम की हेलियन (जीएसके) की 3 हजार करोड़ रुपए की फार्मास्यूटिकल्स परियोजना, जापान की टोपान स्पेशियलिटी फिल्म्स की 1,100 करोड़ रुपए की स्पेशियलिटी फिल्म्स इकाई शामिल है।

## सीईओ पैट्रिक ने ...

संबंधी दूरदर्शी सोच का भी परिचायक है। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 में स्पेन के बार्सिलोना में डॉ. यादव के साथ हुई सकारात्मक चर्चाओं और निवेश समझौतों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर और आईटी क्षेत्र में निवेश निरंतर बढ़ रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ...

है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने यूपी सरकार द्वारा गठित एसआईटी को जांच की स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने रिपोर्ट में एसआईटी के गठन की पूरी जानकारी देने और मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने के लिए भी कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई अब अगले सोमवार को होगी। यह मामला वकील नरेंद्र कुमार गोस्वामी, अजय कुमार राय और राजद सांसद सुधाकर सिंह सहित अन्य द्वारा दायर जनहित याचिकाओं के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है।

**राम मंदिर ट्रस्ट में सीईओ पद के लिए वैकेंसी:** इसी बीच, अयोध्या राम मंदिर के प्रबंधन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई है। 3 साल के कार्यकाल वाले इस पद के लिए 50 से 70 वर्ष की आयु के उम्मीदवार 18 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक का हिंदू होना और हिंदी-अंग्रेजी का ज्ञान होना अनिवार्य है।

## हाईकोर्ट का रोक ....

सुनवाई के दौरान एक बड़ा मोड़ तब आया जब एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया ने खुद को इस मामले से अलग कर लिया। दरअसल, वे पूर्व में आरबी राय प्रकरण में एक अधिवक्ता के रूप में अपना पक्ष रख चुके हैं और वर्तमान मामला भी उसी फैसले से जुड़ा हुआ है। ऐसे में किसी भी संभावित हितों के टकराव से बचने के लिए उन्होंने यह नैतिक कदम उठाया। एक्टिंग चीफ जस्टिस अगले एक-दो दिनों में मामले की सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच का गठन कर सकते हैं, जिसके बाद इसी हफ्ते अंतिम बहस शुरू होने की उम्मीद है। इस फैसले पर प्रदेश के लाखों शासकीय सेवकों की निगाहें टिकी हैं, क्योंकि कोर्ट के अंतिम निर्णय से ही उनके प्रमोशन का रास्ता साफ होगा। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित ने पक्ष रखा था और महाधिवक्ता प्रशांत सिंह की मौजूदगी के लिए समय मांगा था, जिसके बाद कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का अवसर दिया था।

## पागल कुत्ते के ...

अचानक छोटे भाई अनुराग पर हमला कर दिया। खतरे को भांपते हुए बड़ा भाई राज बिना डरे कुत्ते से भिड़ गया और भाई के आगे ढाल बनकर खड़ा हो गया। इस दौरान कुत्ते ने राज के गाल, हाथ और पैरों पर बुरी तरह काट लिया। मासूम लहूलुहान होकर दर्द से कराहता रहा, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े, जिसके बाद कुत्ता वहां से भागा। दोनों बच्चों को तुरंत जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है।

## भाजपा ने सीएम ....

मुख्यमंत्री से 7 दिनों के भीतर अपने आरोप वापस लेने और बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने को कहा गया है। दरअसल, उमर अब्दुल्ला ने 11 जुलाई 2026 को श्रीनगर में आरोप लगाया था कि भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी (जो सुप्रीम कोर्ट में वकील भी हैं) ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायकों को पार्टी बदलने के लिए 20 से 30 करोड़ रुपए और मंत्री पद का लालच दिया था।

## ऑटो को तेज....

गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी विवेक तोमर के अनुसार दिल्ली में रह रहा यह मूल निवासी परिवार हाल ही में हुई बेटे की शादी के बाद कुलदेवी और देवताओं की पूजा के लिए मुरैना आया हुआ था। सोमवार सुबह परिवार के 8 लोग ऑटो से उराईपुरा स्थित भूमिया बाबा मंदिर में दर्शन के लिए निकले थे, तभी वे इस हादसे का शिकार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को मुरैना जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महेंद्र राठौर, मनोरमा राठौर और ऑटो चालक रामकेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है।

## पेपर लीक और....

अहिल्या विश्वविद्यालय के पास रवींद्रनाथ टैगोर मार्ग से शुरू होगी। रवाना होने से पहले जीतू पटवारी छात्रों से सीधा संवाद करेंगे। इस अभियान में इंदौर, देवास, सीहोर और भोपाल से 2,000 से अधिक साइकिल सवारों को जोड़ने की योजना है, जिसके लिए स्थानीय फिटनेस क्लबों और साइकिल रेसर्स से भी संपर्क किया गया है। यात्रा के पहले दिन का समापन सीहोर जिले के आष्टा में होगा। इसके बाद 15 जुलाई को कोठरी से यात्रा का दूसरा चरण शुरू होगा, जो भोपाल पहुंचकर समाप्त होगा। यात्रा के दौरान पटवारी विभिन्न स्थानों पर युवाओं से मिलकर उनके मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## वाट्सएप-टेलीग्राम ...

जो उपयोगकर्ताओं के फोन नंबर का खुलासा किए बिना संवाद की अनुमति देता है, पहचान की चोरी, फिशिंग और डिजिटल गिरफ्तारी को आसान बना सकता है। सरकार ने अपने अगले कदम तय करने से पहले इन प्रणालियों में निर्मित सुरक्षा उपायों का विवरण मांगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि केंद्र अलग-अलग सेवाओं को अलग-अलग विनियमित करने के बजाए सभी प्लेटफॉर्मों पर उपयोगकर्ता नाम-आधारित संदेश के लिए सामान्य मानकों की दिशा में काम कर रहा है। मानक और नियम उपयोगकर्ता नाम पर सभी के लिए होंगे। यह संकेत देते हुए कि भविष्य में कोई भी नियामक ढांचा सभी मैसेजिंग सेवाओं पर समान रूप से लागू होगा।

## हमारी बेटियां लड़कों...

गई। पहली पारी में 115 रनों की विशाल बढ़त कायम करने के बाद टीम इंडिया ने दूसरी पारी 341 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। 457 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई इंग्लैंड की हार तीसरे ही दिन लगभग पक्की हो गई थी, क्योंकि उसके 5 विकेट सिर्फ 59 रन पर गिर गए थे। एमी जोन्स और सोफी एक्लेस्टोन ने अर्धशतकीय पारी खेल इंग्लिश टीम की जीत की उम्मीद बांधे रखी, लेकिन अंत में पूरी टीम 186 रन ही बना सकी। टीम इंडिया की पहली पारी 285 रनों पर सिमट गई थी। सबकी उम्मीदों से उलट मेजबान इंग्लैंड की पहली पारी मात्र 170 रनों पर सिमट कर रह गई। टीम इंडिया बड़ी बढ़त लेकर उतरी थी और दूसरी पारी 341 रन पर घोषित की। भारत के लिए इस पूरे मैच में क्रांति गौड़ ने कुल 7 विकेट और स्नेह राणा ने 6 विकेट चटकाए। इस समय भारत की मेंस टीम भी इंग्लैंड दौरे पर है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम इंडिया को टी20 सीरीज में 0-4 से हार मिली थी। मगर, लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए सबसे पहले टेस्ट मैच को 270 रनों से जीतकर भारत की लड़कियों ने मेंस टीम की हार का बदला लिया है।

## क्रांति और यास्तिका...

मैदान पर किसी टेस्ट मैच में फाइफर लेने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी थीं। 115 रनों की बढ़त ले चुकी टीम इंडिया के लिए दूसरी पारी में यास्तिका भाटिया ने 113 रनों की शतकीय पारी खेली। यह उनके इंटरनेशनल करियर का पहला शतक और लॉर्ड्स मैदान पर महिला टेस्ट मैच में लगाई गई सबसे पहली सेंचुरी भी रही।

## लॉर्ड्स के ऑनर ...

खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए एक पारी में 5 विकेट चटकाए हैं। इस बेमिसाल प्रदर्शन की बदौलत अब लॉर्ड्स के प्रतिष्ठित 'ऑनर बोर्ड' पर क्रांति का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। उनकी इस वैश्विक कामयाबी से स्थानीय लोगों, उनके परिवार और कोच में खुशी की लहर है। भाई मयंक सिंह ने कहा कि यह पल सिर्फ हमारे परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। मुझे बेहद गर्व है कि मेरी बहन दुनिया के सबसे बड़े मंच पर देश का नाम रोशन कर रही है। कोच राजीव विल्थरे ने खुशी जताते हुए कहा कि हर खिलाड़ी और कोच का सपना होता है कि वह लॉर्ड्स के मैदान पर खेले और परफॉर्म करे। मेरा यह सपना क्रांति ने पूरा कर दिया।


**मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम**
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
न्यू ब्रायलर भवन, मेन रोड नं.-3, कोटरा सुल्तानाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष : 0755-2776086 (कार्यालय), mplpdcbpl@rediffmail.com

**अल्पकालीन ई-निविदा (प्रथम आमंत्रण)**

निगम के अधीन संचालित संस्थानों हेतु वर्ष 2026-27 में साइलेज, हरा चारा एवं मक्का बीज क्रय हेतु ऑनलाइन निविदा (निविदा आईडी 2026_MLPDC_514729_1) आमंत्रित की जाती है।
निविदायें दिनांक 14.07.2026 से क्रय कर दिनांक 27.07.2026 तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र क्रय एवं अन्य जानकारी हेतु **https://mptenders.gov.in** पर लॉग-ऑन करें।
म.प्र. माध्यम/126844/2026 **प्रबंध संचालक**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस.एल. 41 मण्डल द्वारा श्री मिश्रीलाल मेहर आत्मज स्व. श्री गणपत मेहर के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 23/02/2011 को पंजीकृत है। श्री मिश्रीलाल मेहर आत्मज स्व. श्री गणपत मेहर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद जुबेर खां आत्मज श्री मोहम्मद उमर को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 22/07/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। एवं उक्त सम्पत्ति का मुख्तार आम श्री मिश्रीलाल मेहर द्वारा श्री मोहम्मद जुबेर खां के पक्ष में दिनांक 01/07/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद जुबेर खां आत्मज श्री मोहम्मद उमर के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल



**जाहिर सूचना**

भूखण्ड क्रमांक-सी-08, कुल क्षेत्रफल 1170 वर्गफिट, ग्राम बावड़िया कला, तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र., के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती शिल्पी आचार्य पत्नी श्री शरद आचार्य, आयु-वयस्क, निवासी 151, रोहित नगर फेज-1, आशीर्वाद अस्पताल के पास, ई-8 एक्सटेंशन, बावड़िया कला, भोपाल म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक- सी-08, जिसका कुल क्षेत्रफल 1170 वर्गफीट अर्थात 108.73 वर्गमीटर है, जो कि खसरा क्रमांक 442, 443/3/2, 442, 443/4/1, 442, 443/4/2, का अंश भाग होकर (विनय गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित द्वारा विकसित), ग्राम बावड़िया कला, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमाओं के अंदर वार्ड क्रमांक-52 में स्थित है, को क्रय करने हेतु बयाना राशि का भुगतान कर विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन कर लिया है, यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

एडवोकेट **विकास सिंह गुर्जर**
ऑफिस - G.B. 40, ब्लॉक-C, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, HBJ स्टेशन के पास, भोपाल (M.P.)
संपर्क - 9713126807



**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**

**गौरव नगर बैरागढ़ चीचली कोलार रोड महत्वपूर्ण आम सूचना**

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग क्र.-1, भोपाल के अंतर्गत गौरव नगर बैरागढ़ चीचली कोलार रोड भोपाल (म.प्र.) स्थित एल.आई.जी. प्रकोष्ठ भवनों का पंजीयन नीचे दर्शाये नाम अनुसार किया गया है। आवंटियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | हितग्राही का नाम | पंजीयन दिनांक | पंजीयन राशि | आवंटित भवन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री दीपिका थापा पुत्री श्री बहादुर थापा | 03.03.2021 | 108300/- | LIG P/407 |
| 2. | श्री नीरज पारधी आत्मज श्री तमेश पारधी | 06.05.2021 | 112800/- | - |
| 3. | श्रीमती पूनम सेंगर एवं श्री कुँवर सेंगर | 29.11.2021 | 112800/- | LIG N/108 |
| 4. | श्रीमती पूनम सेंगर पत्नी श्री कुँवर सेंगर | 29.11.2021 | 112800/- | LIG N/107 |
| 5. | श्रीमती हेमागुप्ता एवं श्री सोनू गुप्ता | 11.02.2022 | 112800/- | LIG M/307 |
| 6. | श्री पवन कुमार आत्मज श्री गोपीराम | 19.06.2022 | 112800/- | - |
| 7. | श्री राजेन्द्र यादव एवं श्रीमती प्रतिभा यादव | 29.12.2022 | 99900/- | LIG M/501 |
| 8. | श्री कृष्णकान्त यादव एवं श्रीमती मोनिका यादव | 29.12.2022 | 99900/- | LIG M/502 |
| 9. | श्री मिन्टू ओझा आत्मज श्री गुलाब सिंह ओझा | 18.03.2023 | 112800/- | LIG O/206 |

प्रकोष्ठ भवनों के मद में निर्धारित बकाया राशि आपके द्वारा जमा नहीं की जा रही है। मण्डल नियमानुसार आपको बकाया राशि जमा करने हेतु समय-समय पर कार्यालयीन पत्राचार के माध्यम से अवगत भी किया गया है, परन्तु आपके द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन के विरुद्ध राशि मण्डल में जमा नहीं की गई है।

अत: आपको अंतिम सूचना/अंतिम अवसर स्वरूप सूचित किया जाता है कि उक्त आम-सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर कार्यालय संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग-1 मेट्रो वॉक व्यवसायिक परिसर, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल के खाते में राशि जमा कर प्रकोष्ठ भवन का विक्रय विलेख निष्पादित करावें, अन्यथा मंडल नियमानुसार प्रकोष्ठ भवन का पंजीयन निरस्त कर पंजीयन राशि जप्त किया जावेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

/mphidb /mphidb

(प्रदीप कुमार हेडाउ)
संपदा अधिकारी
संभाग क्रमांक-1 भोपाल
म.प्र. माध्यम/126849/2026



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9977912473





छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 23-07-26

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED
ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6286



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 6285 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल - 6296

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 6295 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# बिना मांग के वितरकों पर सुरक्षा होज, लाइटर चायपत्ती सहित अन्य उत्पादों की बिक्री का दबाव

## आरोपः तीनों ऑयल कंपनियों के कुछ अफसर कमीशनखोरी में लिप्त

### सुरक्षा होज, लाइटर, चूल्हे और अन्य उत्पादों की बाध्यता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

उपभोक्ता अपनी पसंद के अनुसार कहीं से भी आईएसआई मानक वाले गैस उपकरण और सुरक्षा उत्पाद खरीद सकते हैं, लेकिन सरकारी तेल कंपनियां इंडियन गैस, भारत गैस और हिंदुस्तान कार्पोरेशन गैस एजेंसियों पर चूल्हा, सुरक्षा ट्यूब, लाइटर और अन्य उत्पादों की बिक्री के लिए दबाव बना रही हैं। यह आरोप एलपीजी वितरकों ने लगाए है।

गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि इंडियन गैस, भारत गैस और हिंदुस्तान कार्पोरेशन तीनों कंपनियों के अधिकारी कमीशनखोरी का खेल खेलते हुए मनमाने तरीके से वितरकों पर आर्थिक और व्यावसायिक दबाव डाल रहीं है। उनकी मांग के बिना ही एनएफआर/एआरबी श्रेणी के उत्पाद, सुरक्षा होज, गैस लाइटर, चूल्हे तथा अन्य उत्पादों की बिक्री के लिए मजबूर किया जा रहा है। इतना ही नहीं निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं होने पर एजेंसियों पर विभिन्न प्रकार का कार्रवाई का डर दिखाए जाने के साथ दबाव बनाया जाता है।

- तेल कंपनियों के अधिकारी वितरकों पर आर्थिक और व्यावसायिक दबाव बना रहे
- कमीशनखोरी के खेल में कपंनियों के अधिकारी जबरन थोप रहे गैस एजेंसियों पर जबाबदेही




यह शिकायत है कि उन्हें सुरक्षा ब्रांड की एलपीजी होज, गैस चूल्हे, लाइटर और एप्रन जैसी अतिरिक्त सामग्री जबरन बेची जा रही है। उदाहरण के लिए, बाजार में सामान्य सुरक्षा होज लगभग 85 रुपए में उपलब्ध हैं, जबकि कंपनियों द्वारा वितरकों को इन्हें करीब 190 पर थोपा जा रहा है और उपभोक्ताओं को ऊंचे दामों पर बेचने का दबाव है। वितरकों का आरोप है कि इससे उनकी पूंजी अनावश्यक रूप से फंस जाती है और घरेलू एलपीजी की आवश्यक आपूर्ति प्रभावित होती है।

### एजेंसियों पर बिक्री के टारगेट को पूरा करने का दबाव

ग्राहकों को एलपीजी या पीएनजी कनेक्शन के साथ गैस चूल्हा, सुरक्षा ट्यूब, लाइटर या अन्य उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। उपभोक्ता अपनी पसंद से कहीं से भी आईएसआई मानक वाला सामान खरीद सकते हैं। इसके बावजूद तेल कंपनियां एजेंसियों पर बिक्री के टारगेट को पूरा करने का दबाव बना रही हैं। प्रत्येक गैस एजेंसी को पांच हजार सुरक्षा ट्यूब बेचने का लक्ष्य दिया गया है और ग्राहकों को ये सामान बेचने का दबाव बनाया जा रहा है।

**बीएस शर्मा**, राष्ट्रीय अध्यक्ष
एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन



ऑयल कंपनियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

## दबाव डालकर उत्पाद बिकवाने का आरोप

राजधानी भोपाल सहित देशभर में तीनों प्रमुख ऑयल कंपनियों-इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के खिलाफ गैस वितरकों पर अतिरिक्त उत्पादों की बिक्री के लिए दबाव बनाने के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि गैस एजेंसी संचालकों पर गैस चूल्हा, सुरक्षा होज पाइप, ट्रॉली, लाइटर, चायपत्ती सहित कई अन्य उत्पादों की बिक्री का दबाव बनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इन उत्पादों की बिक्री पर कंपनियों और संबंधित अधिकारियों द्वारा कथित रूप से कमीशन, ओआरसी (ऑफ रिटेल कमीशन) सहित अन्य शुल्क लिए जा रहे हैं, जिसका अप्रत्यक्ष भार आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक, 2700 रुपए के गैस चूल्हे पर करीब 400 रुपए और 190 रुपए की सुरक्षा होज पाइप पर लगभग 45 रुपए तक का कमीशन लिया जा रहा है। इसी तरह ट्रॉली, लाइटर, चायपत्ती और अन्य सामानों की बिक्री पर भी भारी कमीशन लिया जा रहा है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अनुसार, तेल कंपनियों द्वारा वितरकों पर नॉन-फ्यूल रिटेलिंग और अतिरिक्त राजस्व व्यवसाय के तहत उत्पादों को खरीदने और बेचने का भारी दबाव बनाया जा रहा है । बिना किसी मांग या पूर्व सहमति के वितरकों के कोटे में इन उत्पादों का बिल काटकर स्टॉक जबरन भेजा जा रहा है।

---

वैश्विक स्तर पर सोनालीका की बढ़ती पहचान

## 20 लाखवां ट्रैक्टर, होशियारपुर प्लांट में रचा गया नया इतिहास


150 से अधिक देशों में निर्यात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रैक्टर निर्यात में अग्रणी ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने पंजाब के होशियारपुर स्थित अपने इंटीग्रेटेड ट्रैक्टर मैन्युफेक्चरिंग प्लांट में 20 लाखवां ट्रैक्टर बनाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के अनुसार यह उपलब्धि उसके 30 वर्षों के सफर में एक नया अध्याय जोड़ती है और किसानों को आधुनिक, विश्वसनीय तथा उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैक्टर उपलब्ध कराने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सोनालीका ने 1996 में अपना पहला ट्रैक्टर लांच किया था। शुरुआती दौर में प्रतिदिन केवल दो ट्रैक्टर बनाने वाली कंपनी आज हर दो मिनट में एक ट्रैक्टर का उत्पादन कर रही है। कंपनी के ट्रैक्टर भारत के अलावा 150 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं। कंपनी का कहना है कि होशियारपुर स्थित प्लांट दुनिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड ट्रैक्टर मैन्युफेक्चरिंग प्लांट है। यहां रोबोटिक्स और ऑटोमेशन आधारित आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है तथा प्रत्येक ट्रैक्टर को कई स्तरों की गुणवत्ता जांच से गुजरना पड़ता है। प्लांट में ट्रैक्टर निर्माण के लिए आवश्यक प्रमुख पुर्जों का निर्माण भी इन-हाउस किया जाता है।

### भावनात्मक और ऐतिहासिक क्षण

इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के वाइस चेयरमैन डॉ. अमृत सागर मित्तल ने कहा कि 20 लाखवें ट्रैक्टर का उत्पादन कंपनी के लिए भावनात्मक और ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों से कंपनी का लक्ष्य किसानों की समृद्धि को प्राथमिकता देते हुए बेहतर तकनीक और गुणवत्ता के साथ कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाना रहा है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक मित्तल ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता, नवाचार और वैश्विक स्तर पर कंपनी की बढ़ती पहचान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि सोनालीका आगे भी नवाचार, उत्पादन क्षमता और वैश्विक विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए किसानों के लिए बेहतर समाधान विकसित करती रहेगी।

---

डेढ़ दशक बाद मंडी अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति की सौगात

## मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक ने मंडियों के 164 मंडी कर्मियों को पदोन्नति दी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि उपज विपणन (मंडी) बोर्ड के प्रबंध संचालक सह आयुक्त कुमार पुरुषोत्त के दिशा-निर्देश पर मध्यप्रदेश में संचालित कृषि उपज मंडियों के कर्मचारियों को करीब डेढ़ दशक बाद पदोन्नति की सौगात मिली है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की अनुशंसा के आधार पर विभिन्न संवर्गों में पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत सहायक वर्ग-2 कर्मचारियों को सहायक वर्ग-1 के पद पर तथा सहायक यंत्रियों को कार्यपालन यंत्री के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसके अलावा सचिव-'स' संवर्ग के अधिकारियों को सचिव-'ब' पद पर और मंडी निरीक्षकों को पदोन्नति दी है।


कुमार पुरुषोत्तम



### 12 सहायक यंत्रियों को बनाया गया कार्यपालन यंत्री

मंडी बोर्ड ने तकनीकी संवर्ग में भी पदोन्नति आदेश जारी करते हुए 12 सहायक यंत्रियों को कार्यपालन यंत्री के पद पर पदोन्नत किया है। इन अधिकारियों में गुलाब चंद यादव, हेमंत कुमार हिरकने, सुरेश चंद्र गोयल, प्रभाकर राव मोरे, आशुतोष मिश्रा, लाकेश सूर्यवंशी, संजय कुमार सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, श्रद्धा भार्गव, शैलेन्द्र मंडलोई, अर्पणा वासनिक और फूलचंद उड़के शामिल हैं। इसके साथ ही

### 20 सहायक वर्ग-2 कर्मचारियों को मिली सहायक वर्ग-1 की जिम्मेदारी

मंडी बोर्ड द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विभागीय पदोन्नति समिति की 10 जुलाई 2026 को हुई बैठक में सहायक वर्ग-2 संवर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाया गया। समिति की अनुशंसा के बाद उन्हें स्थानापन्न रूप से सहायक वर्ग-1 के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के लेवल-7 कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लाभ मिलेगा। पदोन्नति पाने वालों में विजय कुमार जोशी, यदुराज चौहान, राजयती तिवारी, कल्पना गजभिए, मसूद जफर खान, मोहन डोडियार, रविशंकर मर्सकोले, यमनाथ गैरे, रघुनाथ बोराना, महेश कुमार शर्मा सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

### सचिव संवर्ग के 15 अधिकारियों और 107 मंडी निरीक्षकों को मिली पदोन्नति

मंडी बोर्ड ने सचिव-'स' संवर्ग के 15 अधिकारियों को सचिव-'ब' पद पर पदोन्नत किया है। पदोन्नति पाने वालों में रामयौर किरार, ममता वर्मा, रविन्द्र प्रताप सिंह, सोहनलाल, सुजाता चौधरी, नीलकमल वैद्य, मंशाराम जमरे, रेशम मंडलोई, शर्मिला निमामा, हेमवती कवरेती, लता सिंह सैनानी, अनिल कुमार उजले, सुनील कुमार भालेकर, रचना चौहान और रमेश चंद्र यास्के शामिल हैं। इसके अलावा मंडी निरीक्षक संवर्ग के 107 अधिकारियों को सचिव-'स' संवर्ग के पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामले के अधीन रहेंगी पदोन्नतियां

उल्लेखनीय है कि मंडी बोर्ड के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी पदोन्नतियां सर्वोच्च न्यायालय में लंबित विशेष अनुमति याचिका क्रमांक 13954/2016 तथा सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा भविष्य में पारित आदेशों के अधीन रहेंगी। बोर्ड ने यह भी प्रमाणित किया है कि पदोन्नति प्रक्रिया में मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण) नियम 1994 और मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के प्रावधानों का पालन किया गया है।

---

'लेट्स गो बियॉन्ड टू ग्रो बियॉन्ड'

## केनरा बैंक ऑफिसर्स एसो. का कासा बढ़ाने का अभियान शुरू


अधिकारियों की बैठक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (सीबीओए) ने बैंक के कासा (करंट अकाउंट और सेविंग्स अकाउंट) आधार को मजबूत करने और व्यवसाय वृद्धि को गति देने के उद्देश्य से 'लेट्स गो बियॉन्ड टू ग्रो बियॉन्ड' अभियान की शुरुआत की है। अभियान का शुभारंभ भोपाल में आयोजित अधिकारियों की बैठक में किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सीबीओए के महासचिव एवं अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) की आगामी वेतन समझौता वार्ता समिति के सह-अध्यक्ष के. रवि कुमार ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र वर्तमान में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि सीडी रेशियो, नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम ) और कासा को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रतिस्पर्धी बैंकिंग माहौल में बेहतर व्यावसायिक प्रदर्शन ही बैंक और अधिकारियों की सफलता का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत अधिकारियों से अपने नियमित दायित्वों से आगे बढ़कर कासा वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय, बेहतर ग्राहक सेवा और बैंक के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया है।

केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष केके त्रिपाठी ने बताया कि के. रवि कुमार ने कहा कि केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने हमेशा मदर बैंक फर्स्ट की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी सोच के अनुरूप यह अभियान शुरू किया गया है, ताकि अधिकारी बैंक के व्यवसाय को नई गति देने में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रत्येक अधिकारी की बैंक के प्रति प्रतिबद्धता और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि केनरा बैंक के अधिकारी अपनी टीम भावना, सकारात्मक सोच और समर्पण के साथ इस अभियान को सफल बनाएंगे ।

---


## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह



**भोपाल।** एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल, में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद के गठन के लिए एक गरिमामयी 'शपथ ग्रहण समारोह' (इन्वेस्टिचर सेरेमनी) का आयोजन किया गया। यह आयोजन छात्र नेतृत्व और जिम्मेदारी के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक रहा। समारोह के मुख्य अतिथि जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. गोविंद भार्गव स्कूल मैनेजर शोभा चौकसे प्राचार्य चैतन्य सक्सेना के द्वारा नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को बैज और सैश प्रदान कर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सभी युवा पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस गरिमामयी समारोह में स्कूल प्रबंधन के सदस्य, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने युवा नेताओं में आत्मविश्वास, टीम वर्क और प्रतिबद्धता की एक नई ऊर्जा का संचार किया।

### राम कृष्ण मेडिकल कॉलेज में ट्राइमेडकॉन 2026 का आयोजन



**भोपाल।** राम कृष्ण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल में दो दिवसीय चिकित्सा सम्मेलन ट्राइमेडकॉन 2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देशभर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आ पा त का ली न चिकित्सा, जनरल मेडिसिन, क्रिटिकल केयर और आधुनिक उपचार पद्धतियों से जुड़े विषयों पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में आपातकालीन चिकित्सा, वेंटिलेटर प्रबंधन, एंटीबायोटिक के उचित उपयोग, ईकोकार्डियोग्राफी, पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड और इमरजेंसी केयर जैसे विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। इसके साथ ही सीपीआर एवं डिफिब्रिलेशन, वेंटिलेटर प्रबंधन, कठिन एयरवे और ईकोकार्डियोग्राफी पर हैंड्स-ऑन वर्कशॉप भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सम्मेलन के दौरान आयोजित पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने अपने शोध कार्य और क्लिनिकल केस प्रस्तुत किए, जिन्हें विशेषज्ञों ने सराहा।कार्यक्रम में एम्स भोपाल, बीएमएचआरसी, एलएन मेडिकल कॉलेज, पीपुल्स मेडिकल कॉलेज, चिरायु मेडिकल कॉलेज और अपोलो सेज हॉस्पिटल सहित विभिन्न संस्थानों के वरिष्ठ चिकित्सकों, विशेषज्ञ फैकल्टी, रेजिडेंट डॉक्टरों और मेडिकल प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. ओपी संजीव और डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी ने चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर सीखने, शोध और कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। कॉलेज के डीन डॉ. अजीत सलूजा ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक सम्मेलन चिकित्सकों को नई तकनीकों और उपचार पद्धतियों से परिचित कराते हैं, ट्राइमेडकॉन 2026 के आयोजन सचिव डॉ. यश जैन और डॉ. अनुभा नामदेव तथा आयोजन अध्यक्ष डॉ. शेहताज खान रहे। आयोजन समिति में डॉ. वसंत श्रीवास्तव, डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, डॉ. शिवानी दुबे तथा इमरजेंसी मेडिसिन एवं जनरल मेडिसिन विभाग के पीजी विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### गोदरेज कैपिटल ने शुरू किया सप्लाई चेन फाइनेंस कारोबार

**मुंबई।** गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह की वित्तीय सेवा इकाई गोदरेज कैपिटल ने अपनी सहायक कंपनी गोदरेज फाइनेंस के माध्यम से सप्लाई चेन फाइनेंस कारोबार की शुरुआत की है। कंपनी का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए कार्यशील पूंजी तक आसान और तेज पहुंच सुनिश्चित करना है। कंपनी के अनुसार, नए कारोबार के तहत एंकर कॉरपोरेट्स, डीलरों, विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं को तकनीक-सक्षम प्लेटफॉर्म के जरिए कार्यशील पूंजी के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। गोदरेज फाइनेंस ने अगले पांच वर्षों में 6,000 करोड़ रुपए का सप्लाई चेन फाइनेंस पोर्टफोलियो तैयार करने का लक्ष्य रखा है।

### एलजी ने रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर बनाया

**सियोल।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने रोबोटिक्स कारोबार को मजबूत करने के लिए नया रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। यह नया संगठन 1 जुलाई 2026 से प्रभावी होगा और सीधे कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ल्यू जे-चेओल को रिपोर्ट करेगा। कंपनी के अनुसार, नया बिजनेस सेंटर रोबोटिक्स से जुड़े व्यवसाय विकास, बिक्री, आपूर्ति श्रृंखला और विनिर्माण संचालन जैसी सभी प्रमुख गतिविधियों का संचालन करेगा। एलजी ने बताया कि रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर के तहत एक समर्पित डेटा फैक्ट्री भी स्थापित की जाएगी।

---

## फंड्स इंडिया का एयूएम 30,000 करोड़ रुपए के पार, 30 लाख निवेशकों तक पहुंचा प्लेटफॉर्म

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

निवेश प्लेटफॉर्म फंड्स इंडिया का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 30,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। कंपनी ने बताया कि इससे पहले इसी वर्ष उसने 25,000 करोड़ रुपए का स्तर पार किया था, जबकि 20,000 करोड़ रुपए से 30,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने में लगभग 11 महीने का समय लगा। कंपनी के अनुसार, यह वृद्धि किसी एक बड़े निवेश या बाजार में आई तेजी का परिणाम नहीं, बल्कि खुदरा निवेशकों द्वारा एसआईपी निवेश बढ़ाने, वित्तीय सलाहकार नेटवर्क के विस्तार और प्राइवेट वेल्थ कारोबार में बढ़ते भरोसे का नतीजा है।

कंपनी के तीन प्रमुख कारोबार डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर, पार्टनर और प्राइवेट वेल्थ ने इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डीटूसी प्लेटफॉर्म ने नए निवेशकों को नियमित एसआईपी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जबकि पार्टनर वर्टिकल ने वित्तीय सलाहकारों और म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स को रिसर्च और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई। कंपनी के मुताबिक, फंड्सइंडिया वर्तमान में देशभर में लगभग 30 लाख निवेशकों को सेवाएं दे रहा है। इनमें करीब 71.79 प्रतिशत निवेशक प्रमुख महानगरों के बाहर के शहरों से हैं, जो देश में सुनियोजित निवेश के बढ़ते दायरे को दर्शाता है।

## टाइटन रागा ने लांच किया 'पेरिस विद लव' कलेक्शन

**बेंगलुरु।** टाइटन रागा ने महिलाओं के लिए अपना नया कैप्सूल वॉच कलेक्शन 'पेरिस विद लव' लांच किया है। यह कलेक्शन पेरिस की कलात्मकता, रोमांटिक माहौल और शिल्पकला से प्रेरित है तथा आत्मप्रेम और आत्मविश्वास को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। इस कलेक्शन की थीम 'टू लव बिगिन्स विद मी' है, जो यह संदेश देती है कि सच्चा प्रेम स्वयं को अपनाने और सम्मान देने से शुरू होता है। अभियान में टाइटन रागा की ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट नजर आ रही हैं। रागा का कहना है कि यह कलेक्शन आधुनिक महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वतंत्र सोच और सहज व्यक्तित्व को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। प्रत्येक घड़ी महिलाओं को आत्मविश्वास का उत्सव मनाने के लिए प्रेरित करती है।

---

चयनित 5 सदस्यीय भारतीय टीम में चार छात्र एलन के

## इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड में भारत को पांच स्वर्ण पदक, इनमें 4 एलन के छात्रों के नाम

भारत ने 87 देशों के बीच प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

कोलंबिया के बुकारामांगा में 4 से 12 जुलाई 2026 तक आयोजित 56वें इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी पांचों स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारतीय टीम के पांच सदस्यों में से चार छात्र एलन करियर इंस्टीट्यूट, कोटा के रहे। इस प्रदर्शन के आधार पर भारत ने 87 देशों के बीच प्रथम स्थान हासिल किया। एलन के जिन छात्रों ने स्वर्ण पदक जीते, उनमें कनिष्क जैन, रिद्धेश बेंडाले, ऋषित गर्ग और स्वरित जोशी शामिल हैं। सभी छात्र एलन के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े रहे हैं।

एलन करियर इंस्टीट्यूट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नितिन कुकरेजा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान के विद्यार्थी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में एलन के छात्र अब तक 188 पदक जीत चुके हैं, जिनमें 90 स्वर्ण, 75 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल हैं। इंटरनेशनल फिजिक्स ओलंपियाड के लिए चयन प्रक्रिया चार चरणों में पूरी होती है। पहले चरण में नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन फिजिक्स, दूसरे चरण में इंडियन नेशनल फिजिक्स ओलंपियाड, तीसरे चरण में ओरिएंटेशन कम सेलेक्शन कैंप आयोजित किया जाता है। इसके बाद अंतिम चरण के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाता है। इस वर्ष चयनित पांच सदस्यीय भारतीय टीम में चार छात्र एलन से थे।


कनिष्क जैन | रिद्धेश बेंडाले | ऋषित गर्ग | स्वरित जोशी

### देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना गर्व की बात : रिद्धेश

जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक 8 हासिल करने वाले और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में चयनित कनिष्क जैन ने कहा कि एलन में मिला शैक्षणिक मार्गदर्शन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में काफी उपयोगी साबित हुआ। वहीं, जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक 18 प्राप्त करने वाले रिद्धेश बेंडाले ने कहा कि ओलंपियाड में भाग लेना सीखने का बेहतरीन अनुभव रहा और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना गर्व की बात है।

*संस्थान के छात्रों ने अब तक अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में कुल 188 पदक जीते*

*ऑल इंडिया रैंक 109 हासिल करने वाले ऋषित गर्ग ने कहा कि एलन में मिली तैयारी हर प्रतियोगी परीक्षा में सहायक रही। वहीं, कक्षा 11 के छात्र स्वरित जोशी ने अपनी सफलता का श्रेय समय पर सही दिशा में की गई तैयारी को दिया। एलन के अनुसार, संस्थान के छात्रों ने अब तक विभिन्न आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में कुल 188 पदक जीते हैं, जिनमें इंटरनेशनल फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथेमेटिकल, जूनियर साइंस, एस्ट्रोनॉमी और अर्थ साइंस ओलंपियाड शामिल हैं।*

# रोजगारधानी

## 12,099 किमी के नए ग्लोबल इकॉनामिक हब के साथ तैयार हुआ प्रदेश के विकास का खाका

**आर्थिक विकास का महाकुंभ...** भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन

## 6 जिलों की 30 तहसीलें, 22 नगरीय निकाय और 2,510 गांवों को अब एक क्षेत्र मानकर विकास

## प्रशासनिक केंद्र के साथ अब भोपाल बनने जा रहा है एजुकेशन, फाइनेंस और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का हब

### वर्ष 2047 में विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प में मध्यप्रदेश बनेगा बड़ा भागीदार


स्पेशल डेस्क | भोपाल

मध्यप्रदेश के विकास में एक नया और स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। देश के दिल मध्य प्रदेश की राजधानी व इसके आसपास के 12,099 वर्ग किमी के क्षेत्र को डॉ. मोहन यादव सरकार ने भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन (बीएमआर ) के तौर अधिसूचित कर दिया है। इस पूरे इलाके को अब एक क्षेत्र मान वन रीजन, वन पॉलिसी के विजन के साथ विकसित किया जाएगा। इसमें भोपाल समेत 6 जिलों के 2,510 गांवों और 30 तहसीलों को शामिल किया गया है। बीएमआर प्रदेश का नया ग्रोथ इंजन होगा, जिससे विकास को नई रफ्तार मिलेगी। प्रदेश का प्रशासनिक केंद्र भोपाल अपनी शहरी आबादी, विकास की क्षमताओं और नए प्रस्तावित ढांचों के साथ बीएमआर में मुख्य भूमिका अदा करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के अनुसार, भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन सिर्फ मध्यप्रदेश के विकास के पहिए को रफ्तार ही नहीं देगा, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 में विकसित भारत के संकल्प में हमारी मजबूत भागीदारी का आधार भी साबित होगा। भोपाल के साथ ही अब बीएमआर के जरिए **रोजगारधानी** के रूप में भी स्थापित होगा।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाएं बनाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की झलक बीएमआर की प्लानिंग में भी साफ दिखाई देती है। इस पूरे क्षेत्र की योजना तैयार करते वक्त कई अर्बन प्लानर(शहरी योजनाकारों) को इसमें शामिल किया गया। उनके शोध के आधार यह तय किया गया कि बीएमआर में रिएक्टिव प्लानिंग' (समस्या आने पर समाधान) के पुराने ढर्रे को त्यागकर प्रोएक्टिव विजन (भविष्य का पूर्वानुमान) अपनाया जाए। यानी यहां भविष्य के लिए डाटा आधारित पूर्वानुमान के आधार पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा।

बीएमआर में शहरों के साथ गांवों के विकास की रफ्तार का भी खासा ख्याल रखा गया है। औद्योगिक विकास के लिए यहां सिंगल विंडो सिस्टम के साथ निवेशकों की हर सहूलियत का विशेष ध्यान रखा जाएगा।




## बीएमआर यानी विकसित मध्यप्रदेश का ब्लूप्रिंट

**दायरा कितना बड़ा** | 12,099 वर्ग किलोमीटर

**आर्थिक लक्ष्य** | बीएमआर के जरिए विदेशी निवेश लाना और मध्य प्रदेश के सालाना एक्सपोर्ट (निर्यात) को 1 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचाना।

**प्रशासनिक सीमाओं का अंत** | डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स या कॉपोरेट्स आदि को मंजूरी के लिए अलग-अलग दफ्तरों में नहीं जाना होगा। मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी के पास वह ताकत होगी कि पूरे क्षेत्र के लिए एक जैसा इंफ्रास्ट्रक्चर और नियम व मास्टर प्लान तय कर सके।

**मकसद क्या है**
शहरों की आबादी बढ़ने के बाद आनन-फानन में सड़कें बनाने (रिएक्टिव) के बजाय, अगले 50 साल की जरूरतों को भांपकर पहले से हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर (प्रोएक्टिव प्लानिंग) तैयार करना।

**महानगरों के बीच गांवों के विकास पर भी फोकस**
अक्सर महानगरों के विकास में गांवों का अस्तित्व खत्म हो जाता है, लेकिन बीएमआर का मॉडल अलग है। बीएमआर में गांवों की प्राकृतिक संपदा और कृषि भूमि को कंक्रीट के जंगल में नहीं बदला जाएगा। इसके बजाय, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत हाई-वे, कोल्ड स्टोरेज और सीधे शहरी बाजारों से जोड़ा जाएगा। महानगर की चकाचौंध के बीच गांवों की समृद्धि भी सुनिश्चित होगी।

### विकास के संकल्प के मुख्य...4 चरण

**सर्वेक्षण-डिजिटल मैपिंग**
बीएमआर के 12,099 वर्ग किमी क्षेत्र की सैटेलाइट मैपिंग की जाएगी। इससे मौजूदा संसाधनों और भविष्य की संभावनाओं का डेटाबेस तैयार होगा।

**डेवलपमेंट प्लान**
डेटाबेस और विभिन्न रिसर्च पेपर्स व अर्बन प्लानिंग गाइडलाइन्स के आधार पर पूरे क्षेत्र का एक डेवपलमेंट प्लान बनाया जाएगा। सारी मंजूरियां और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स इसी आधार पर तैयार होंगे।

**फेज-वार विकास**
पूरे क्षेत्र को अलग-अलग ग्रोथ फेज में बांटा जाएगा। पहले चरण में कनेक्टिविटी और ऊर्जा नेटवर्क पर काम होगा, जबकि दूसरे चरण में आवासीय और औद्योगिक क्लस्टर्स को विकसित किया जाएगा।

**पीपीपी मॉडल**
अथॉरिटी का क्रियान्वयन मॉडल निजी भागीदारी को भी प्रोत्साहित करता है। इसका मतलब है कि सरकार के साथ-साथ निजी कंपनियां भी सड़कों, लॉजिस्टिक्स हब जैसे प्रोजेक्ट्स में निवेश और निर्माण कर सकेंगी।




### बीएमआर के 7 प्रमुख स्तंभ

**अर्थव्यवस्था**
मध्य प्रदेश को 2.1 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनामी बनाने का ग्रोथ इंजन।

**हेल्थकेयर**
पूरे क्षेत्र में 2200 से अधिक हेल्थ यूनिट्स का समान वितरण।

**लॉजिस्टिक सपोर्ट**
इटारसी के पास बड़े लॉजिस्टिक हब बनेंगे, माल ढुलाई तेज-सस्ती होगी।

**पर्यावरण** | जल क्षेत्र सुरक्षित; वन, तालाबों झीलों के ईको-सिस्टम से कोई छेड़छाड़ नहीं।



**पर्यटनः**
77 लाख पर्यटकों के लिए सांची, भीमबेटका और भोजपुर को जोड़ता 'टूरिज्म सर्किट।

**मेट्रो का विस्तार**
भविष्य में मेट्रो रेल को भोपाल की सीमाओं से बाहर निकालकर औद्योगिक क्षेत्रों तक ले जाने की योजना है।

**40 फीसदी बचेगा समय**
नेशनल और स्टेट हाईवे का ऐसा जाल बिछाया जा रहा है कि रीजन के किसी भी कोने से मुख्य शहर पहुंचने में समय 40% कम लगेगा।।

**सुविधाएंः** अब एकीकृत व्यवस्था से बढ़ेगी प्रदेश की इकॉनमी

## 2.1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार 'सिंगल विंडो' मॉडल

भोपाल

भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन मध्यप्रदेश के 2.1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर सबसे महत्वपूर्ण कदम है। रीजन के आर्थिक विकास के लिए उद्योगों और निवेशकों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के साथ सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी।

इसके साथ ही कच्चे माल की व्यवस्था, माल की सुगम आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट का एकीकृत ढांचा तैयार होगा। एकीकृत क्षेत्र होने से व्यापार करने की लागत में 15 से 20% की कमी आएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया है कि बीएमआर का गठन सिर्फ जमीन के रिकॉर्ड के लिए नहीं, बल्कि आर्थिक क्रांति के लिए किया गया है।

### कैसे बदलेगी अर्थव्यवस्था?

**इंडस्ट्रियल क्लस्टर**
विदिशा से लेकर सीहोर तक फैले औद्योगिक क्षेत्रों को एक ही ग्रिड से जोड़ा जाएगा।

**लॉजिस्टिक हब**
इटारसी और भोपाल के बीच रेल और सड़क मार्ग का ऐसा जाल होगा कि माल की आवाजाही 40% तेजी से होगी।

**बड़े बाजारों से अब सीधे जुड़ेंगे किसान**
- नरसिंहगढ़, आष्टा व सीहोर के ग्रामीण क्षेत्रों को मेगा फूड पार्क और कोल्ड स्टोरेज चेन से जोड़ा जाएगा। किसान का माल खेत से सीधे विदेशी बाजार के लिए पैक होगा।
- गांवों के किसानों को सीधे मंडियों और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स से जोड़ा जाएगा।

### वन रीजन-वन विजन


## 6 जिले, 30 तहसीलें और 2,510 गांव; जानिए आपकी हिस्सेदारी

*बीएमआर का भौगोलिक ढांचा इतना विशाल है कि इसमें कई छोटे देशों जितनी जमीन समाहित है। गजट नोटिफिकेशन और 'एरिया स्टेटमेंट' के बारीक विश्लेषण से पता चलता है कि सरकार ने विकास को सिर्फ भोपाल शहर तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसका जाल दूर-दराज के गांवों तक फैलाया है। **जानें किस जिले का कितना हिस्सा बना मेट्रोपॉलिटन रीजन का हिस्सा...***

**82.25% | भोपाल**
हुजूर और कोलार तहसीलें पूरी तरह (100%) बीएमआर में हैं। बैरसिया का भी 65.54% हिस्सा इसमें शामिल है।

**11.00% | विदिशा**
विदिशा नगर और आसपास के तकरीबन 408 गांव विकास के इस महाभियान का हिस्सा हैं।

**84.00% | रायसेन**
सांची (84%) और गौहरगंज (91%) तहसीलों का बड़ा हिस्सा शामिल होने से यह जिला बीएमआर का सांस्कृतिक हृदय बनेगा।



**46.00% | राजगढ़**
नरसिंहगढ़ तहसील 100% रूप से बीएमआर का हिस्सा बन गई है, जो इसे एक नए औद्योगिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का मौका देगा।

**50.00% | सीहोर**
सीहोर और श्यामपुर जैसी तहसीलों का बड़ा हिस्सा अब मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग का हिस्सा होगा। आष्टा का 65% हिस्सा भी इसमें जोड़ा गया है।

**07.00% | नर्मदापुरम**
इटारसी और सिवनी मालवा के कुछ महत्वपूर्ण हिस्सों को लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए जोड़ा गया है।

**जानिए कैसे होंगे काम...** पूरे क्षेत्र के लिए एक मास्टर प्लान, हर काम के लिए बीएमआरडीए ही सुप्रीम अथॉरिटी

## विकास के पैमाने पर अब सीमाओं की बाधाएं होंगी खत्म

भोपाल/इंदौर

भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन को वर्ष 2025 के मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम के तहत बनाया गया है। इसके तहत सुप्रीम अथॉरिटी के तौर पर भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीएमआरडीए) का गठन किया जा रहा है।

यह अथॉरिटी ही पूरे 12,099 वर्ग किलोमीटर के लिए मास्टर प्लान तैयार करने के साथ सभी मंजूरियों से जुड़े काम करेगी। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि प्रशासनिक सीमाओं के फेर में सालों-साल अटकने वाले बड़े प्रोजेक्ट्स अब एक ही झटके में क्लीयर होंगे। सरकार द्वारा तैयार किए गए अथॉरिटी के नए ड्राफ्ट नियमों के लागू होते ही भोपाल सहित सभी 6 जिलों के विकास में नगर निगमों, पंचायतों और जिला प्रशासनों की सरहदें कभी रोड़ा नहीं बन पाएंगी।

### वन रीजन-वन पॉलिसी... आसान भाषा में समझिए, आपके फायदे की हर बात



**एक क्षेत्र मानकर होगा विकास**
प्रशासनिक सरहदों का रोड़ा हमेशा के लिए खत्म होगा। पहले अगर कोई सड़क भोपाल की सीमा से निकलकर रायसेन या सीहोर जिले में जाती थी, तो दोनों जिलों के अलग-अलग मास्टर प्लान और तालमेल की कमी के कारण प्रोजेक्ट सालों लटके रहते थे।

**उद्योगों के लिए रेड कारपेट**
उद्योगों और निवेश के लिए रेड कारपेट के साथ स्वागत होगा। पूरे 6 जिलों के रीजन में एक समान व्यवस्था से व्यापारियों को बिजनेस करने में आसानी होगी। कंपनियों को अलग-अलग जिलों के नियमों-मंजूरियों से नहीं जूझना होगा, जिससे पूरे रीजन में निवेश बढ़ेगा।

**ताकत क्या होगी**
सीहोर की सड़क से लेकर राजगढ़ के इंडस्ट्रियल पार्क और विदिशा के सीवेज सिस्टम तक हर बड़ी योजना की डिजाइन, फंडिंग और एक्जीक्यूशन यही अथॉरिटी तय करेगी।

**पहले सुविधाएं, फिर शुल्क** : नए ड्राफ्ट नियमों के तहत जब अथॉरिटी किसी क्षेत्र में पूरी तरह सुविधाएं विकसित कर लेगी, तभी उसका एक यूजर तय किया जाएगा। यानी पहले सर्विस मिलेगी, फिर शुल्क।

**ईज ऑफ लिविंग**
मेट्रोपॉलिटन रीजन बनने का एक बड़ा फायदा 'अफोर्डेबल हाउसिंग' (किफायती आवास) के रूप में सामने आएगा। भोपाल जैसे मुख्य शहरों के बजाय पास के उपग्रह कस्बों में भूमि की उपलब्धता अधिक और सस्ती होगी।

**सार्वजनिक सेवाओं में सुधार**
इंटीग्रेटेड जलापूर्ति, आधुनिक स्वच्छता प्रणाली और डिजिटल अधोसंरचना के जरिए नागरिक सेवाओं को स्मार्ट बनाया जाएगा। पूरे रीजन के लिए एक समन्वित नियंत्रण प्रणाली करेगी, इससे एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं का रिस्पांस टाइम भी कम होगा।

D-19124/26

**अर्बन-रूरल सिनर्जी**

# 2,510 गांवों की खेती से चमकेगा बीएमआर; सीहोर का शरबती रायसेन का बासमती बनेगा मध्य प्रदेश अर्थव्यवस्था की ताक़त

स्पेशल रिपोर्ट | भोपाल

अक्सर महानगरों के विकास में गांवों की उपजाऊ जमीनें और खेती खत्म हो जाती है, लेकिन भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन (बीएमआर) देश का पहला ऐसा मास्टरप्लान है जो पूरी तरह 'अर्बन-रूरल सिनर्जी' पर काम करेगा। इसका सीधा अर्थ है कि शहरी और ग्रामीण विकास एक-दूसरे की ताकत बनेंगे।

लगभग 12,099 वर्ग किमी में फैले इस रीजन के 2,510 गांव विकास की इस दौड़ में पीछे नहीं छूटेंगे, बल्कि कृषि आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सीधे क्षेत्रीय वैल्यू चेन से जोड़ा जाएगा। आंकड़े बताते हैं कि भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन में प्राइमरी सेक्टर (कृषि और इससे जुड़ा क्षेत्र) 8.1% की शानदार वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यह राज्य के औसत (7.3%) और राष्ट्रीय औसत (4.4%) से काफी ज्यादा है।

## बदलाव... राजगढ़-श्यामपुर में बनेंगे एग्रो-प्रोसेसिंग क्लस्टर, पशुपालन और मत्स्य पालन से खुलेंगे समृद्धि के नए द्वार

### ओडीओपी के साथ ग्लोबल मार्केट तक पहुंचेंगे हमारे उत्पाद

उच्च गुणवत्ता वाले कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना को मास्टरप्लान से जोड़ा गया है। सीहोर का मशहूर 'शरबती गेहूं' और रायसेन का 'बासमती चावल' इसमें सबसे अहम भूमिका निभाएगा।



### एग्रो-प्रोसेसिंग और पैकेजिंग हब

किसानों की फसल खेत से सीधे विदेशी बाजार तक पहुंच सके और उन्हें बेहतर दाम मिलें, इसके लिए राजगढ़ और श्यामपुर क्लस्टर को 'एग्रो-प्रोसेसिंग' (खाद्य प्रसंस्करण) और पैकेजिंग के बड़े हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

### कृषि उपकरणों का निर्माण

उन्नत खेती के लिए विदिशा जिले को 'एग्रीकल्चरल इक्विपमेंट' (कृषि उपकरण) मैन्युफैक्चरिंग के लिए तैयार किया जा रहा है, जिससे किसानों को सस्ती और आधुनिक मशीनरी मिलेगी।

### पशुपालन और मत्स्य पालन में उछाल

बीएमआर की ग्रामीण इकॉनामी केवल फसलों तक सीमित नहीं है। प्राइमरी सेक्टर के आउटपुट में पशुपालन का 16.1% और मत्स्य पालन व एक्वाकल्चर का 1.2% का मजबूत योगदान है। भोपाल, सीहोर और राजगढ़ पशुपालन के बड़े केंद्र बनकर उभर रहे हैं, जबकि भोपाल मछली पालन में अग्रणी है।

### मजबूत लॉजिस्टिक नेटवर्क के साथ शहरी बाजारों से सीधा जुड़ाव

बीएमआर के ग्रामीण इलाकों में वर्कफोर्स पार्टिसिपेशन रेट 42% है। यह शहरी क्षेत्रों के मुकाबले 8% अधिक है, जो इस क्षेत्र में कृषि की मजबूती को दर्शाता है। रीजन में कुल 7.71 लाख से अधिक श्रमिक (करीब 41.4%) प्राइमरी सेक्टर से जुड़े हैं, जिनमें राजगढ़ (74.8%) और सीहोर (69.7%) की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। अब इन किसानों, पशुपालकों और छोटे उद्यमियों को महानगर के हाईटेक ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इससे गांव का माल सीधे शहर के बड़े बाजारों, मॉल्स, कोल्ड स्टोरेज और एक्सपोर्ट यूनिट्स तक पहुंचेगा। यह 'अर्बन-रूरल सिनर्जी' सुनिश्चित करेगी कि शहर के विकास के साथ-साथ गांवों में भी शहर जैसी समृद्धि और आधुनिक सुविधाएं पहुंचें।

## विकास भी-विरासत भी.. मध्यप्रदेश की संस्कृति को मिलेगा नया मंच

# पर्यटन के नए ग्लोबल मॉडल के साथ पूरी दुनिया को लुभाएगा देश का दिल

### दो विश्व धरोहर स्थलों के साथ मां नर्मदा की आस्था से पर्यटन मानचित्र पर मजबूत दस्तक

भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नव-गठित भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन केवल औद्योगिक और तकनीकी विकास का ही केंद्र नहीं बनने जा रहा, बल्कि यह 'विकास भी-विरासत भी' के मूल मंत्र को जमीन पर उतारते हुए देश का सबसे बड़ा ग्लोबल टूरिज्म हब बनने की ओर अग्रसर है। 12,099 वर्ग किलोमीटर में फैले इस रीजन में प्राचीन इतिहास, आध्यात्मिक चेतना, प्राकृतिक सौंदर्य और मां नर्मदा की आस्था का एक ऐसा अनूठा संगम है, जो दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार क्षमता रखता है।

बीएमआर की सबसे बड़ी ताकत इसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत है। इस पूरे क्षेत्र के केंद्र में दो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल मौजूद हैं-सांची और भीमबेटका। ये दोनों साइट्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश को एक अलग सांस्कृतिक प्रतिष्ठा दिलाती हैं बीएमआर के पर्यटन ढांचे में भोजपुर-भीमबेटका कॉरिडोर सबसे बड़ा क्राउड-पुलिंग (पर्यटकों को खींचने वाला) केंद्र है। अपनी गहरी धार्मिक और आध्यात्मिक अपील के कारण, अकेले भोजपुर ने साल 2024 में 3.59 मिलियन (35.9 लाख) श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित किया, जो इसे क्षेत्र का सबसे पसंदीदा स्थल बनाता है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस रीजन में हब एंड स्पोक मॉडल की तर्ज पर विकास किया जाएगा। भोपाल शहर एक मुख्य 'हब' (केंद्र) के रूप में काम करेगा। यहां पहुंचने वाले पर्यटकों को हाई-स्पीड कनेक्टिविटी के जरिए स्पोक्स (जैसे- सांची, भीमबेटका, भोजपुर) तक ले जाया जाएगा।

### धर्म-संस्कृति और आध्यात्म के साथ प्रकृति की जुगलबंदी

### हाईस्पीड कनेक्टिविटी और पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ अब दुनिया को लुभाएगी हमारी विरासत




#### पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए 'इको-टूरिज्म' का विस्तार

सरकार हरित संपत्तियों को नुकसान पहुंचाए बिना उनका संवर्धन कर रही है। बीएमआर का 18.8% हिस्सा (2,285 वर्ग किमी) घने वनों से आच्छादित है, जिसमें रातापानी और चिड़ी-खो जैसे महत्वपूर्ण वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। पर्यटन को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए इलेक्ट्रिक सफारी जैसे कई इनोवेटिव कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं, स्थानीय समुदायों की आजीविका को सुरक्षित रखने के लिए सीहोर और विदिशा में 7 विशेष इको-टूरिज्म गांवो को विकसित किया गया है।

#### इंफ्रास्ट्रक्चर का अंतर पाटने के लिए पर्यटन नीति 2025

हालांकि, आंकड़ों के विश्लेषण से यह भी साफ हुआ है कि जहां भोपाल, सांची और विदिशा के मुख्य क्षेत्रों में बेहतरीन होटल और कनेक्टिविटी नेटवर्क उपलब्ध हैं, वहीं सीहोर के ग्रामीण बेल्ट और रायसेन के आंतरिक हिस्सों में अभी भी इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार होना बाकी है। इस खाई को पाटने के लिए मध्य प्रदेश पर्यटन नीति, 2025 के तहत निजी निवेश को बड़े स्तर पर आमंत्रित किया जा रहा है। नीति के तहत नए प्रोजेक्ट्स के लिए 15% की कैपिटल सब्सिडी और पुरानी हेरिटेज इमारतों को री-डेवलप करने के लिए 90 वर्ष की दीर्घकालिक लीज दी जा रही है।

#### रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा पर्यटकों का आंकड़ा

| | |
|---|---|
| 2011 | 19.4 लाख |
| 2024 | 77.3 लाख |

13 साल में पर्यटकों की संख्या 19.4 लाख से बढ़कर 77.3 लाख पहुंची, यानी 57.9 लाख की बढ़ोतरी और लगभग 298% ग्रोथ दर्ज हुई।

#### सांस्कृतिक विरासत-स्थानीय कला को बढ़ावा

पर्यटन का यह नया मॉडल सिर्फ स्मारकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस क्षेत्र की स्थानीय कलात्मकता को भी वैश्विक बाजार दे रहा है। भोपाल और सीहोर की प्रसिद्ध जरी-जरदोजी कढ़ाई व जूट क्राफ्ट और नर्मदापुरम की नक्काशीदार लकड़ी की कला को मुख्य पर्यटन सर्किट से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही, सांची का बौद्ध महोत्सव और नागलवाड़ी महोत्सव इस क्षेत्र के सांस्कृतिक ताने-बाने को और मजबूत करते हैं।

**एक्सप्लेनर**

## आपकी जिंदगी, जमीन और रोजगार में क्या-क्या बदलाव लाएगा बीएमआर

बीएमआर का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद आम लोगों के मन में कई सवाल हैं। क्या गांवों की जमीन छिन जाएगी? क्या रियल एस्टेट में उछाल आएगा? पढ़िए आपके हर सवाल का सीधा जवाबः

**Q क्या महानगर बनने से मेरे गांव का अस्तित्व खत्म हो जाएगा या खेती की जमीन कंक्रीट में बदल जाएगी?**

बिल्कुल नहीं। बीएमआर का सबसे बड़ा नियम 'अर्बन-रूरल सिनर्जी' है। गांवों की कृषि भूमि को खत्म नहीं किया जाएगा, बल्कि गांवों को पक्की सड़कों, कोल्ड स्टोरेज और शहर की बड़ी मंडियों से जोड़ा जाएगा। आपके उत्पाद शहर में महंगे बिकेंगे और गांव में शहर जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

**Q युवाओं और प्रोफेशनल्स के लिए इसमें क्या है?**

3,700 एकड़ में बनने वाली 'नॉलेज और AI सिटी' गेम चेंजर है। अब युवाओं को आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिसर्च की नौकरी के लिए बेंगलुरु या पुणे नहीं जाना पड़ेगा। दुनिया भर की टेक कंपनियां अपना बेस इसी रीजन में बनाएंगी।

**Q रियल एस्टेट और प्रॉपर्टी मार्केट पर क्या असर होगा?**

अनियोजित कॉलोनियों पर लगाम लगेगी। 12 हजार वर्ग किमी क्षेत्र के लिए एक ही अथॉरिटी होने से सड़कों, वाटर सप्लाई, सीवेज, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, इलेक्ट्रिसिटी आदि का प्लान पहले से तय होगा। इससे प्रॉपर्टी मार्केट में 'सेफ और सस्टेनेबल' उछाल आएगा। विदेशी निवेश आने से जमीनों के रेट लॉजिकल और लाभकारी होंगे।

**Q आम शहरी को ट्रैफिक और भीड़ से कैसे निजात मिलेगी?**

डिसेंट्रलाइजेशन के जरिए। अब हर दफ्तर, अस्पताल या कॉलेज सिर्फ भोपाल शहर के बीचों-बीच नहीं बनेगा। इन्हें सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़, नर्मदापुरम की तरफ शिफ्ट किया जाएगा, जिससे शहर के बीच का ट्रैफिक दबाव अपने आप कम हो जाएगा।

**Q शहरों के अनियंत्रित फैलाव को कैसे रोकेंगे?**

बीएमआर के प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा असर 'ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट' मॉडल के रूप में सामने आएगा। अब तक हाईवे बनने के बाद उसके आसपास अनियोजित कॉलोनियां और बाजार विकसित हो जाते थे, जिससे शहरों का अनियंत्रित फैलाव बढ़ता था। लेकिन नई रणनीति में रेलवे स्टेशन, हाईवे जंक्शन और बड़े ट्रांजिट कॉरिडोर को इकोनॉमिक एंकर बनाया जाएगा। यानी भविष्य के नए आवासीय क्षेत्र, उद्योग और वेयरहाउस उन्हीं इलाकों में विकसित होंगे जहां पहले से मजबूत कनेक्टिविटी मौजूद है।

## विशेषताएं... जो इसे बनाती हैं अलग

# रीजन की 62 लाख की आबादी बनेगी इकॉनामी का नया पावर हाउस

**भोपाल।** भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन यानी बीएमआर सिर्फ नक्शे पर खिंची लकीर नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा 'डेमोग्राफिक पावरहाउस' बनने जा रहा है। लगभग 2.6% की सालाना जनसंख्या वृद्धि दर के साथ यह क्षेत्र 1.7% के राष्ट्रीय औसत को काफी पीछे छोड़ चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि वर्ष 2025-26 तक अनुमानित 62 लाख की आबादी के साथ यहां एक विशाल और कुशल कार्यबल होगा, जो मध्य प्रदेश के 2.1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का मुख्य आधार बनेगा।

**सबसे बड़ा कंज्यूमर मार्केटः** बीएमआर के इस 12,099 वर्ग किलोमीटर के बड़े दायरे की 58% आबादी पहले से ही पूरी तरह शहरीकृत हो चुकी है। इसमें अकेले भोपाल जिला 49% आबादी के साथ मुख्य भूमिका निभा रहा है। इतनी बड़ी शहरी आबादी के चलते यहां बड़े पैमाने पर औद्योगिक, रियल एस्टेट और कमर्शियल निवेश के लिए एक विशाल कंज्यूमर मार्केट उपलब्ध है।

**मजबूत कार्यबल**

वर्ष 2025-26 तक अनुमानित 22 लाख की कामकाजी आबादी के कुशल कार्यबल यहां की सबसे बड़ी ताकत है। मंडीदीप जैसे औद्योगिक केंद्र में असाधारण रूप से 98% और ब्यावरा में 95% लोग खेती की बजाय सीधे हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग, फैक्ट्रियों और आधुनिक सर्विस सेक्टर से जुड़े हैं।

**मजबूत ग्रामीण भागीदारी**


कृषि और उससे जुड़े सेक्टर्स इस रीजन की आर्थिक रीढ़ हैं। शहरी क्षेत्रों में कार्यबल भागीदारी दर 33% है, वहीं ग्रामीण इलाकों में यह 42% है। ग्रामीण अंचल की मजबूत भागीदारी से यह सुनिश्चित होगा कि विकास की दौड़ में खेत-खलिहान पीछे न छूटें।

**मल्टी-पोलर मॉडल :** आमतौर पर विकास केवल मुख्य राजधानी के इर्द-गिर्द सिमट जाता है, जिससे शहर चोक होने लगते हैं। लेकिन बीएमआर को मल्टी-पोलर मॉडल पर डिजाइन किया गया है। इसके तहत 2,510 गांवों और शहरी क्षेत्रों में ग्रोथ नोड्स एक्टिव किए जा रहे हैं। ये कस्बे पारंपरिक परिवेश से बाहर निकलकर हाई-टेक केंद्रों में बदलेंगे।

## दिल्ली-एनसीआर से लेकर लंदन-शंघाई से मिली प्रेरणा

# मेट्रोपॉलिटन रीजन का ग्लोबल विजन बनेगा अब बीएमआर का आधार

**एक्सपर्ट व्यू**



प्रो. सस्वत बंद्योपाध्याय
प्रोफेसर, शहरी नियोजन एवं गुजरात में शहरी नियोजन उच्च स्तरीय समिति के सदस्य

दुनिया के सबसे सफल महानगर केवल एक शहर के विस्तार से नहीं, बल्कि कई छोटे शहरों के जुड़ने और सुनियोजित रीजनल प्लानिंग से बने हैं। इसलिए नीति आयोग ने भी सभी राज्यों को मेट्रोपॉलिटन रीजन के सुझाव भेजे थे।यह खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश सरकार ने इस पर तेजी से अमल शुरू कर दिया है। उज्जैन-इंदौर और भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन का प्लान इसी सुनियोजित प्लानिंग के तहत तैयार किया गया है। इससे रीजन में इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र सरकार का भी सिटीज ग्रोथ पर फोकस है। इसलिए अर्बन चैलेंज फंड शुरू किया गया है। मेट्रोपॉलिटन रीजन बनने से केंद्रीय फंड में ज्यादा महत्व मिलेगा। इससे पहले भी दिल्ली-एनसीआर समेत भारत के कुछ राज्यों ने मेट्रोपॉलिटन रीजन के मॉडल को अपनाकर अपने विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। हमारे पास विदेशों का भी अनुभव है। खासकर जर्मनी का फ्रेंकफर्ट रीजन। अब मध्यप्रदेश भी उसी ओर कदम बढ़ा रहा है।

## भोपाल के निकट भौंरी में धरातल पर उतरेगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन

# 3700 एकड़ में आकार लेगी नॉलेज और AI सिटी बेंगलुरु-पुणे की तर्ज पर पैदा होंगे लाखों रोज़गार

भोपाल

भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन विकास के विस्तार के साथ मध्य प्रदेश के युवाओं के लिए 'रिवर्स माइग्रेशन' (घर वापसी) के सबसे बड़े अभियान भी बनने जा रहा है। अब प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिसर्च क्षेत्र में नौकरी के लिए बेंगलुरु, पुणे या हैदराबाद की तरफ दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मास्टर प्लान के तहत भोपाल के भौंरी क्षेत्र में 3,700 एकड़ के विशाल क्षेत्र में प्रदेश की पहली 'नॉलेज और एआई सिटी' विकसित की जा रही है। यह प्रोजेक्ट सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' विजन को जमीन पर उतारेगा। यह आधुनिक हाईटेक और साइबर सिटी की तर्ज पर विकसित की जाएगी, जिसमें विश्वस्तरीय शैक्षणिक संस्थान, अनुसंधान केंद्र और स्टार्टअप्स एक ही जगह स्थापित होंगे।

### क्या होगा 'नॉलेज और AI सिटी' में खास?

**ग्लोबल टेक हबः** दिग्गज आईटी व टेक कंपनियां अपना डाटा सेंटर और रिसर्च हब यहां बना सकेंगी।

**प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चरः** फैक्ट्री या दफ्तर बनाने जमीन लेकर सालों इंतजार नहीं। प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा, यानी आते ही काम शुरू।

**टर्शियरी सेक्टर को बूमः** बीएमआर में सर्विस व आईटी सेक्टर (टर्शियरी सेक्टर) को बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। यह सिटी इस सेक्टर का सबसे बड़ा पावरहाउस बनेगी, जिससे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लाखों रोजगार पैदा होंगे। अगले 10 साल में यह आय दोगुना कर देगी।

## कनेक्टिविटी की नई परिभाषा... 100 किमी तक की दूरी अब केवल 60 मिनट में पूरा करने का लक्ष्य

# किमी नहीं... मिनटों में नापी जाएगी बीएमआर में दूरी

भोपाल

भोपाल अब केवल राजधानी नहीं रहेगा, बल्कि मध्यप्रदेश की नई आर्थिक धुरी बनने की तैयारी में है। बीएमआर के जरिए सरकार 100 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 22 शहरों और करीब 2,510 गांवों को ऐसी एकीकृत आर्थिक इकाई में बदलना चाहती है, जहां किसी भी शहर तक अधिकतम 60 मिनट में पहुंचा जा सके। इसके लिए ट्रांसपोर्ट नेटवर्क, शहरी विकास मॉडल और औद्योगिक ढांचे को नए सिरे से डिजाइन किया जा रहा है। अभी भोपाल से मंडीदीप, सीहोर, विदिशा और रायसेन जैसे शहरों तक पहुंचने में 40 मिनट से लेकर 2 घंटे तक लग जाते हैं। बीएमआर का सबसे बड़ा लक्ष्य इसे घटाकर अधिकतम 60 मिनट तक सीमित करना है।

### प्रदेश और देश से दोगुना सड़क घनत्व, 623 किमी एनएच व 423 किमी स्टेट हाईवे देगा विकास को रफ्तार

#### उद्देश्य...क्षमता का पूरा उपयोग

शहरों के बीच की दूरी समय के हिसाब से घटेगी, तब निवेश, उद्योग, रोजगार और आवास का दबाव भी संतुलित तरीके से बंटेगा। लॉजिस्टिक हब का विस्तार ताकि मंडीदीप इनलैंड कंटेनर डिपो जैसे औद्योगिक केंद्रों की क्षमता का पूरा उपयोग हो सके।

**50 किमी का आंतरिक घेरा**

- सीहोर, विदिशा, रायसेन और मंडीदीप शामिल।
- **उद्देश्यः** शहरों को सैटेलाइट टाउन के रूप में विकसित करना।
- **कनेक्टिविटीः** भोपाल तक 60 मिनट में पहुँचने का लक्ष्य।
- **विजनः** रेसिडेंशियल और कमर्शियल विस्तार को बढ़ावा।



**100 किमी का बाहरी घेरा**

- शुजालपुर, ब्यावरा, पचोर, नर्मदापुरम, इटारसी सहित 2510 गांव शामिल।
- **उद्देश्यः** भोपाल को लॉजिस्टिक और इंडस्ट्रियल हब बनाना।
- **कनेक्टिविटीः** फ्रेट रूट-अल्टरनेट कॉरिडोर से तेज माल ढुलाई।
- **विजनः** नॉलेज सिटी, एआई सिटी और बड़े वेयरहाउस विकसित होंगे।


**फायदा** रोज़गार, बेहतर आवास और तेज आवागमन की सुविधा। इटारसी कनेक्शन से उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच।

D-19124/26

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौती बढ़ती महंगाई

देश में बढ़ती महंगाई एक बार फिर चिंता का विषय बन गई है। जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह लगातार छठा महीना है, जब महंगाई में वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनवरी 2025 के बाद पहली बार महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के मध्य लक्ष्य को पार कर गई है। यद्यपि यह अभी भी आरबीआई के 2 से 6 प्रतिशत के सहनशीलता दायरे में है, लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई भविष्य के लिए गंभीर संकेत दे रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो इसका असर केवल आम आदमी की जेब तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश की आर्थिक विकास दर भी प्रभावित हो सकती है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण इस बार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी है। आलू, प्याज, टमाटर, अदरक जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं लगातार महंगी हो रही हैं। इन वस्तुओं का सीधा संबंध आम परिवार की रसोई से है। जब भोजन महंगा होता है तो सबसे अधिक बोझ मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा बाजार की अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल महंगा होने से परिवहन, उद्योग और उत्पादन लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंततः उपभोक्ता पर ही पड़ता है। दूसरी ओर अल नीनो के प्रभाव और मानसून को लेकर बनी अनिश्चितता भी चिंता बढ़ा रही है। यदि वर्षा सामान्य से कम रहती है तो कृषि उत्पादन प्रभावित होगा और खाद्य महंगाई और तेज हो सकती है। महंगाई बढ़ने का एक बड़ा असर मौद्रिक नीति पर पड़ता है। यदि मूल्य वृद्धि लगातार बनी रहती है तो आरबीआई को रेपो रेट बढ़ाने का विकल्प अपनाना पड़ सकता है। रेपो रेट बढ़ने का मतलब है कि बैंकों के लिए धन जुटाना महंगा होगा और वे होम लोन, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण तथा उद्योगों को दिए जाने वाले कर्ज की ब्याज दरें बढ़ा देंगे। इससे निवेश और खपत दोनों प्रभावित होंगे। उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ सकता है और रोजगार सृजन की रफ्तार भी कम हो सकती है। अर्थात महंगाई पर नियंत्रण के लिए उठाया गया कदम आर्थिक विकास की गति को भी प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि आरबीआई के सामने महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की कठिन चुनौती है। सरकार के लिए भी यह समय सतर्क रहने का है। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देकर आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करना भी दीर्घकालिक समाधान का हिस्सा होना चाहिए। केवल ब्याज दरों के सहारे महंगाई पर नियंत्रण संभव नहीं है; इसके लिए उत्पादन, आपूर्ति और बाजार प्रबंधन को समान रूप से मजबूत करना होगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक परिस्थितियों से पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। इसलिए आर्थिक नीति को केवल वर्तमान महंगाई तक सीमित न रखकर भविष्य के संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए तैयार करना होगा। मूल्य स्थिरता, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा को समान प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। महंगाई का मुकाबला केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि प्रभावी नीतियों और मजबूत इच्छाशक्ति से किया जा सकता है। सरकार और आरबीआई के बीच बेहतर तालमेल, कृषि एवं ऊर्जा क्षेत्र में सुधार, मजबूत आपूर्ति व्यवस्था और बाजार की पारदर्शिता ही इस चुनौती का स्थायी समाधान है।



विदेश दौरे
अखिलेश आर्येन्दु

# पीएम की यात्रा ने साधे कई लक्ष्य

> प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्राओं पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह उनकी पिछली विदेश यात्राएं देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियों भरी रही। पिछले दस वर्षों में भारत की साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वासनीयता बढ़ी है।

प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्रा पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह पिछली विदेश यात्राएं उनकी देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियां भरी रही। जिन क्षेत्रों में इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से सहमतियां, समझौते और शिक्षा-सुरक्षा संबंधी साझेदारी हुई, उनमें सैन्य निर्यात, ऊर्जा सुरक्षा, कृषि-डेयरी और व्यापार विस्तार की साझेदारी के लिहाज से बेहद सफल और ऐतिहासिक कह जाना चाहिए। इससे भारत को आने वाले दिनों में कई तरह के फायदे तो होंगे ही, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पर बढ़ती चिंताओं को कम करना मुनासिब होगा। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया विदेशी दौरे की शुरुआत इंडोनेशिया से हुई। जकार्ता पहुंचने पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का मोदी की आगवानी और स्वागत अत्यंत आत्मीयतापूर्ण था। इससे दुनियाभर में यह संदेश गया कि मोदी आज भी दुनिया के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं और नेतृत्व-कर्ताओं में पहले नंबर पर बरकरार हैं। जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता और 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें ब्रह्मोस मिसाइल सौदा बेहद महत्वपूर्ण था। इस महत्वपूर्ण सौदे से भारत के लिए तटीय रक्षा प्रणालियों को इंडोनेशिया को निर्यात करने का नया रास्ता खुल गया। इससे एक तीर से दो लक्ष्य साधे गए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए समुद्री सूचनाओं को साझा करने और सुरक्षा बढ़ाने पर दोनों देशों में सहमति बनी। इसके तहत दोनों देश सांझा सैन्य अभ्यास करेंगे। दूसरी महत्वपूर्ण बात, ब्रह्मोस मिसाइल के निर्यात से भारत को रक्षा के क्षेत्र में आर्थिक फायदा होगा। इसके साथ ही, चीन के प्रभुत्व को संतुलित करने के लिए एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत सबांग बंदरगाह के संयुक्त रणनीतिक विकास और समुद्री सुरक्षा पर बड़ा करार हुआ। दोनों देश एक सांस्कृतिक पटल से जुड़े हुए हैं। दोनों देशों के बीच खनिज-स्टील सप्लाई चेन को मजबूत करने पर भी सहमति बनी। इसी के साथ रेयर मैगनेट (दुर्लभ खनिज) पर भी डील हुई। एक और खास समझौता शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में हुआ, जिसके तहत भारत का प्रसिद्ध भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु (आईआईएम) इंडोनेशिया में नया कैंपस खोलने पर भी सहमति हुई। कुल 14 समझोतों से भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि एक दूसरे के प्रति सभी क्षेत्रों में विश्वासनीयता भी बढ़ी है। दोनों देशों के बीच मित्रता और विश्वासनीयता की दीवार कितनी मजबूत है और इंडोनेशिया की जनता और वहां की सरकार के नज़र में मोदी की छवि किस तरह की है, यह उन्हें मिले इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से जाहिर होता है। इंडोनेशिया-भारत मैत्री कोई नई नहीं है, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार के शासन के बाद दोनों देशों में एक



नए दौर और युग की शुरुआत हुई है। मोदी को मिला इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान उनकी लोकप्रियता का तकाजा है कि जब भी वे विदेशी दौरे पर जाते हैं, तब उन्हें उस देश का सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इंडोनेशिया का मिला सर्वोच्च सम्मान इसी लोकप्रियता की अगली कड़ी का हिस्सा है। अब जब कि दुनिया के तमाम देशों में कई मुद्दों को लेकर तनातनी का माहौल है, ऐसे में मोदी की विदेश यात्राएं उनकी लोकप्रियता और उनकी दुनिया के देशों से उनकी मैत्री के वजह से भारत को संभावित संकटों से उबरने में मददगार साबित हो रहीं हैं। इंडोनेशिया से दोस्ती की नई इबारत लिखने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जकार्ता से चलकर 7 जुलाई को मेलबर्न आस्ट्रेलिया पहुंचे। आस्ट्रेलिया भारत के रिश्ते दशकों पुराने हैं। मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य रक्षा, खनिज और परमाणु सहयोग को लेकर द्विपक्षीय समझौते हुए। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के मध्य शिखर वार्ता हुई। बाद में दोनों देशों के मध्य अनेक क्षेत्रों में समझौते हुए। जिनमें असैन्य ऩाभिकीय ऊर्जा पर करार, खनिजों की सुरक्षित सप्लाई चेन का निर्माण प्रमुख है। इन समझोतों के तहत अब आस्ट्रेलिया भारत को यूरेनियम की आबाध आपूर्ति करेगा, यह भारत के लिए नाभकीय ऊर्जा आपूर्ति के मामले में मील के पत्थर की तरह है। इसके तहत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को सुरक्षित और खुला रखने के लिए दोनों सेनाओं के बीच सैन्य अंतर-संचालनीयता और समुद्री खुफिया जानकारी साझा करने पर हस्ताक्षर किए गए। आस्ट्रेलिया सरकार ने पहली बार भारत से खेल समझौते पर करार किए हैं। यह भारत और आस्ट्रेलिया को और करीब आने में मददगार साबित हो सकता है। मोदी का हालिया न्यूजीलैंड दौरा सफल और सार्थक रहा। मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ वार्ता के बाद दोनों देशों के रिश्तों को सीधे रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेट किया गया। इस यात्रा के दौरान कुल 18 बड़े समझौते और नतीजे सामने आए। इससे भारत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वानीय मित्र देश के रूप में न्यूजीलैंड की तमाम अवसरों, क्षेत्रों और विषयों में मदद मिलेगी, इसमें कोई संदेह की बात नहीं। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि भारत-न्यूजीलैंड ने साथ-साथ कई क्षेत्रों में काम करने पर रजामंद हुए हैं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि न्यूजीलैंड ने खुलकर विज्ञान और खगोल के क्षेत्र में सहयोगी मित्र की तरह काम करने की इच्छा जताई है। इससे भारत की समुद्री सीमाएं पहले से ज्यादा सुरक्षित हो सकेंगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत का सामना करने के लिए न्यूजीलैंड के साथ ये समझौते आने वाले वर्षों में मील के पत्थर भी साबित हो सकते हैं। इसी तरह इस समझौते से आर्थिक सहयोग मजबूत होंगे और सहयोग की नई संभावनाएं तलाशी जा सकेंगी। कृषि, पशुपालन और व्यापार के क्षेत्र में रोजगार और खादान को बढ़ावा मिलेगा। सांस्कृतिक संबंध नए सिरे से आगे बढ़ सकेंगे। आस्ट्रेलिया के जरिए यूरेनियम मिलने पर सहमति से भारत की शक्ति ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ अन्य क्षेत्रों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। इससे आने वाले वक्त में ऊर्जा की कमी से होने वाली तमाम रुकावटें दूर हो सकेंगी। प्रधानमंत्री मोदी का जिस तरह से दौरे वाले तीनों देशों में स्वागत किया गया, वह भारत की बढ़ती विश्व में साख और समृद्धि का प्रतीक है। पिछले दस वर्षों में भारत की जो साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वासनीयता बढ़ी है, वह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व, सफल विदेश नीति, रणनीति और भारत की दुनिया भर के देशों से हुए बेहतर संबंध के परिणाम हैं। मोदी की तीन देशों की यात्रा से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि देश की समृद्धि, सुरक्षा, साख और बढ़ती ताकत मोदी के नेतृत्व में ही सुरक्षित है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

खेल
नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'



# टी-20 में भारतीय क्रिकेट का कठिन दौर

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में टीम इंडिया की एकतरफा हार ने भारतीय क्रिकेट जगत को झकझोर दिया। इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ मिली अप्रत्याशित पराजय ने भी यह संकेत दे दिया था कि दुनिया की नंबर एक टी-20 टीम कही जाने वाली भारत की चमक अब फीकी पड़ती दिखाई दे रही है। क्रिकेट में हार-जीत सामान्य बात है, लेकिन लगातार दो विदेशी दौरों पर जिस तरह टीम का प्रदर्शन रहा, उसने केवल खिलाड़ियों की तकनीकी कमियों को ही नहीं, बल्कि चयन नीति, टीम प्रबंधन और तैयारी की कमजोरियों को भी उजागर कर दिया। यही कारण है कि आज हर क्रिकेट प्रेमी यह सवाल पूछ रहा है कि आखिर भारतीय टीम की इस गिरावट का वास्तविक कारण क्या है और इससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है। किसी भी खेल में हार केवल खिलाड़ियों की नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था की होती है। इसलिए केवल कप्तान श्रेयस अय्यर या मुख्य कोच गौतम गंभीर को निशाने पर लेना उचित नहीं होगा। श्रेयस अय्यर लंबे अंतराल के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे और उन्हें सीधे कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। ऐसे में उनसे तुरंत चमत्कार की अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं था। इंग्लैंड के खिलाफ उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी कुछ अच्छी पारियां देखने को मिलीं, लेकिन टीम के सामूहिक प्रदर्शन की कमजोरी उन प्रयासों पर भारी पड़ गई। कप्तान तभी सफल हो सकता है जब उसके पास स्थिर टीम, स्पष्ट रणनीति और प्रबंधन का पूरा विश्वास हो। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी इस हार का गंभीर आत्ममंथन करना चाहिए। आईपीएल समाप्त होने के तुरंत बाद खिलाड़ियों को विदेशी दौरे पर भेज दिया गया, जबकि इंग्लैंड और आयरलैंड जैसी परिस्थितियों में खेलने के लिए अलग तरह की तैयारी की आवश्यकता होती है। भारतीय सपाट पिचों और इंग्लैंड की स्विंग तथा उछाल वाली पिचों में जमीन-आसमान का अंतर है। खिलाड़ियों को वहां की परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास का पर्याप्त समय नहीं मिला। इसके साथ ही कई अनुभवी खिलाड़ियों को आराम देने का निर्णय भी टीम के संतुलन पर भारी पड़ा। सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी पूरे दौरे में महसूस की गई। ऐसा प्रतीत हुआ कि विपक्षी टीमों को अपेक्षाकृत हल्के में लिया गया, जिसका परिणाम मैदान पर स्पष्ट दिखाई दिया। टीम इंडिया की सबसे बड़ी समस्या इस समय केवल तकनीकी नहीं, बल्कि मानसिक भी दिखाई देती है। वर्तमान टीम प्रबंधन लगातार खिलाड़ियों को अंदर-बाहर कर रहा है। एक-दो खराब पारियों के बाद खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है, जबकि कई बार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी अगले मैच में टीम से बाहर कर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी खिलाड़ी के मन में यह डर स्वाभाविक रूप से बैठ जाता है कि यदि आज प्रदर्शन नहीं हुआ तो अगला अवसर शायद न मिले। यह भय खिलाड़ियों को स्वाभाविक खेल खेलने से रोकता है। क्रिकेट आत्मविश्वास का खेल है और जब खिलाड़ी हर गेंद पर अपने स्थान की चिंता करने लगे तो उसका प्रदर्शन प्रभावित होना तय है। संजू सैमसन का उदाहरण सबसे उपयुक्त माना जा सकता है। उन्होंने विश्व कप और आईपीएल दोनों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, फिर भी उन्हें लगातार अवसर नहीं मिले और कई बार बिना किसी स्पष्ट कारण के टीम से बाहर कर दिया गया। यदि कोई खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद अपनी जगह सुरक्षित महसूस नहीं करता तो यह संदेश पूरी टीम में जाता है कि मेहनत और प्रदर्शन से अधिक चयन की अनिश्चितता हावी है। इससे युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। टीम प्रबंधन को यह समझना होगा कि स्थिरता किसी भी सफल टीम की सबसे बड़ी ताकत होती है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अन्य सफल टीमें खिलाड़ियों को लंबा अवसर देती हैं, जिससे वे खुलकर खेल पाते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम संयोजन पर भी नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया है। कुल मिलाकर हर असफलता अपने साथ एक सीख लेकर आती है। आयरलैंड और इंग्लैंड का यह दौरा भी भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण सबक है। अब आवश्यकता दोषारोपण की नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच की है। चयन में पारदर्शिता, खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर, स्पष्ट भूमिकाएं, विदेशी परिस्थितियों के अनुरूप तैयारी और अनुभवी तथा युवा खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण ही टीम इंडिया को फिर से विश्व क्रिकेट की शिखर टीम बना सकता है।

(लेखिक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं



संकलित
दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है- फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

# सेवा भाव ना भूलें, क्षमाशील बनें



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था, उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे। जिनका इस्तेमाल वह लोगों को उनके द्वारा की गयी गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था एक बार कुछ ऐसा हुआ कि राजा के एक पुराने मंत्री से कोई गलती हो गई। अतः क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला। सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी। राजन! मैंने आज्ञाकारी सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की है... मैं सजा पाने से पहले आपसे 10 दिनों की मोहलत चाहता हूं। मंत्री ने राजा से निवेदन किया राजा ने उसकी बात मान ली। दस दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाते हैं और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक देते हैं। परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूंछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगते हैं। राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं? आखिरकार राजा ने मंत्री से पूछा- ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं? राजन! मैंने आप से जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैं इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया। ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरे दस दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामीभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी! राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर ठगी से बचाव की समझ ही सबसे बड़ी सुरक्षा

देश में तेजी से बढ़ रही साइबर ठगी और फर्जी निवेश योजनाएं आज युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी हैं। बेरोजगारी और जल्दी अमीर बनने की चाह का फायदा उठाकर ठग नए-नए तरीके अपनाते हैं। हाल ही में वाराणसी में साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया जिसने मल्टी लेवल मार्केटिंग और पिरामिड स्कीम के नाम पर एक हजार से अधिक युवाओं से करोड़ों रुपए की ठगी की। जांच में सामने आया कि मास्टरमाइंड के बैंक खातों में केवल सात महीनों के भीतर चार करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन हुआ। यह मामला बताता है कि साइबर ठगी अब केवल मोबाइल या इंटरनेट तक सीमित नहीं रही बल्कि संगठित नेटवर्क के रूप में युवाओं को अपना शिकार बना रही है।

*-विजय गौड़, सोनीपत*

## ट्रेंड

### भारत को मजबूती दे रहे



जब चौतरफा विकास के साथ हर देशवासी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित होता है, तब राष्ट्र की प्रगति को भी नई गति मिलती है। इसी प्रेरक भावना के साथ हम भारत के सामर्थ्य को निरंतर मजबूती देने में जुटे हुए हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### राहुल ही चेहरा



पंजाब की जनता के मन में कोई भी किंतु और परंतु नहीं है। पंजाब का मतदाता लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी जी पर भरोसा कर रहा है। कांग्रेस पार्टी का पंजाब में एक ही चेहरा है, वो हैं राहुल गांधी। सभी कार्यकर्ता कांग्रेस को जिताने के लिए एकजुट हों।
**-भूपेश बघेल,** कांग्रेस प्रभारी, पंजाब

### रथ यात्रा में भाग लेगी सरकार



कोलकाता में हर साल कई रथ यात्रा समारोह आयोजित किए जाते हैं। हमारी सरकार ने इस वर्ष की रथ यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्णय लिया है। सरकार ने 60 प्रतिष्ठित रथ यात्रा समितियों को पांच-पांच लाख रुपये का अनुदान देने का फैसला किया है।
**-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल


### भाजपा का मॉडल बेनकाब



भाजपा का 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से डायरेक्ट वोट ट्रांसफर' का मॉडल पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। पार्टी चुनाव से पहले आर्थिक सहायता देकर मतदाताओं को लुभाती है और चुनाव जीतने के बाद इन योजनाओं को बंद कर देती है।"
**-अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर


# नेपाल में कवि भानुभक्त की 213वीं जयंती मनाई गई



नेपाल ने 19वीं सदी के कवि भानुभक्त आचार्य की जयंती सोमवार को विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई। भानुभक्त ने वाल्मीकि रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद किया था। भानुभक्त आचार्य को नेपाली भाषा के पहले कवि के रूप में व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। कवि की 213वीं जयंती के अवसर पर भानु प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतिनिधि सभा के स्पीकर डोल कुमार आर्याल ने उन्हें नेपाली भाषा, साहित्य और संस्कृति का अग्रदूत बताया। आर्याल ने कहा कि रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद करके उन्होंने नेपाल के लोगों को धर्म, दर्शन, नीति और विचारधारा से परिचित कराया। उन्होंने कहा, 'भानुभक्त ने हमें रामायण दी और इसके माध्यम से नेपाली साहित्य को एक ऐसा महाकाव्य मिला, जो आज भी पीढ़ियों को प्रेरित कर रहा है।' एक अन्य कार्यक्रम में विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने कहा कि जहां राजा पृथ्वी नारायण शाह ने नेपाल के भू-भाग को एकजुट किया, वहीं भानुभक्त आचार्य ने भाषा और साहित्य के माध्यम से इसके लोगों को एक सूत्र में बांधा।

## ऑफ बीट

# ब्रह्मांड का केंद्र कहां है? आकाशगंगाएं दूर हो रहीं



पृथ्वी पर, 'विस्तार' का मतलब है कि कुछ बड़ा हो रहा है। और ब्रह्मांड के संबंध में, यह सच है, कुछ हद तक। विस्तार का मतलब यह भी हो सकता है कि 'सब कुछ हमसे दूर होता जा रहा है', जो ब्रह्मांड के संबंध में भी सच है। दूर स्थित आकाशगंगाओं पर दूरबीन घुमाएं तो वे सभी हमसे दूर जाती हुई प्रतीत होंगी। इसके अलावा, वे जितनी दूर होती हैं, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। वे आकाशगंगाएं एक-दूसरे से दूर होती हुई भी दिखाई देती हैं। इसलिए यह कहना अधिक सटीक होगा कि ब्रह्मांड में हर चीज़ एक साथ हर चीज़ से दूर होती जा रही है। यह विचार सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण है। इसलिए यह पूछना कि ब्रह्मांड का केंद्र कहां है, कुछ हद तक यह पूछने जैसा है कि गुब्बारे की सतह का केंद्र कहां है? ऐसा कोई केंद्र नहीं है। आप गुब्बारे की सतह पर किसी भी दिशा में, जितनी देर चाहें, यात्रा कर सकते हैं, और आप कभी भी ऐसी जगह पर नहीं पहुंचेंगे जिसे आप इसका केंद्र कह सकें क्योंकि आप वास्तव में सतह से कभी बाहर ही नहीं निकलेंगे।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# थंडरर एनफील्डर्स ने दिया सुरक्षित राइडिंग का संदेश

## भोपाल से पचमढ़ी तक निकाली जागरुकता राइड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रॉयल एनफील्ड राइडर्स ग्रुप थंडरर एनफील्डर्स ने 11 एवं 12 जुलाई को भोपाल से पचमढ़ी तक दो दिवसीय राइड का आयोजन किया। इस राइड में डॉक्टर, इंजीनियर, व्यवसायी, आईटी प्रोफेशनल, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कर्मचारी सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े राइडर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राइड का मुख्य उद्देश्य केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना नहीं था, बल्कि सुरक्षित मोटरसाइकिल राइडिंग के प्रति लोगों को जागरूक करना भी था। सभी राइडर्स ने यात्रा के दौरान आईएसआई प्रमाणित हेलमेट, राइडिंग जैकेट, ग्लव्स, राइडिंग शूज़ और अन्य सुरक्षा गियर पहनकर जिम्मेदार राइडिंग का उदाहरण प्रस्तुत किया। रास्ते में लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, हमेशा हेलमेट पहनने तथा आवश्यक सुरक्षा गियर के उपयोग का संदेश दिया गया। राइडर्स ने बताया कि सुरक्षा ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और हर राइड की शुरुआत से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है। थंडरर एनफील्डर्स के सदस्यों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की राइड्स के माध्यम से सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार राइडिंग के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता रहेगा।


रॉयल एनफील्ड राइडर्स ग्रुप थंडरर एनफील्डर्स के सदस्य।



## नूतन कॉलेज में ठुमरी एवं दादरा गायन प्रशिक्षण कार्यशाला कल से

**भोपाल।** नूतन कॉलेज के संगीत विभाग द्वारा 15 से 18 जुलाई तक राष्ट्रीय कार्यशाला ठुमरी एवं दादरा गायन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण कोलकाता की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार विदुषी इंद्राणी मुखर्जी देंगी, जो भोपाल में पहली बार पधारी हैं।

चार दिवसीय इस कार्यशाला में प्रतिभागी पूरब अंग की ठुमरी-दादरा की परंपरागत शैली, बारीकियां एवं इम्प्रोवाइजेशन सीखेंगे। कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र विहारी गोस्वामी के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. नीना श्रीवास्तव ने बताया कि मप्र के किसी शासकीय महाविद्यालय में ठुमरी-दादरा विषय पर होने वाली यह पहली कार्यशाला है। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों के साथ-साथ बाह्य संस्थाओं की छात्राएं, प्राध्यापक एवं अन्य संगीत प्रेमी भी भाग ले रहे हैं।

### एकलव्य फाउंडेशन में एनवॉयसीसी के 'क्लाइमेट चैंपियंस फेलोशिप' में आए देशभर के 31 प्रतिभागी

# डीआरडीओ की बायो-डाइजेस्टर तकनीक से लक्षद्वीप में ह्यूमन वेस्ट की चुनौती होगी कम...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित बायो-डाइजेस्टर तकनीक ने जिस प्रकार सियाचिन ग्लेशियर और हिमालय जैसे अत्यंत कम तापमान वाले क्षेत्रों में मानव अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण की समस्या को दूर किया वैसा ही एक्सपेरिमेंट मैं अपने छोटे से द्वीप अगत्ती पर करना चाहता हूं, ताकि लक्षद्वीप पर बढ़ते टयूरिज्म की वजह से ह्यूमन वेस्ट की समस्या का समाधान हो सके... यह कहना है अगत्ती (लक्षद्वीप) से आए अक्षत का, जो सोमवार को एकलव्य फाउंडेशन में नेशनल यूथ क्लाइमेट कंसोर्टियम (एनवॉयसीसी) के ब्रिंग बैक ग्रीन फाउंडेशन द्वारा अपने तीसरे 'क्लाइमेट चैंपियंस फेलोशिप' में बोल रहे थे। इस तीन दिवसीय फेलोशिप कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से चुने गए 31 युवा शामिल हुए।

**चुने गए 31 युवा शामिल हुए**


तीन दिवसीय फेलोशिप कार्यक्रम में हिस्सा लेते युवा।

### सीओपी 29 और यूएनईए-7 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कर चुके भारत का प्रतिनिधित्व



ब्रिंग बैक ग्रीन फाउंडेशन के निदेशक अखिलेश अनिलकुमार ने कहा कि छह माह की यह फेलोशिप 18 से 29 उम्र के ऐसे युवाओं को तैयार करती है, जो अपने क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन पर स्थानीय समाधान विकसित कर सकें। जो समुदाय के साथ मिलकर कार्य करेंगे तथा सरकारी एजेंसियों और जमीनी संगठनों के सहयोग से अपने प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पिछले बैच के कई प्रतिभागियों ने सीओपी-29 और यूएनईए-7 जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया। इस साल सिलेक्टेड क्लाइमेट चैंपियंस को भी सीओपी-31 सहित वैश्विक मंचों पर भारत के युवाओं की आवाज रखने का अवसर मिलेगा।

### 'भुंगरू' तकनीक से होगा बैतूल में जल संरक्षण



बैतूल के गांवों में भूंगरू तकनीक के द्वारा जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण का अपना मॉडल प्रस्तुत करते हुए जैमिन जोषी ने कहा कि गुजरात में 'भुंगरू' का अर्थ 'स्ट्रॉ' (पाइप) होता है, जिसमें मानसून के दौरान या अन्य माध्यम से पानी को जमीन के अंदर बने फिल्टर के माध्यम से भूजल में पहुंचाया जाता है, जिसका प्रयोग गर्मियों में या सूखे के मौसम में सिंचाई के लिए होता हैं। क्योंकि बैतूल पहाड़ों से घिरा एरिया है, ऐसे में भूजल स्तर की समस्या का समाधान मैं अपनी कम्यूनिटी के साथ मिलकर 'भुंगरू' तकनीकि से दूर करुंगा।

### मैंग्रोव वन, प्रवाल भित्तियां सहित कई समस्याओं को करूंगी दूर



अंडमान निकोबार से आईं जैक लीन ने कहा कि हमारे द्वीप पर जैव विविधता, मैंग्रोव वन, प्रवाल भित्तियां और समुद्री जीव लगातार कई पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिसमें बढ़ता टयूरिज्म और प्रदूषण एक मुख्य समस्या है और मैं इस क्लाइमेट चैंपियंस फेलोशिप से अपने क्षेत्र की इन्हीं चुनिंदा समस्याओं का समाधान करुंगी।

### सोलर ऊर्जा से करूंगी अपने गांव को उज्जवल



मिजोरम से आईं वानलालह्लिमपुई ने कहा कि हमारे राज्य में चम्फाई जिले में स्थित वंकल सोलर पार्क सबसे बड़ा सौर पार्क है। 20 मेगावाट क्षमता के इस पार्कसे कार्बन फुटप्रिंट को कम किया है, वहीं पीएम सूर्य घर योजना का भी हमारे क्षेत्र में प्रभाव है, तो मैं सोलर ऊर्जा के इसी क्षेत्र में आगे काम करना चाहूंगी और लोगों को छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करुंगी।


छात्र अध्ययन यात्रा शामिल हुए विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थी और शिक्षक।

## रबींद्रनाथ टैगोर विवि में हुआ नौ दिवसीय 'राष्ट्रीय छात्र अध्ययन यात्रा' का शुभारंभ

**असम, मणिपुर, मिजोरम, पश्चिम बंगाल सहित दस राज्यों के विद्यार्थी कर रहे हैं भागीदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबींद्रनाथ टैगोर विवि में नौ दिवसीय राष्ट्रीय छात्र अध्ययन यात्रा का आयोजन 13 से 21 जुलाई तक किया जा रहा है। इसमें असम, मणिपुर, मिजोरम, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, केरल, सहित दस हिंदीतर भाषी राज्यों के पचास विद्यार्थी भागीदारी कर रहे हैं। छात्र अध्ययन यात्रा का मुख्य संयोजन विश्व रंग फाउंडेशन, रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि द्वारा किया गया है।

### हिंदी के विभिन्न पक्षों से कराया जाता है परिचित

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हिंदी निदेशालय, भारत सरकार की सहायक निदेशक तमन्ना रानी ने कहा कि केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा प्रति वर्ष हिंदीतरभाषी क्षेत्रों में स्थित विवि स्तर पर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओं में हिंदी भाषा एवं साहित्य का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों की अध्ययन यात्राएं आयोजित की जाती हैं, जिसमें प्रत्येक छात्र अध्ययन यात्रा दल को हिंदीभाषी क्षेत्रों में स्थित शैक्षणिक हिंदी संस्थाओं में ले जाया जाता है। इन संस्थानों में आपसी सहभागिता पूर्ण रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से हिंदी के विभिन्न पक्षों से उनका परिचय कराया जाता है।

### 'विश्व रंग' ने भारतीय भाषाओं के लिए किए महत्वपूर्ण कार्य

रबींद्रनाथ टैगौर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने कहा कि आरएनटीयू ने कला, साहित्य, संस्कृति तथा हिंदी एवं भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के वैश्विक मंच 'विश्व रंग' के माध्यम से विश्व के 70 से अधिक देशों में हिंदी और भारतीय भाषाओं के लिए महत्वपूर्ण कार्य संपादित किए हैं।

## 'नागानन्द' के मंचन की तैयारी अंतिम दौर में, कलाकारों की प्रतिभा का किया परीक्षण

### कार्यक्रम में हिस्सा लेने पूरे देश से आए कलाकार


कार्यशाला में अभ्यास करते कलाकार।

**कार्यशाला के छठे दिन मंचन की बारीकियों का हुआ अभ्यास, 27 जुलाई को होगा संस्कृत नाटक का मंचन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, परिसर में आयोजित 21 दिवसीय संस्कृत रूपक निर्देशन राष्ट्रीय कार्यशाला अब अपने अहम चरण में पहुंच गई है। छठे दिन प्रतिभागियों ने महाकवि श्रीहर्ष के प्रसिद्ध संस्कृत नाटक 'नागानन्द' के मंचन की बारीकियों को व्यवहारिक रूप से सीखा, वहीं विभिन्न पात्रों के चयन के लिए अभिनय परीक्षण भी लिया गया।

कार्यशाला के दूसरे सत्र में केरल के प्रख्यात रंग विशेषज्ञ वी. गिरीशन ने प्रतिभागियों को मंच पर प्रवेश-निर्गमन, संवाद अदायगी, आंगिक एवं वाचिक अभिनय, भावाभिव्यक्ति और दृश्य संयोजन का गहन प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों ने मंच पर अलग-अलग पात्रों का अभिनय कर अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान उनके उच्चारण, देहभाषा, संवाद शैली और मंचीय उपस्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

कार्यशाला में महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, असम और मध्यप्रदेश सहित देशभर से आए प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। सभी कलाकार 27 जुलाई को होने वाले 'नागानन्द' के मंचन की तैयारी में जुटे हैं।

रंगकर्मी दीपक भारद्वाज ने कहा कि किसी भी नाटक की सफलता उसके प्रभावी निर्देशन पर निर्भर करती है। इसलिए कार्यशाला में अभिनय के साथ-साथ निर्देशन और मंच संचालन के व्यावहारिक पक्ष पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### 27 को भव्य मंचन किया जाएगा

प्रो. हंसधर झा ने बताया कि भरतमुनि की समृद्ध नाट्य परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय 27 जुलाई को महाकवि श्रीहर्ष रचित 'नागानन्द' का भव्य मंचन करेगा।



## रोटरी क्लब भोपाल स्मार्ट सिटी का पौधरोपण अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोटरी क्लब भोपाल स्मार्ट सिटी द्वारा कोपल कॉलेज, नीलबड़ में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ पौधरोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब के प्रेसिडेंट रोटेरियन विक्रम सिंह एवं सेक्रेटरी रोटेरियन रक्षा पांडे ने किया। इस अवसर पर क्लब के लगभग 50 सदस्यों ने मिलकर 50 पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम में सेवा, पर्यावरण जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।



## हॉबी कलेक्शन एंड वेलफेयर सोसाइटी का वार्षिक महा मिलन कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हॉबी कलेक्शन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वार्षिक महा मिलन कार्यक्रम का आयोजन कटारा हिल में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जस्टिस अनिल वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि भास्कर रेड्डी, प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रहे। अतिथियों ने सोसाइटी द्वारा कला, संस्कृति, इतिहास संरक्षण, संग्रहण एवं सामाजिक जागरुकता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन रामगोपाल ठाकुर ने किया। उन्होंने सोसाइटी की स्थापना, गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सोसाइटी में शामिल हुए नए सदस्यों को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

■ नए सदस्यों को पौधा भेंट किया गया



## सेफ क्लिक हैकाथॉन 2.0 में एसजीएसयू के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के विद्यार्थियों ने एक बार फिर नवाचार, तकनीकी दक्षता और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। मध्यप्रदेश पुलिस (रायसेन पुलिस) द्वारा सेफ क्लिक के अंतर्गत रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि (आरएनटीयू) के सहयोग से आयोजित सेफ क्लिक हैकाथॉन 2.0 में एसजीएसयू के विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों के अभिनव समाधान प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में एसजीएसयू की टीम ऑब्सीडियन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। टीम में प्रियांशु कुशवाहा, ईशान चौधरी एवं यश प्रताप कुशवाहा शामिल थे। टीम ने अपनी तकनीकी समझ, नवाचारपूर्ण सोच और उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया।

**साइबर सुरक्षा नवाचार प्रतियोगिता में टीम ऑब्सीडियन ने जीता द्वितीय रनर-अप पुरस्कार**

### रंगशाला की 'रूबरू' संवाद श्रृंखला में दिव्यांगजनों ने साझा किए अनुभव

# 'दिव्यांगता नहीं, इंसान को देखिए'; समाज की सोच बदलने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी दिव्यांग व्यक्ति से पहली मुलाकात में आप क्या देखते हैं-उसकी दिव्यांगता या उसके भीतर छिपी प्रतिभा, इसी सवाल के साथ रंगशाला की प्रतिष्ठित 'रूबरू' संवाद श्रृंखला में समावेश (इन्क्लूजन) पर सार्थक चर्चा हुई। आरुषि संस्था के संस्थापक रोहित ने कहा कि दिव्यांगजनों की सबसे बड़ी चुनौती शारीरिक या मानसिक स्थिति नहीं, बल्कि समाज का नजरिया है, जो उनकी पूरी पहचान को केवल दिव्यांगता तक सीमित कर देता है, उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी पहचान, सपने और क्षमताएं होती हैं, इसलिए उसे सबसे पहले एक इंसान के रूप में सम्मान मिलना चाहिए।

**दिव्यांगजनों ने साझा किए अपने अनुभव:** डाउन सिंड्रोम के साथ जीवन जी रही शिवानी ने बताया कि उन्हें लोगों के लिए कॉफी और सैंडविच बनाना बेहद पसंद है। लोगों की सराहना ही उनका सबसे बड़ा उत्साह है। पिछले 12 वर्षों से आरुषि संस्था से जुड़ी शिवानी आज संस्था के 'कैफे कोशिश' की मैनेजर हैं।


यंगशाला की 'रूबरू' संवाद श्रृंखला में हिस्सा लेते हुए।

दृष्टिबाधित स्नेहा ने अपनी कविताओं और अनुभवों के जरिए बताया कि आज भी लोगों की नजर सबसे पहले उनकी दिव्यांगता पर जाती है, जबकि उनकी पहचान, सपने और प्रतिभा कहीं पीछे छूट जाती है। चर्चा में समावेशी शिक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। वक्ताओं ने कहा कि कई स्कूल आज भी दिव्यांग बच्चों को प्रवेश देने या सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाने में संकोच करते हैं, जबकि शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जहां हर बच्चे को उसकी जरूरत के अनुसार समान अवसर मिल सके। यंगशाला की संस्थापक सदस्य रोली शिवहरे ने कहा कि 'रूबरू' श्रृंखला का उद्देश्य समाज में संवेदनशीलता और समानता की सोच विकसित करना है।



# सनातनी हिंदू होना जरूरी, 'वैष्णव परंपरा' वाले को प्राथमिकता

## राम मंदिर ट्रस्ट में सीईओ पद के लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से 18 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

- ट्रस्ट की पारदर्शी के लिए कवायद

चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति प्रारंभिक रूप से तीन वर्ष के अनुबंध पर की जाएगी, जिसे कार्य प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

**18** जुलाई तक मांगे गए आवेदन

तीन सदस्यीय सर्च कमेटी करेगी चयन

तीन वर्ष के अनुबंध पर होगी नियुक्ति



### अंतिम चयन के लिए तीन नाम सुझाएगी सर्च कमेटी

इस भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए ट्रस्ट ने तीन सदस्यीय विशेष सर्च कमेटी का गठन किया है। यह समिति प्राप्त सभी आवेदनों की गहन जांच करेगी, योग्य उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी और अंतिम चयन के लिए तीन नाम ट्रस्ट के समक्ष प्रस्तुत करेगी। इनमें से एक उम्मीदवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 18 जुलाई तक अपना आवेदन ई-मेल searchcommittee.srjbt@gmail.com पर भेज सकते हैं। ट्रस्ट का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत, पारदर्शी तथा सुव्यवस्थित बनाना है, ताकि राम मंदिर के संचालन और प्रबंधन को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके।

**उम्र 50 से 70 वर्ष के बीच हो**

पद के लिए आवेदन करने वाले का 'सनातनी हिंदू' होना अनिवार्य है और वो सक्रिय रूप से पूजा-पाठ करता हो। 'वैष्णव परंपरा' से ताल्लुक रखने वाले राम भक्तों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। 50 से 70 साल तक की उम्र का कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है। आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना जरूरी है। उसे किसी बड़े सार्वजनिक संगठन, संस्थान, सरकारी विभाग या कंपनी में प्रबंधकीय जिम्मेदारियों का काम कर से कम 20 साल का अनुभव हो।

## बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बद्रीनाथ में चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के निलंबित पर्सनल असिस्टेंट प्रमोद नौटियाल को सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय, गोपेश्वर में सिविल जज में पेश पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसपी सुरजीत सिंह पंवार के निर्देश पर गठित एसआईटी ने बताया कि प्रमोद नौटियाल को कई बार मोबाइल के नीचे और जेब में मंदिर की धनराशि व अन्य भेंट सामग्री ले जाते देखा। पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। उसके पास एक शालिग्राम शिला भी बरामद हुई है।



प्रमोद नौटियाल

## बुटाटी धाम में 22 करोड़ के गबन का दावा

राजस्थान के नागौर जिले के करीब 500 साल पुराने प्रसिद्ध बुटाटी धाम (संत श्री चतुरदास महाराज मंदिर) में 22 करोड़ रुपए से अधिक के कथित गबन का मामला सामने आने आया है। जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार यादव ने कहा कि जांच में वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। मंदिर समिति अध्यक्ष ने इन आरोपों को खारिज किया है।

### मंदिरों में चढ़ावे की सुरक्षा और पारदर्शिता

## कर्नाटक सरकार ने एसओपी जारी किया

कर्नाटक सरकार ने राज्य की ओर से संचालित मंदिरों में चढ़ावे की सुरक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिसमें परिसर में सीसीटीवी या वेब कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया है और दान के लिए क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली अपनाने पर जोर दिया गया है। सीएम डीके शिवकुमार ने धर्मार्थ बंदोबस्ती (मुजराई) विभाग को निर्देश दिए थे।

---

### खबर संक्षेप

**एसयूवी ट्रक से टकराई 5 की मौत, 3 घायल**



जयपुर। राजस्थान के बालोतरा जिले में बाड़मेर-जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा भाड़ियावास गांव के पास हुआ, जब तेज रफ्तार से जा रही एक एसयूवी आगे चल रहे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई।

**ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो 3 की मौत, 9 घायल**



कानपुर। कानपुर में सोमवार सुबह 6 बजे नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक में स्कॉर्पियो जा घुसी। हादसे में भाई-बहन समेत 3 की मौके पर मौत हो गई। 9 लोग गंभीर घायल हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार के पार्ट्स 15-20 फीट दूर तक बिखर गए। उसकी छत उड़ गई। स्कॉर्पियो में सवार लोग अंदर फंस गए।

**महिला समृद्धि योजना अब दिल्ली लक्ष्मी योजना**



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने महिला समृद्धि योजना का नाम बदलकर 'दिल्ली लक्ष्मी योजना' कर दिया है। सीएम रेखा गुप्ता ने सयोजना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसे रक्षाबंधन के आसपास शुरू करने का लक्ष्य तय किया है। योजना में 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे।

**आप पार्टी का पूर्व पार्षद ताहिर व चार दोषी करार**



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन और चार अन्य लोगों को 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगे के दौरान खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हुई सनसनीखेज हत्या का दोषी ठहराया।

## पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

# इज्जत बचाने के लिए माता-पिता दर्ज कराते हैं आपराधिक केस

### किशोरों के आपसी सहमति वाले रिश्तों में एक्ट का दुरुपयोग हो रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त लहजे में सवाल किया कि कोई राज्य किसी लड़के और लड़की को भागने से कैसे रोक सकता है? पॉक्सो एक्ट बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और शोषण को रोकने के लिए है। 15 से 18 साल की उम्र एक संवेदनशील उम्र होती है

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर किशोरों के आपसी सहमति से बने रिश्तों में पॉक्सो एक्ट के गलत इस्तेमाल पर गंभीर चिंता जताई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि जब टीनेज लड़कियां अपने पार्टनर्स के साथ परिवार वालों के बिना अनुमति के शादी करने लेतीं हैं, तो माता-पिता अक्सर अपनी तथाकथित 'इज्जत' बचाने के लिए आपराधिक मामले दर्ज करा देते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त लहजे में सवाल किया कि कोई राज्य किसी लड़के और लड़की को भागने से कैसे रोक सकता है? पॉक्सो एक्ट बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और शोषण को रोकने के लिए है। 15 से 18 साल की उम्र एक संवेदनशील उम्र होती है, क्या ऐसे मामलों को सच में पॉक्सो के तहत लाना सही है? बता दें कि यह सुनवाई किशोरों के 'निजता के अधिकार' को लेकर कोर्ट द्वारा खुद शुरू किए गए, एक मामले पर हो रही था। दरअसल, कुछ समय पहले कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक विवादित टिप्पणी करते हुए कहा था कि किशोर लड़कियों को रिश्तों में पड़ने के बजाय अपनी इच्छाओं पर काबू रखना चाहिए।

**मामले में अगली सुनवाई 17 जुलाई को**



कोर्ट ने सरकार को व्यावहारिक समाधान निकालने के दिए निर्देश

### स्कूल से ही जागरूक करेंगे: केंद्र

केंद्र सरकार के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस समस्या से निपटने के लिए एक बड़ा प्लान तैयार किया गया है। केंद्र सरकार के वकील के अनुसार कक्षा 6 से ही बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से पॉक्सो एक्ट और किशोर शिक्षा के बारे में जागरूक किया जाएगा। हालांकि जब वकील ने सुझाव दिया कि पॉक्सो मामलों की निगरानी के लिए केंद्र सरकार का एक डैशबोर्ड होना चाहिए, तो सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।

### असम में विदेशी घोषित 27 लोगों को राहत हाईकोर्ट का फैसला रद्द

**सुप्रीम कोर्ट बोला नागरिकता का फैसला निष्पक्ष प्रक्रिया से हो**

सुप्रीम कोर्ट ने असम के 27 लोगों को विदेशी घोषित करने से जुड़े मामलों में गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले रद्द कर दिए। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति की नागरिकता या विदेशी होने का फैसला निष्पक्ष, कानूनी और उचित प्रक्रिया के तहत ही होना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि यह संविधान और कानून से जुड़ा बेहद महत्वपूर्ण विषय है। सभी मामले दोबारा सुनवाई के लिए फॉरेंसर्स ट्रिब्यूनल को भेज दिए गए हैं।

**अंतिम फैसला ट्रिब्यूनल करेगा**

फॉरेंसर्स ट्रिब्यूनल सभी मामलों की नए सिरे से सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान वह अपने पहले के आदेश या गुवाहाटी हाईकोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना स्वतंत्र रूप से फैसला देगा। यह नहीं है कि अपीलकर्ताओं को नागरिकता मिल गई है।

#### काशी, मथुरा और संभल विवाद मामला

## हिंदू-मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकराया, कहा- केस लड़कर फैसला चाहते

यूपी के तीन मंदिर-मस्जिद विवादों को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ये विवाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद से जुड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए 'समाधान समारोह 2026' पहल के तहत लेटर भेजकर मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था और दोनों पक्षों से सहमति मांगी थी। किसी भी पक्ष ने इसके लिए सहमति नहीं दी। दोनों पक्षों ने कहा है कि वे अदालत में ही केस लड़कर फैसला चाहते हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट परिसर में 21 से 23 अगस्त तक 'समाधान समारोह' के तहत विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

### गोवध प्रतिबंध के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु में कहीं भी बकरीद या किसी अन्य दिन गाय या बछड़े के वध पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर स्पेशल लीव पिटिशन पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। राज्य सरकार ने मद्रास हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

#### लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे राष्ट्र को समर्पित

## राजनाथ, गडकरी और सीएम योगी ने किया लोकार्पण, 40 मिनट लगेंगे

तेज रफ्तार कनेक्टिविटी से बदलेगी यूपी की तस्वीर, विकास और निवेश को मिलेगी नई गति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

यूपी को एक बड़ी सौगात मिली, जब 63 किमी लंबे लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। करीब 4,200 करोड़ की लागत से तैयार इस आधुनिक एक्सप्रेसवे के शुरू होने से लखनऊ और कानपुर के बीच यात्रा का समय घटकर लगभग 30 से 40 मिनट रह जाएगा। यह परियोजना प्रदेश की सड़क कनेक्टिविटी, उद्योग, व्यापार और निवेश को नई गति देने वाली मानी जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे यूपी की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाएगा तथा लोगों को तेज, सुरक्षित और सुविधा वाली यात्रा का लाभ मिलेगा।

### उद्योग को होगा बड़ा लाभ: गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह को यूपी के बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेसवे केवल दो शहरों को जोड़ने वाली सड़क नहीं, बल्कि प्रदेश के औद्योगिक, व्यापारिक और आर्थिक विकास का नया द्वार है। 63 किमी लंबा छह लेन का एक्सप्रेसवे आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया है और यह देश का पहला बैरियर-फ्री एक्सप्रेसवे है। यहां टोल प्लाजा पर वाहनों को रुकना नहीं पड़ेगा। एक्सप्रेसवे पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, एआई आधारित निगरानी, स्पीड रडार, सीसीटीवी कैमरे, इमरजेंसी कॉल बॉक्स की सुविधाएं दी गई हैं।

### विश्वस्तरीय संरचना का हो रहा विकास: सीएम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि नए एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्ग प्रदेश को देश की सबसे मजबूत कनेक्टिविटी वाले राज्यों में शामिल कर रहे हैं। सीएम ने इसे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताते हुए केंद्र सरकार, विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया।

#### 13 से 16 जुलाई तक होगा आयोजन

## 'जल बजट' निर्धारण पर राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर्स कार्यक्रम हुआ शुरू



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंचायती राज मंत्रालय ने ग्राम पंचायतों द्वारा जल बजट एवं जल सुरक्षा योजना तैयार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर मास्टर ट्रेनर्स के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली में 13 से 16 जुलाई तक किया है। यह कार्यक्रम राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स का एक पूल तैयार करने के लिए देशव्यापी क्षमता निर्माण पहल की शुरुआत है। ये प्रशिक्षक तकनीकी रूप से सुदृढ़, साक्ष्य-आधारित और समुदाय-संचालित जल सुरक्षा योजनाएं तैयार करने में ग्राम पंचायतों की मदद करेंगे। पहले चरण में बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों के 100 जिलों, 100 ब्लॉकों और 1,000 ग्राम पंचायतों को शामिल किया जाएगा।

#### 'नमस्ते दिवस' आज

## देशभर में स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय मंगलवार को तीसरे 'नमस्ते दिवस' का आयोजन करेगा। यह दिवस नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य देशभर के स्वच्छता कर्मियों (सीवर एवं सेप्टिक टैंक कर्मियों, कचरा बीनने वालों) के योगदान का सम्मान करना और मैनुअल स्कैवेंजिंग को पूरी तरह समाप्त कर सुरक्षित एवं मशीनीकृत स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देना है। मुख्य समारोह कोलकाता के रवींद्र सदन में आयोजित किया जाएगा, जहां दिव्य कला मेला भी आयोजित हो रहा है। देशभर के शहरी स्थानीय निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में समानांतर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। 'नमस्ते दिवस' उन स्वच्छता कर्मियों को समर्पित है, जो सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई, कचरा संग्रहण जैसे कार्यों से जुड़े हैं।

#### 'भारत टेक्स 2026' आज से

## 14 देशों की भागीदारी, 20 हजार से अधिक टैक्सटाइल उत्पाद का मेला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र एवं परिधान आयोजन 'भारत टेक्स 2026' मंगलवार से नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में शुरू होगा। 4 दिनों तक चलने वाला यह आयोजन वस्त्र, फैशन, टिकाऊ विकास, प्रौद्योगिकी, नवाचार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करेगा। इसमें वस्त्र निर्माता, निर्यातक, वैश्विक खरीदार, निवेशक, नीति-निर्माता, विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल, पारंपरिक शिल्पकार, स्टार्ट-अप और टेक्नोलॉजी प्रदाता एक ही मंच पर जुटेंगे।

### 1.3 लाख से अधिक व्यापारी के शामिल होने की उम्मीद



भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के अध्यक्ष नरेंद्र गोयनका ने बताया कि भारत टेक्स 2026 के तीसरे संस्करण में 7,000 से अधिक खरीदारों, 1.30 लाख से अधिक व्यापारिक आगंतुकों तथा बड़ी संख्या में प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रदर्शनी में 20,000 से अधिक टेक्सटाइल उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस वर्ष 14 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक भी इस आयोजन में भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर व्यापारिक साझेदारियों को बढ़ावा देना और भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए नए अवसर सृजित करना है।

### 'मेक इन इंडिया' को मिलेगी गति

यह आयोजन व्यापार, निवेश, नवाचार, नीतिगत संवाद और रणनीतिक साझेदारियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ संपूर्ण टेक्सटाइल वैल्यू चेन को एक मंच पर लाने का कार्य कर रहा है। भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में और अधिक मजबूत स्थान दिलाने, निर्यात बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने तथा 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियानों को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


### ममता के एक और फैसले को सुभेंदु ने पलटा

## 'खेला होबे' की जगह अब 'आयुष्मान दिवस' 16 अगस्त को मनाया जाएगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने घोषणा की कि उनकी सरकार केंद्र सरकार की जन स्वास्थ्य बीमा योजना के सम्मान में 16 अगस्त को 'आयुष्मान दिवस' के रूप में मनाएगी। यह कदम पिछली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार द्वारा मनाए जाने वाले 'खेला होबे दिवस' की परंपरा को समाप्त करेगा। यह दिन राज्य में सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने का भी प्रतीक होगा।

- सरकार के 100 दिन पूरे होंगे



### 3 पूर्व टीएमसी नेताओं ने भरा

पश्चिम बंगाल में 24 जुलाई को होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा के तीन उम्मीदवारों सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

### 16 अगस्त 'काला दिन'

सीएम ने कहा कि 16 अगस्त कोलकाता के इतिहास का एक काला दिन है, क्योंकि इसी तारीख को सुहरावर्दी के नेतृत्व में 'ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स' हुई थी। वे 16 अगस्त 1946 को 'डायरेक्ट एक्शन डे' का जिक्र कर रहे थे। दंगे में करीब 4,000 लोग मर गए थे।

### सुरक्षा के तहत प्रतिबंध

सीएम ने कहा कि देश की सुरक्षा और कोलकाता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा हमारे लिए सबसे पहले है। कोलकाता हवाई अड्डे की भौगोलिक स्थिति बेहद संवेदनशील है क्योंकि इसके पास ही चीन और बांग्लादेश की सीमाएं हैं। ऐसी स्थिति में इसकी सुरक्षा जरूरी है।

## मंत्री नितेश राणे ने आमिर खान की तीसरी शादी पर कसा तंज

# वे तो लव जिहाद के ब्रांड एंबेसडर हिंदू समाज इस बारे में चिंता करे

### ऐसे एक्टर्स को बड़ा बनाने से पहले सोचें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्टर आमिर खान ने हाल ही में गौरी स्प्रैट के साथ सादगी से रजिस्टर्ड मैरिज की। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और भाजपा विधायक नितेश राणे ने इस पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या इसे 'लव जिहाद' का मामला माना जाना चाहिए या नहीं, इस पर चर्चा धीरे-धीरे जोर पकड़ रही है। उन्होंने कहा कि जब ऐसे सेलिब्रिटीज अपनी पर्सनल लाइफ में ऐसे फैसले लेते हैं, तो हिंदू समाज को इस बारे में सोचना चाहिए। यह मेरी राय है।



नितेश राणे आमिर तीसरी शादी करते हुए

### यह उनका व्यक्तिगत मामला: पेडणेकर




शिवसेना (यूबीटी) नेता और पूर्व मेयर किशोरी पेडणेकर ने भी इस मामले पर कहा कि आमिर खान की फिल्में देखना या नहीं देखना, इसका फैसला लोगों को ही करना चाहिए। कोई हिंदू लड़की यह जानती है कि जिससे वह शादी कर रही है, उसकी दो शादियां पहले से हो चुकी हैं, तो यह उन दोनों का व्यक्तिगत मामला हो गया।

### आप में क्षमता है तो करो: पठान



महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व सदस्य और एआईएमआईएम के प्रवक्ता वारिस पठान ने कहा कि अगर कोई इंसान अपनी पसंद से शादी करना चाहता है तो दिक्कत क्या है? किसी को कोई दिक्कत नहीं है तो आपको क्या दिक्कत है? उनकी क्षमता है, उन्होंने किया। अगर आपके अंदर भी क्षमता है तो आप भी करो।

### बाबा रामदेव बोले- हम सभी के पूर्वज सनातनी



योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि 'हिंदू राष्ट्र' की अवधारणा से किसी को भी डरने की कोई जरूरत नहीं है। हम सभी के पूर्वज सनातनी हिंदू आर्य-वैदिक थे। ये बिल्कुल साफ लिखा है। कुछ लोग पूछते हैं कि अगर हिंदू राष्ट्र बन गया, तो मुस्लिम कहां जाएंगे? बस अपने पूर्वजों की परंपराओं को अपना लीजिए। आप दाढ़ी रखें या कटवा लें, अपनी पसंद की कोई भी पोशाक पहनें, लेकिन अपना चरित्र अपने पूर्वजों जैसा रखें। हिंदुस्तान में मुसलमानों या ईसाइयों के लिए कोई खतरा नहीं है।

ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बनेगा भारत

# जयशंकर न्यूयॉर्क में शुरू करेंगे अभियानः यूएनएससी की अस्थाई सदस्यता के लिए भारत करेगा दावेदारी, पहले भी उठ चुकी है मांग

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में साल 2028-29 के कार्यकाल के लिए अपनी गैर-स्थाई (अस्थाई) सदस्यता की दावेदारी का औपचारिक अभियान शुरू करने जा रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में इस विशेष अभियान हैशटैग इंडिया 4 यूएनएससी 2028-29: पीस,प्लानेट, प्रोग्रेसेस यानी शांति, ग्रह और प्रगति की आधिकारिक शुरुआत करेंगे। अपने इस दौरे के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मुलाकात करेंगे, जिसमें वैश्विक सुरक्षा और सुधारों पर चर्चा होने की उम्मीद है। भारत यह अभियान एक ऐसे नाजुक समय पर शुरू कर रहा है, जब पूरी दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध, गाजा संघर्ष और पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे संकट के समय में नई दिल्ली का मुख्य प्रयास खुद को एक बेहद जिम्मेदार वैश्विक शक्ति और विकासशील देशों यानी ग्लोबल साउथ की एक अटूट व मजबूत आवाज के रूप में स्थापित करना है। भारत का लक्ष्य है कि वह विकासशील देशों के हितों को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से उठाए।

भारत 8 बार सुरक्षा परिषद का निर्वाचित सदस्य रह चुका है

अब 9वीं बार सुरक्षा परिषद का गैर-स्थायी सदस्य बनकर इतिहास रचेगा

## ताजिकिस्तान से होगा सीधा मुकाबला



संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में साल 2027 में होने वाले चुनावों में भारत का सीधा मुकाबला एशिया-प्रशांत समूह की एक सीट के लिए ताजिकिस्तान से होगा। कूटनीतिक दृष्टिकोण से यह चुनाव बेहद दिलचस्प होने वाला है। यदि भारत इस चुनाव में जीत हासिल कर लेता है, तो वह 2028-29 के कार्यकाल के लिए नौवीं बार सुरक्षा परिषद का गैर-स्थायी सदस्य बनकर इतिहास रचेगा।

## पहले भी मिल चुका है जनसमर्थन

भारत इससे पहले आठ बार-1950-51, 1967-68, 1972-73, 1977-78, 1984-85, 1991-92, 2011-12 और 2021-22 में सुरक्षा परिषद का निर्वाचित सदस्य रह चुका है। विशेष रूप से साल 2010 में हुए चुनावों में भारत को रिकॉर्ड 192 में से 187 वोट मिले थे, जो हाल के वर्षों में किसी भी देश को मिला सबसे मजबूत वैश्विक समर्थन माना जाता है।

## यूएनएससी में व्यापक सुधार की मांग को मिलेगी नई धार

हालांकि, भारत की यह कूटनीतिक कवायद केवल 2 साल के लिए अस्थायी सदस्य बनने तक ही सीमित नहीं है। नई दिल्ली इस अभियान के जरिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक और ऐतिहासिक सुधारों की अपनी पुरानी मांग को फिर से धार देगी।

## भारत का ये है तर्क

- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद साल 1945 में गठित की गई 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद आज की आधुनिक वैश्विक हकीकत का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।
- परिषद की स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार किया जाना अब समय की मांग बन चुका है।
- जब तक इसमें बदलाव नहीं होता, तब तक विकासशील देशों को वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया में उचित और न्यायसंगत प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाएगा।

## पीएम मोदी भी उठा चुके हैं आवाज

हाल ही में इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में



सुधार की तात्कालिक आवश्यकता को रेखांकित किया था। उन्होंने दोतरफा रुख साफ करते हुए कहा था कि दुनिया तेजी से बदल रही है और विकासशील देशों को वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी मिलनी ही चाहिए। स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी थी कि यूएनएससी में सुधारों को अब और ज्यादा टाला नहीं जा सकता।

## खबर संक्षेप

### टीसीएसः 8,900 एआई इंजीनियरों की भर्ती की


**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीए) ने



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में बड़ा दांव खेला है। कंपनी 8,900 विशेषज्ञ इंजीनियरों की एक विशेष टीम तैयार कर रही है, जो सीधे ग्राहकों के साथ मिलकर जटिल एआई सिस्टम को लागू करेगी। इससे पहले कंपनी ने अन्य 20 हजार कर्मचारियों की छुट्टी कर दी। सीधे ओपनएआई, गूगल जैसी वैश्विक तकनीकी को चुनौती देगी।

### जम्मू कश्मीर के बारामूला में 3.6 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार देर रात रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता का



हल्का भूकंप आया। भूकंप देर रात दो बजे आया। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। अभी तक भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। इससे पहले फरवरी में भी बारामूला जिले में रिक्टर पैमाने पर 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था। उस समय जिले का पट्टन क्षेत्र भूकंप का केंद्र था।

होर्मुज में तनाव के बीच रूस ने ईरान भेजा अत्याधुनिक विमान, अमेरिका के होश उड़े

# ईरान युद्ध में अब रूस की एंट्री ? पुतिन ने भेजा 'प्रलयकारी' टीयू-214पीयू विमान

एजेंसी ⏭ तेहरान

ईरान युद्ध में अब रूस की एंट्री देखने को मिल रही है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने अपने सबसे सुरक्षित हवाई कमांड विमानों में से एक को तेहरान भेजा है। इस बात का खुलासा उड़ान ट्रैकिंग डेटा से हुआ है। रूस ने जिस हवाई कमांड विमान टीयू-214पीयू को तेहरान भेजा है, उसे प्रलयकारी विमान भी कहा जाता है। टीयू-214पीयू , टुपोलेव टीयू-214 यात्री विमान का एक विशेष संस्करण है। इस विमान का इस्तेमाल क्रेमलिन यानी रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के लिए एक 'उड़ते हुए कमांड पोस्ट' के रूप में किया जाता है।

दरअसल, रूस द्वारा ईरान में इस विमान की तैनाती ऐसे समय में की गई है, जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरानी सैन्य ठिकानों पर अमेरिका ने हमले तेज कर दिए हैं और तेहरान ने भी इसका करारा जवाब देने की कसम खाई है। बता दें कि अमेरिकी सेना द्वारा ईरान पर हाल ही में किए गए ड्रोन और मिसाइल से हमले के बाद रूस के इस कदम को एक बड़े भू-राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने या किसी बड़ी सैन्य-तकनीकी आकस्मिक योजना पर चर्चा चल रही है। क्योंकि ईरान को संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों से लगातार सैन्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

विमान का इस्तेमाल रूसी राष्ट्रपति कार्यालय के लिए उड़ते हुए कमांड पोस्ट जैसा है

मजबूत संचार और सुरक्षित कमान-नियंत्रण प्रणालियों से लैस इस विमान में कई खूबियां

## खासियतें: 850 किमी प्रति घंटे की गति



एआई इमेज

टीयू-214पीयू कोई सामान्य सरकारी विमान नहीं है। इसे विशेष रूप से एक हवाई कमान चौकी के रूप में डिजाइन किया गया है, यह विमान बेहद मजबूत संचार और सुरक्षित कमान-नियंत्रण प्रणालियों से लैस है। अपनी इन्हीं खतरनाक और अचूक खूबियों के कारण इसे अक्सर रूस का प्रलयकारी विमान कहा जाता है। टीयू-214पीयू रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के लिए उड़ता हुआ मोबाइल कमांड पोस्ट है। इसमें अत्याधुनिक सुरक्षित संचार प्रणाली, एनक्रिप्टेड लिंक्स, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और परमाणु हमले या बड़े युद्ध में भी काम करने वाली रिडंडेंट सिस्टम लगे हैं। विमान को किसी भी मौसम, इलेक्ट्रॉनिक जामिंग और भारी खतरे को भांपता है।

## रूस-ईरान संबंधों का शुरु हो रहा है एक नया अध्याय

रूस और ईरान के बीच पिछले कई वर्षों से सैन्य, तकनीकी और खुफिया सहयोग बढ़ता रहा है। दोनों देश यूक्रेन युद्ध, सीरिया संकट और अब पश्चिम एशिया में एक-दूसरे के करीबी सहयोगी बने हुए हैं। टीयू-214पीयू की तैनाती को विशेषज्ञ रूस-ईरान के बीच हाई लेवल की सीधी बातचीत, रियल-टाइम इंटेलिजेंस शेयरिंग और संयुक्त इमरजेंसी प्लानिंग का हिस्सा मान रहे हैं। वहीं, जानकारों का अनुमान है कि यह विमान ईरानी हाई कमांड को अमेरिकी हमलों के दौरान सुरक्षित कमांड और कंट्रोल प्रदान कर सकता है। साथ ही, यह मॉस्को का स्पष्ट संदेश है कि वह तेहरान को अकेला नहीं छोड़ेगा, और हर कदम पर उसके साथ खड़ा है।

### अमेरिका-ईरान संघर्ष का नया दौर

यह तैनाती ऐसे समय हुई है जब अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए हैं। बयान के अनुसार, अमेरिकी फाइटर जेट्स, नौसेना के युद्धपोत, वन-वे अटैक एरियल ड्रोन और सी ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, तटीय रडार साइट्स, मिसाइल और ड्रोन ठिकानों तथा छोटी हमलावर नावों को निशाना बनाया गया। अमेरिका का दावा है कि इन हमलों का उद्देश्य हॉर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों पर ईरान की हमले की क्षमता को नष्ट करना है।

नगालैंड में आईईडी धमाका

# सुरक्षाकर्मियों का वाहन उड़ाया एक शहीद, चार अन्य घायल

मणिपुर के उखरुल जिले में भी पहले असम राइफल्स के काफिले पर हमला हुआ था



एजेंसी ⏭ कोहिमा

नागालैंड के सुखोई क्षेत्र में असम राइफल्स के काफिले के पास संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट की खबर सामने आई है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इस विस्फोट में एक जवान की मौत हो गई है, जबकि 4 अन्य जवान घायल हुए हैं। ये धमाका नगालैंड के चुमौकेदिमा इलाके में हुआ है। ये एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार असम राइफल्स के काफिले के पास आईईडी विस्फोट होने की खबर सामने आई है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। असम राइफल्स का एक काफिला नियमित गश्त पर था, तभी सड़क किनारे लगाए गए एक शक्तिशाली आईईडी में विस्फोट हुआ। यह घटना नगालैंड के चुमौकेदिमा क्षेत्र में हुई, जिसे सुरक्षा के लिहाज से काफी संवेदनशील माना जाता है। विस्फोट के बाद असम राइफल्स, नगालैंड पुलिस और सेना की अतिरिक्त टुकड़ियों को इलाके में तैनात किया गया है। चुमौकेदिमा और आसपास के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया

विस्फोट के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और हमले के पीछे शामिल लोगों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया। सुरक्षा एजेंसियां आसपास के क्षेत्रों में भी जांच कर रही हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि हमले की योजना किसने बनाई और इसमें कौन-कौन शामिल था। धमाके की जांच के लिए बम निरोधक दस्ते और फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीमों को भी मौके पर भेजा गया है। ये टीमें विस्फोट स्थल से सबूत जुटा रही हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि इस्तेमाल किया गया विस्फोटक किस प्रकार का था और उसे कैसे लगाया गया था।

दूर हुई स्वदेश पहुंचने के बाद छठे इंजन में आई तकनीकी खामी

# तेजस लड़ाकू विमान के लिए जीई से एचएएल को मिला सातवां इंजन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से एक अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि अमेरिका की जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी (जीई) ने एचएएल को स्वदेशी तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान में लगाया जाने वाला सातवां इंजन (एफ-404-आईएन20) सौंप दिया है।

यह पूरा घटनाक्रम जीई द्वारा भारत के रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम को दिए गए छठे इंजन के भारत पहुंचने पर सामने आई तकनीकी खामी की समस्या के बाद का है। जबकि तकनीकी खामी का यह मामला भी फिलहाल पूरी तरह से हल कर लिया गया है।



### दोनों पक्षों ने की जांच

सूत्रों ने बताया कि छठे इंजन को लेकर दो तरफा ढंग से विस्तृत जांच पड़ताल की गई थी। जिसमें जीई एयरोस्पेस और एचएएल अपने-अपने रूप में शामिल हुए। जीई ने इंजन की समस्या को लेकर कई सुधारात्मक कदम उठाए और एचएएल ने देश के अंदर अपने स्तर पर इंजन को जांचा परखा। गड़बड़ी का यह मामला इंजन को भारत को सौंपे जाने के बाद की जाने वाली गुणवत्ता जांच के दौरान सामने आया।

### एचएएल ने कंपनी को बताई थी समस्या

एचएएल ने इंजन में आई तकनीकी दिक्कत के बारे में जीई को जानकारी दी थी। जिसके बाद अमेरिका में इस बाबत कई जरूरी सुधारात्मक कदम उठाए गए। देश में एचएएल ने भी पड़ताल की और अंत में इसे लड़ाकू विमान के लिए उपयुक्त पाया गया। जिसके बाद इसके इस्तेमाल की अनुमति दे दी गई। बीते समय में रक्षा मंत्रालय में तेजस मार्क1ए विमान कार्यक्रम में लगातार हो रही देरी को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। जिसके बाद मंत्रालय ने इस संबंध में कड़ा रुख अख्तियार करते हुए स्वदेशी डीपीएसयू पर विमानों की आपूर्ति को लेकर समझौते में दी गई समय सीमा का लगातार उल्लंघन होने को लेकर जुर्माना लगाने का भी तर्क दिया था।

शीर्ष सैन्य अधिकारियों की रहेगी मौजूदगी

# कारगिल विजय दिवसः आज राजधानी से रक्षा मंत्री करेंगे समारोह का आगाज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कारगिल विजय दिवस की 26 जुलाई को 27वीं वर्षगांठ है। लेकिन उससे पहले देश के सैन्य-सामरिक गलियारों में इसे लेकर मनाए जाने वाले जश्न की व्यापक रूपरेखा तैयार हो गई है।

जिसके तहत मंगलवार (14 जुलाई) को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) पर एक बाइक रैली को हरी झंडी प्रदान कर इस बाबत आयोजित किए जाने वाले समारोह की औपचारिक रूप से शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस.राजा सुब्रमणि और सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ शामिल हो सकते हैं।



सूत्रों ने कहा कि इस बाइक रैली के दौरान बाइकर्स का यात्रा मार्ग नई दिल्ली से होकर कारगिल के सुदूर पर्वतीय इलाके पर जाकर समाप्त होगा।

### सेना ने पाकिस्तानियों को खदेड़ा

बता दें कि 3 मई से 26 जुलाई 1999 तक यह युद्ध भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल जिले में भारत-पाक नियंत्रण रेखा पर लड़ा था। अभियान का कोडनेम ऑपरेशन विजय रखा गया था। भारतीय सेना के हाथों दुश्मन को बुरी तरह से मुंह की खानी पड़ी थी।

## बैंकॉक के पब में आगः 27 की मौत, 60 घायल



**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के ना लादप्राओ पब में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई। हादसे के वक्त लोग म्यूजिक पर झूम रहे थे, तभी स्टेज के पास सर्किट ब्रेकर से धुआं निकला और धमाके के साथ पूरी जगह आग व घने धुएं की चपेट में आ गई। इस दर्दनाक हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 घायल हैं, जिनमें 22 की हालत गंभीर है। कई पीड़ितों के शव पिछले हिस्से के रेस्ट रूम से मिले। घटना के खौफनाक वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें लोग जान बचाने के लिए भागते दिख रहे हैं। पीएम अनुतिन चर्नविराकुल ने मौके पर पहुंचकर जांच के आदेश दिए हैं।

### यूरोप में भीषण गर्मी से दम तोड़ रहे हैं भौंरे

**नॉटिंघम।** यूरोप और ब्रिटेन में पड़ रही रिकॉर्डतोड़ गर्मी भौंरों (बम्बलबीज) के लिए जानलेवा साबित हो रही है। नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय के एक हालिया शोध के अनुसार, वर्ष 2026 की अत्यधिक गर्मी के कारण भौंरों में भारी तनाव देखा जा रहा है। इससे उनके प्रजनन, उड़ने और भोजन तलाशने की क्षमता पर बेहद बुरा असर पड़ा है। बढ़ते तापमान के कारण छत्ते को ठंडा रखने के उनके प्राकृतिक प्रयास भी नाकाम हो रहे हैं। मौसम के अलावा इंसानी गतिविधियां, जैसे घातक कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल, डैंडेलियन जैसे भोजन के मुख्य स्रोतों को नष्ट करना और कंक्रीट के बढ़ते जाल से प्राकृतिक आवास का खत्म होना भी उनकी मौत की बड़ी वजह बन रहा है।

## भारत व जापान के बीच 8वीं भारत-जापान रक्षा नीति पर हुई वार्ता

साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष (स्पेस) और नई तकनीकों में मिलकर काम करने पर सहमति बनी

# टोक्यो में भारत-जापान रक्षा वार्ताः हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए मिलाए हाथ

एजेंसी ⏭ टोक्यो

भारत व जापान के बीच टोक्यो में 8वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता आयोजित की गई है। इस महत्वपूर्ण वार्ता का उद्देश्य दोनों देशों के रक्षा क्षेत्र में बढ़ते संयुक्त सहयोग को और मजबूत बनाना है। सोमवार को हुई यह वार्ता भारत व जापान के रक्षा संबंधों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस दौरान भारत और जापान ने एक बार फिर स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान पर आधारित व्यवस्था ही क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित कर सकती है। बैठक में रक्षा औद्योगिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचार किया गया। दोनों देशों ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर बढ़ते सामंजस्य पर संतोष व्यक्त किया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में निकट सहयोग जारी रखने पर सहमति जताई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप रक्षा मंत्री कानो कोजी ने की। बैठक में दोनों पक्षों ने पिछली रक्षा नीति वार्ता के बाद द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई उल्लेखनीय प्रगति की समीक्षा की और भारत-जापान विशेष सामरिक एवं वैश्विक साझेदारी को और सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया

रक्षा उपकरणों के निर्माण और तकनीक को एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे

### वैश्विक साझेदारी के ढांचे कर रहे मजबूत



राजेश कुमार सिंह शिंजिरो कोइजुमी

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भारत के साथ रक्षा क्षेत्र में जापान की निरंतर भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि विशेष सामरिक एवं वैश्विक साझेदारी के ढांचे के अंतर्गत व्यावहारिक सहयोग को और मजबूत बनाना आवश्यक है। वहीं कानो कोजी ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भारत के साथ रक्षा संबंधों का और विस्तार करने की जापान की प्रतिबद्धता दोहराई। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने टोक्यो में जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी से भी मुलाकात की। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं और जापानी रक्षा मंत्री को जल्द भारत आने का निमंत्रण भी सौंपा।

भारत ने जताई चिंता

# बांग्लादेश में राम मूर्ति का निर्माण शुरू करने वाले हरिदास गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश में पुलिस ने 81 फुट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा का निर्माण शुरू करने वाले हिंदू युवक हरिदास तरोनी को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद के महासचिव मणींद्र कुमार नाथ ने पुष्टि की कि आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने हरिदास को ढाका के उत्तरा इलाके से गिरफ्तार किया है। परिषद ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पुलिस को युवाओं के बजाय चरमपंथियों को गिरफ्तार करना चाहिए। यह गिरफ्तारी उत्तरी बांग्लादेश के गैबंधा



जिले में भगवान राम की छवि के कथित अपमान के बाद हिंदू अल्पसंख्यकों द्वारा किए गए व्यापक प्रदर्शनों के बीच हुई है। इस संवेदनशील घटनाक्रम पर भारत सरकार ने भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने धार्मिक संस्थानों और प्रतीकों को निशाना बनाए जाने पर गहरी चिंता जताई।



# काउबॉय हैट लुक में नजर आए सलमान...

**मुंबई।** जल्द ही सलमान खान की अपकमिंग फिल्म मातृभूमि रिलीज होगी। इसी बीच उन्हें मुंबई के बांद्रा में एक डबिंग स्टूडियो के बाहर देखा गया। पैपराजी भाईजान की तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए मौके पर नजर आए। एक वायरल वीडियो में सलमान खान काउबॉय हैट लुक में दिखाई दिए, जो उन पर खूब जंच रहा था। वायरल वीडियो में सलमान ने यूनीक काउबॉय हैट पहनी थी साथ ही उनके गले में एक पेंडेंट भी था, उस पर तीन नग लगे थे। यह पेंडेंट उनके लुक को और भी खास बना रहा था। सलमान खान 'मातृभूमि' नाम की एक देशभक्ति से भरी फिल्म कर रहे हैं।

लाइफ Style

# जैस्मिन

## लाइव कॉन्सर्ट में किया सगाई का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' ने जमकर तबाही मचाई थी। इसके सभी कलाकारों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। वहीं, इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के गानों को भी काफी पसंद किया गया है।

इन गानों को सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने भी अपनी आवाज दी है, जो फिलहाल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दिल्ली में उन्होंने अपने मंगेतर शेखर चौधरी से फैंस को रुबरु कराया है? 'धुरंधर' के साथ-साथ जैस्मीन सैंडलस की लोकप्रियता में भी गजब का इजाफा हो गया था। वो आज के वक्त की मशहूर और चर्चित सिंगर्स में से एक बन चुकी हैं। सिंगर ने हाल ही में दिल्ली में एक लाइव कॉन्सर्ट किया। इस दौरान उन्होंने फैंस को हैरान क दिया। स्टेज पर उन्होंने शेखर चौधरी को अपने फैंस से मिलवाया। स्टेज पर दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक रही। बीच कॉन्सर्ट में शेखर ने स्टेज पर एंट्री ली. जैस्मीन ने दौड़कर शेखर को गले लगा लिया और ऐलान किया कि शेखर के साथ उनकी सगाई हो चुकी है। जैस्मीन ने कहा, 'तू आ ही गया चौधरी साहब स्टेज ते, दिस इज माई मैन, एवरीबडी.' वहीं इसके अलावा उन्होंने कहा, 'ये वही इंसान हैं जिन्होंने मुझे रिंग पहनाई है, ये मेरे हैं।' शेखर चौधरी को लाइमलाइट से दूर रहना पसंद हैं। तभी तो सगाई के बाद लोगों को पता लग पाया है कि जैस्मीन और शेखर रिलेशनशिप मे हैं। बता दें कि जहां जैस्मीन म्यूजिक और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हैं तो वहीं शेखर का इस फील्ड से कोई रिश्ता नहीं है।



हॉलीवुड मसाला




# 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** जुरासिक पार्क फ्रैंचाइजी में डॉ. एलन ग्रांट का किरदार निभाने वाले न्यूजीलैंड के एक्टर सैम नील का सोमवार को निधन हो गया। वो 78 साल के थे। पांच दशकों से ज्यादा लंबे कॅरियर में नील ने 150 से ज्यादा फिल्मों और शो में काम किया। उनकी फिल्मों की लिस्ट में डेड काम, द हंट फॉर रेड अक्टूबर, द जंगल बुक, इन द माउथ ऑफ मैडनेस, इवेंट होराइजन, बाइसेंटेनियल मैन, द डिश, पीटर रैबिट और ताइका वाइटीटी की हंट फॉर द वाइल्डरपीपल शामिल हैं।



# माइकल ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'माइकल'24 अप्रैल को रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया और इसे दर्शकों से खूब प्यार मिला। अब फिल्म ने एक नया माइलस्टोन हासिल किया है। 'माइकल'ने दुनियाभर में 1 बिलियन डॉलर (करीब 100 करोड़) की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनिया की पहली बायोपिक फिल्म बन गई है, जिसने यह मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने विदेशों में 629.8 मिलियन डॉलर (5,996.28 करोड़) और घरेलू बॉक्स ऑफिस (अमेरिका) में 371.8 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 1.001 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह फिल्म अप्रैल में रिलीज हुई थी और तभी से लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है।



# हेमा की बायोपिक के लिए दीपिका पहली पसंद

**नई दिल्ली।** ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी की जिंदगी अगर कभी बड़े पर्दे पर उतरी, तो उनका किरदार कौन निभाएगा? ये सवाल सालों से फैंस के मन में घूम रहा था। अब खुद हेमा मालिनी ने इस सस्पेंस से पर्दा उठा दिया है। 60 साल के फिल्मी सफर का जश्न मना रहीं हेमा मालिनी ने साफ कर दिया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है, तो वो उसमें दीपिका पादुकोण को देखना चाहेंगी। हेमा ने कहा कि अगर दीपिका चाहें तो वो उनका रोल कर सकती हैं। उन्होंने दीपिका की तारीफ करते हुए कहा कि वो खूबसूरत हैं, टैलेंटेड हैं और इस किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकती हैं। हेमा और दीपिका का रिश्ता नया नहीं है। साल 2017 में जब हेमा मालिनी की बायोग्राफी लॉन्च हुई थी, तब भी उन्होंने दीपिका को ही इसके लिए चुना था।



# सात साल बाद गोविंदा का कमबैक...

**नई दिल्ली।** हीरो नंबर 1 गोविंदा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म रूपा में नजर आने वाले हैं। गोविंदा ने रूपा की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म में वो नई एक्ट्रेस रानी स्वर्णकार संग दिखेंगे. फिल्म को गोविंदा प्रोड्यूस भी कर रहे हैं। गोविंदा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की। फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, 'अब मैं तैयार हूं। अब आगे आप पूरी कास्ट को देख पाएंगे. मुझे ऐसा लगता है कि ये अलग तरह की फिल्म होगी खासकर यंगस्टर्स के लिए। बहुत ही उम्मीदों के साथ यंगस्टर्स शुरुआत करते हैं, लेकिन वो कभी-कभार भटक जाते हैं। माया का जो हिस्सा हम दिखा सकते हैं वो मैं अब इस फिल्म में दिखाने जा रहा हूं। यंगस्टर्स भीड़ में खोए हुए व्यक्ति की तरह न लगे।'

टीवी मसाला



# आदर्श बाल विद्यालय का ट्रेलर आया सामने कॉमेडी और ह्यूमर से भरपूर दिखी कहानी

**नई दिल्ली।** हिमांक गौर के निर्देशन में बनी नई कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। बच्चों की अतरंगी मस्ती से भरपूर सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय'का ट्रेलर सामने आ गया है। ट्रेलर में ज्ञानेश्वर त्रिपाठी (केके मेनन द्वारा अभिनीत) नाम का एक लापरवाह स्कूल प्रिंसिपल नजर आता है, जो कैम्ब्रिज में सरकार द्वारा प्रायोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने स्कूल के बच्चों को भेजना चाहता है। उनकी इसी इच्छा के कारण वे अपनी टीचर्स की टीम के साथ मिलकर स्कूल के बच्चों को सुधारने की कोशिश करते हैं, लेकिन बिगड़ेल बच्चों की हरकतों की वजह से उसे कैम्ब्रिज का सपना अधूरा लगने लगता है। इस बीच उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर में हल्की-फुल्की कॉमेडी, बच्चों की मस्ती और मनोरंजन से भरपूर एक सीरीज की झलक देखने को मिलती है। 'आदर्श बाल विद्यालया' सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। इस सीरीज के कुल 7 एपिसोड आएंगे। सीरीज 24 जुलाई से भारत और दुनिया भर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी सबटाइटल के साथ स्ट्रीम होगी।

## बिग बॉस को टक्कर देने आया भोजपुरी बवाल

**नई दिल्ली।** जब भोजपुरी मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सुपरस्टार एक ही टेबल पर साथ बैठते हैं, तो नतीजा सिर्फ़ एक मुलाकात नहीं, बल्कि 'बवाल' होता है। 2 अगस्त को होने वाले प्रीमियर से पहले, जियोहॉटस्टार



और कलर्स ने 'भोजपुरी बवाल' की पहली झलक जारी की है, जो दर्शकों को आनेवाली बेबाक बातचीत, मस्ती, टकराव और जबरदस्त मनोरंजन की एक रोमांचक झलक दिखाती है। पवन सिंह, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और तेज प्रताप यादव पहली बार भारत की पहली प्रीमियम सेलिब्रिटी-फॉलो रियलिटी सीरीज में बेबाक अंदाज में नजर आएंगे. वीडियो की शुरुआत डिनर टेबल पर बैठे कलाकारों से होती है, जहां वे इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि शो को दर्शकों के सामने कैसे पेश किया जाए. लेकिन कुछ ही पलों में बातचीत अप्रत्याशित मोड़ ले लेती है। हल्की-फुल्की नोकझोंक बहस में बदल जाती है, मजाक आरोपों का रूप ले लेता है और सभी सितारे एक-दूसरे से जुड़ी अफवाहों, विवादों और लोगों की धारणाओं पर खुलकर बात करने लगते हैं।

# कहानी ऐसी हो, जो सोचने पर मजबूर करे : जॉन अब्राहम

मुंबई। पिछले काफी वक्त से जॉन अब्राहम रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में जॉन अब्राहम ने राकेश मारिया का किरदार निभाने और असल जिंदगी के लोगों को पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी के बारे में बात की। साथ ही उनका मानना है कि सिनेमा का काम सिर्फ मनोरंजन करना नहीं है। इसे फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जेहन में बने रहना चाहिए। एक बातचीत के दौरान जॉन ने कहा कि दमदार कहानी कहने का तरीका ऐसा होना चाहिए, जो मनोरंजन करे, सोचने पर मजबूर करे और फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के मन में बसी रहे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कहानी आपको कुछ न कुछ देकर जानी चाहिए। मनोरंजन जरूरी है, सिनेमा को हमेशा आपको जोड़े रखना चाहिए। लेकिन अगर कोई फिल्म थिएटर से निकलने या उसे देखने के बाद भी आपके साथ बनी रहती है, तो यह और भी अच्छी बात है। मैं प्रोजेक्ट्स इसलिए नहीं चुन रहा हूं कि वे कोई खास बात कहना चाहते हैं। मैं उन्हें इसलिए चुनता हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वे ईमानदार हैं, अच्छी तरह से कही गई हैं और भावनात्मक रूप से जोड़ने वाली हैं। अगर उनसे बातचीत शुरू होती है, तो यह एक बोनस है।



## राकेश मारिया का निभाएंगे किरदार

इतने साल में एक प्रोड्यूसर के तौर पर मुझे एहसास हुआ है कि मैं ऐसी कहानी को सामने लाने में मदद कर सकता हूं जिसे देखा जाना चाहिए। आखिर में, कहानी ही सबसे अहम होती है। अगर वह मुझे प्रभावित करती है, तो मैं उसे सपोर्ट करूंगा। मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर भी जॉन अब्राहम ने बात की। उन्होंने कहा कि राकेश मारिया का करियर हमारे देश के इतिहास की कुछ अहम घटनाओं से जुड़ा रहा है, इसलिए उन्हें पर्दे पर उतारने में एक बड़ी जिम्मेदारी का एहसास होता है। जब आप किसी असली इंसान का किरदार निभाते हैं, तो मकसद उनकी नकल करना नहीं होता, बल्कि उनकी पब्लिक इमेज के पीछे छिपे असली इंसान को समझना होता है।

# जापान में धुरंधर का बुरा हाल, बॉक्स ऑफिस पर साबित हुई डिजास्टर...

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित धुरंधर ने देश और दुनियाभर में ब्लॉकबस्टर परफॉर्म किया था। वहीं, ये फिल्म 10 जुलाई को जापान में रिलीज की गई थी, लेकिन यहां ये फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकामयाब साबित हुई है। जापान में फिल्म की ओपनिंग काफी ठंडी रही है। बता दें कि जापान में 'धुरंधर' को एक बड़ा झटका लगा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस बड़े बजट की एक्शन ड्रामा फिल्म को 10 जुलाई को देश भर में लगभग 80 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले दिन 900 से भी कम दर्शकों ने यह फिल्म देखी। गौरतलब है कि इसे जापानी मार्केट में जोर-शोर से प्रमोट किया गया था बावजूद इसके ये जापानी बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन फुस्स साबित हुई है। इसी के साथ ये जापान में किसी भारतीय फिल्म की सबसे कमज़ोर ओपनिंग में से एक बन गई है। हैरानी की बात ये है कि ये फिल्म जापान में अपने पहले दिन टॉप 25 फिल्मों में भी जगजह नहीं बना पाई।



## जापानी दर्शकों को पसंद आई फिल्म

रिलीज के स्केल को देखते हुए, ओपनिंग के आंकड़े ट्रेड के लिए एक बड़ा सरप्राइज रहे हैं। रिलीज से पहले फिल्म से अच्छी उम्मीदें थीं। हालांकि, जापानी दर्शकों को यह फिल्म पसंद नहीं आई, जिसके कारण ज्यादातर जगहों पर बहुत कम लोग फिल्म देखने पहुंचे। गौरतलब है कि जापान में आरआरआर और साहो जैसी कई भारतीय फिल्में सफल रही हैं और उन्होंने ओपनिंग डे पर बहुत ज्यादा दर्शक जुटाए थे। इसके उलट, 'धुरंधर' की शुरुआत पुष्पा 2 जैसी ही धीमी रही। दरअसल, पुष्पा 2 को भी रिलीज से पहले जबरदस्त चर्चा के बावजूद पहले दिन 900 से कम दर्शक मिले थे। यह ट्रेंड बताता है कि जापानी मार्केट में ग्लोबल पॉपुलैरिटी को बॉक्स ऑफिर पर सक्सेस में बदलना एक चुनौती है।

## तीसरी बेगम से रक्तांचल 3 तक, मनोरंजन की होगी बारिश

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

### मर्डर 101

नाम से ही साफ है कि यह एक मर्डर मिस्ट्री है। अमेरिका के दशकों पुराने अनसुलझे मर्डर केस पर आधारित यह इन्वेस्टिगेशन सीरीज सिर्फ अपने तीन एपिसोड के साथ फिलहाल रिलीज हो रही है। इसमें एलेक्स कैंपबेल लीड रोल में हैं। 13 जुलाई से यह सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।

### राइड और डाई

यह एक एक्शन-कॉमेडी सीरीज है। दो दोस्तों की जिंदगी पर बनी यह सीरीज इस वीक रिलीज होगी। इसे 15 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकेगा। इसमें हन्ना वाडिंगहैम और ऑक्टेविया स्पेंसर लीड रोल में हैं।

**नई दिल्ली।** यह वीक सिनेमा प्रेमियों के लिए काफी खास है। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' इसी वीक सिनेमाघरों में सजेगी। इसके अलावा रहूं मैं तेरे रूबरू और महाप्रभु जगन्नाथ भी रिलीज होने वाली हैं। थिएटर्स से अलग ओटीटी पर भी कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज होंगी।




### तीसरी बेगम

यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह वेब्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। इसके लिए दर्शकों को कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा वेब्स पर यह मुफ्त में स्ट्रीम होगी। निर्माता, लेखक एवं निर्देशक के सी बोकाड़िया की यह फिल्म 18 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

### रक्तांचल सीजन 3

इस वीक 'रक्तांचल सीजन 3' भी आ रही है। यह एमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। रितम श्रीवास्तव निर्देशित सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। दर्शक बिना किसी सब्सक्रिप्शन के मुफ्त में इस सीरीज को एंजॉय कर सकते हैं। इसकी कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी इस वेब सीरीज का पहला सीजन साल 2020 में और दूसरा सीजन 2022 में आया था।

### डिजायर

इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में 'डिजायर' भी है। यह 17 जुलाई, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में लुडविका पालेटा और जोस मारिया याजपिक जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक स्विमिंग कोच के आने से गहरा और खतरनाक भावनात्मक मोड़ आता है।

### 23,000 लाइव्स

यह जर्मन ड्रामा फिल्म है। 23,000 लाइव्स। 23,000 लाइव्स 17 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 'जुगेंड रेटेट' नाम के युवाओं के एक ग्रुप की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्होंने क्राउडफंडिंग के जरिए एक पुराना जहाज खरीदा और भूमध्य सागर में 23,000 से ज्यादा लोगों की जान बचाई थी।

# चार दिग्गज टीमें, चार सुपरस्टार, सेमीफाइनल में होगा हाई-वोल्टेज मुकाबला

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

फ्रांस जब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में स्पेन का सामना करेगा तो दिग्गज खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे और युवा स्ट्राइकर लामिन यामल के बीच रोचक जंग देखने को मिल सकती है। इसी तरह से अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में दो अनुभवी खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और हैरी केन आमने-सामने होंगे।

इस बार के सेमीफाइनल मैच कुछ मामलों में अनूठे हैं। चार पूर्व चैंपियन और दुनिया की चार शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें अंतिम चार में पहुंची है। सर्वाधिक गोल करने वाले छह खिलाड़ियों में से पांच मैदान पर दिखाई देंगे। एक सर्वकालिक महान खिलाड़ी (मेस्सी) आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा फुटबॉल की सबसे कड़वी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक भी सेमीफाइनल में देखने को मिलेगी।

### आज फ्रांस और स्पेन और कल इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना में भिड़ंत

फ्रांस मंगलवार को टेक्सास के अर्लिंगटन में स्पेन से भिड़ेगा और इंग्लैंड बुधवार को अटलांटा में अर्जेंटीना का सामना करेगा। ऐसा 1990 के बाद से पहली बार हुआ है कि विश्व कप के अंतिम चार में सभी टीमें पूर्व चैंपियन हों। अगर फ्रांस और अर्जेंटीना दोनों ही फाइनल में पहुंचते हैं, तो इस साल 2022 के फाइनल की पुनरावृत्ति भी हो सकती है।







### फ्रांस बनाम स्पेन

फ्रांस और स्पेन किसी बड़ी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में फिर से आमने-सामने होंगे। यह दोनों टीम दो साल पहले यूरोपीय चैंपियनशिप में एक दूसरे से भिड़ी थीं। स्पेन ने उस मैच में 2-1 से जीत हासिल की थी। उस मैच में यामल ने गोल किया था, जो तब 16 वर्ष के थे। स्पेन ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर यूरो कप का खिताब अपने नाम किया। फ्रांस को मौजूदा विश्व कप की सबसे प्रभावशाली टीम माना जा रहा है, जिसकी अग्रिम पंक्ति में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। सबकी निगाह हालांकि एमबाप्पे पर टिकी रहेगी, जिन्होंने अभी तक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक गोल किए हैं। स्पेन को टूर्नामेंट में आने से पहले यामल और साथी विंगर निको विलियम्स की चोटों से जूझना पड़ा। स्पेन को पिछले दो दौर में पुर्तगाल और बेल्जियम को हराने के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी मिकेल मेरिनो के अंतिम क्षणों में किए गए गोल पर निर्भर रहना पड़ा। विश्व कप या यूरो कप में ये दोनों देश कई बार आमने-सामने आ चुके हैं।

### इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना

अर्जेंटीना और इंग्लैंड की प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। इस प्रतिद्वंद्विता में फुटबॉल के मैदान से इतर 1982 में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह पर हुए संघर्ष से जुड़ा तनाव भी शामिल हैं। विश्व कप में इन दोनों टीमों के बीच कई बार तनाव के क्षण आए हैं। विश्व कप 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ तनावपूर्ण क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के कप्तान एंटोनियो रैटिन को मैदान से बाहर भेज दिया गया था। विश्व कप 1986 में डिएगो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल ने अर्जेंटीना को क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाने में मदद की, जिसके चलते अर्जेंटीना ने ट्रॉफी जीती। मेस्सी पर सबकी नजर रहेगी, जो संभवतः अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे हैं। यह विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ उनका पहला मैच होगा। अगर मेस्सी अर्जेंटीना को खिताब दिला देते हैं, तो वह अपने देश के लिए दो विश्व कप जीतकर महान माराडोना को पीछे छोड़ देंगे। इससे अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दो बार चैंपियन बनने वाला पहला देश भी बन जाएगा।

---

महिला टेस्ट क्रिकेट में भारत ने इंग्लैंड को 270 रन से हराया

# हरमन स्क्वॉड ने लॉर्ड्स में रचा इतिहास इंग्लिश टीम को घर में दी करारी शिकस्त






ऑफ स्पिनर स्नेह राणा के 4 विकेट की बदौलत भारत ने प्रतिष्ठित लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए पहले महिला क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे और अंतिम दिन इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया।

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत को एकमात्र टेस्ट के अंतिम दिन जीत के लिए 4 विकेट की दरकार थी और स्नेह (42 रन पर 4 विकेट) की अगुआई में मेहमान टीम ने इंग्लैंड को 62.5 ओवर में 186 रन पर समेटकर मुकाबला अपने नाम किया। सयाली सतघरे (24 रन पर 2 विकेट), दीप्ति शर्मा (36 रन पर 2 विकेट) और क्रांति गौड़ (54 रन पर 2 विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऐमी जोन्स 80 गेंद में 54 रन बनाकर इंग्लैंड की ओर से शीर्ष स्कोरर रही जबकि अंतिम बल्लेबाज के दौरान पर आउट होने वाली सोफी एकलेस्टोन ने 50 रन की पारी खेली।

### भारतीय गेंदबाज रहीं हावी

इंग्लैंड ने अंतिम दिन की शुरुआत 6 विकेट पर 130 रन से आगे खेलते हुए की और 90 मिनट से अधिक बल्लेबाजी की लेकिन आखिरकार भारतीय गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। भारत ने मेजबान टीम के सामने 457 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। ऐमी अंतिम दिन आउट होने वाली पहली बल्लेबाज रहीं। उन्हें स्नेह ने मिडविकेट पर शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। क्रांति की गेंद पर दो जीवनदान पाने वाली एकलेस्टोन ने इजी वोंग (33 गेंद में एक रन) के साथ मिलकर भारत के जीत के इंतजार को बढ़ाया लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सकीं। दीप्ति ने वोंग और लॉरेन बेल (00) को बोल्ड करके भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचाया।

### रेड बॉल क्रिकेट में महिलाओं का दबदबा

रेड-बॉल क्रिकेट में भारत का दबदबा कायम है। जीत का यह पल पिछले कुछ दिनों में भारत के शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है। पिछले 11 टेस्ट मैचों में टीम ने सात जीत हासिल की हैं, तीन मैच ड्रॉ रहे हैं और सिर्फ एक में हार मिली है। इंग्लैंड में भारतीय महिला टीम का यह 11वां टेस्ट मैच था। वह इंग्लैंड में इस फॉर्मेट में अब भी अजेय है।

### यास्तिका और क्रांति का नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज

भारत के लिए इस मैच में यास्तिका भाटिया ने शतक लगाया और क्रांति गौड़ ने पांच विकेट लेकर अपना नाम ऑनर बोर्ड पर दर्ज करवाया। दोनों महिला क्रिकेट में यहां ऑनर बोर्ड पर नाम दर्ज करवाने वाली पहली महिला क्रिकेटर्स हैं। मैच में यास्तिका भाटिया दूसरी पारी में 113 रन बनाकर स्टार बनीं, स्मृति मंधाना 153 रन (83,70) बनाकर इस मैच की टॉप स्कोरर रहीं।

### तेंदुलकर और जय शाह रहे स्टेडियम में मौजूद



दिन का खेल शुरू होने से पहले भारतीय टीम को महान सचिन तेंदुलकर से प्रेरणादायक बातें सुनने को मिलीं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह भी तेंदुलकर के साथ स्टैंड से मैच देख रहे थे और बाद में उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाया। यह इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ियों टैमी ब्यूमोंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट का विदाई मैच भी था।

क्रिकेट

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए गिल नामित



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के साथ बांग्लादेशी ऑलराउंडर मोसाद्देक हुसैन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को जून महीने के 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज के दौरान जबरदस्त फॉर्म में थे और उन्होंने टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में टीम की अगुवाई की।

इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने महीने की शुरुआत न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एकमात्र टेस्ट में भारत की पारी से जीत के दौरान शानदार 126 रन बनाकर की थी, जो उनके टेस्ट करियर की 11वीं सेंचुरी थी। गिल ने अपनी शानदार फॉर्म को वनडे सीरीज में भी जारी रखा, जहां उन्होंने सिर्फ दो पारियों में 238 रन बनाए। धर्मशाला में खेले गए पहले वनडे में नाबाद 84 रन बनाने के बाद, गिल ने लखनऊ में 154 रन जड़े थे।

### बांग्लादेश के मोसाद्देक हुसैन की शानदार वापसी

दूसरी तरफ, बांग्लादेश के मोसाद्देक हुसैन ने चार साल के अंतराल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में शानदार वापसी की। इस ऑलराउंडर को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बांग्लादेश की ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। हुसैन ने पहले मैच में नाबाद 86 रन बनाने के साथ दो विकेट हासिल किए थे। वह सीरीज में 157 रनों के साथ अपनी टीम के टॉप स्कोरर रहे। वहीं, स्मिथ को इंग्लैंड में यादगार 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत दिलाने के लिए न्यूजीलैंड के कमजोर पेस बॉलिंग अटैक की अगुवाई करने का इनाम मिला। स्मिथ ने सीरीज में सर्वाधिक 16 विकेट लिए। इस दौरान लॉर्ड्स में 70 रन देकर 6 विकेट चटकाए। वह 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए थे।

---

## खबर संक्षेप

### 14 अगस्त से यूपीटी20 रैना ब्रांड एंबेसडर



**कानपुर।** कानपुर और लखनऊ में होने वाले यूपी टी20 लीग का चौथा सत्र 14 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें कुल 34 मैच खेले जाएंगे। आयोजकों ने घोषणा की कि 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 13 दिन दो-दो मैच खेले जाएंगे। लीग में छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इसके लिए मिनी नीलामी 24 जुलाई को आगरा में की जाएगी। टूर्नामेंट का पहला चरण लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद के मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना यूपीटी20 लीग के ब्रांड एंबेसडर बने रहेंगे।

### एवियन चैंपियनशिप : संयुक्त 56वें स्थान पर अदिति



**एवियन ले बेंस।** गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 74 के लचर प्रदर्शन के साथ 2026 आमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर रहीं। दक्षिण कोरिया की हेइ रेन रयु ने पहले प्ले ऑफ में बर्डी पट के साथ दूसरा मेजर खिताब अपने नाम किया। शुरुआती तीन दौर में 70, 70 और 69 के स्कोर के साथ अदिति के पास अच्छा नतीजा हासिल करने का मौका था लेकिन वह अंतिम होल में तीन ओवर का स्कोर ही बना पाईं।

# आज से जापान ओपन, सात्विक-चिराग पर नजरें

एजेंसी ▶▶| टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी चोट से उबरने के बाद मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाले जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की अगुवाई करेगी। पिछले महीने सात्विक की कंधे की चोट के बढ़ जाने के बाद यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से हट गई थी। सात्विक और चिराग अब सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के बाद वहीं से शुरुआत करने के लिए तैयार होंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से होगा।




### भारत का दारोमदार लक्ष्य, सिंधू और आयुष शेट्टी पर

एकल में भारत का दारोमदार एक बार फिर लक्ष्य सेन, पीवी सिंधू और आयुष शेट्टी पर टिका होगा। इस साल की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य जापान के कोकी वातानाबे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। आयुष को अपने पहले मुकाबले में थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन कुनलावत विटिडसर्न के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### सिंधू, मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी

सिंधू महिला एकल में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी, जबकि उन्नति हुडा अपने पहले मैच में चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन का सामना करेंगी। हरिहरन आमसकारुनन और एम आर अर्जुन पुरुष युगल के पहले दौर में चीनी ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन का सामना करेंगे। ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो तथा रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी इस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगी।

# एक युग का हुआ अंत, 18 साल बाद सुपर किंग्स से अलग हुए फ्लेमिंग

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने पिछले तीन सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद लंबे समय से टीम के मुख्य कोच रहे स्टीफन फ्लेमिंग से अलग होने का फैसला किया है। फ्लेमिंग पहली बार 2008 में आईपीएल के उद्घाटन सत्र में एक खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल हुए थे। वह 2009 से टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे थे।

### सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब : फ्लेमिंग



फ्लेमिंग ने कहा, 'खेल जगत में 18 साल लंबा समय होता है। मैं इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ बिताया मेरा समय मेरे कोचिंग करियर का सबसे महत्वपूर्ण दौर रहा है। इस बीच हमने जो कुछ भी हासिल किया है, उस पर मुझे गर्व है।' उन्होंने कहा, 'हमने साथ मिलकर अविस्मरणीय जीत का जश्न मनाया, मुश्किल पलों का सामना किया और ऐसी यादें बनाईं, जिन्हें मैं ताउम्र संजोकर रखूंगा। सीएसके हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी और मैं आने वाले वर्षों में भी टीम का हौसला बढ़ाता रहूंगा।' सीएसके ने कहा कि फ्लेमिंग और टीम प्रबंधन के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया।फ्लेमिंग के कोच रहते हुए चेन्नई ने पांच बार आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस बीच उन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ यादगार साझेदारी बनाई। इस दौरान सीएसके ने दो बार चैंपियंस लीग टी20 टूर्नामेंट भी जीता। उसने रिकॉर्ड 12 बार आईपीएल प्लेऑफ में प्रवेश किया और 10 बार फाइनल में जगह बनाई।

---

इंग्लैंड के खिलाफ आज से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में परफॉर्मेंस पर रहेगी नजर

# मायूसी के बाद वनडे में रोहित-कोहली पर टिकी करोड़ों उम्मीदें

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा को इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में न केवल खुद के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा, बल्कि टी20 में लगातार हार से आहत भारतीय टीम के मनोबल को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। कोहली, रोहित और जसप्रीत बुमराह उस प्रारुप में खेलने के लिए वापसी कर रहे हैं जिसमें द्विपक्षीय मैचों का महत्व और चमक टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के चलते खोती जा रही है।लेकिन 39 वर्षीय रोहित और जल्द ही 38 वर्ष के होने वाले कोहली में अब भी जोश और जुनून बरकरार है। वह अब भी वनडे की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल है और उनका लक्ष्य अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहना है।



### भारत के पास अनुभवी बल्लेबाजों की चौकड़ी

कप्तान शुभमन गिल की वापसी और अनुभवी केएल राहुल की मौजूदगी से भारत के पास अनुभवी बल्लेबाजों की एक शानदार चौकड़ी है, जो किसी भी मैच का रुख पलट सकती है। अगर श्रेयस अय्यर को भी इसमें शामिल कर लिया जाए, तो बल्लेबाजी इकाई को लेकर ज्यादा चिंता की कोई बात नहीं होनी चाहिए।

### बुमराह की वापसी से मिलेगी मजबूती

गेंदबाजी के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जिसे बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। नए तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को इंग्लैंड की पिचों पर अपनी लेंथ को लेकर अलग चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अर्शदीप बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में निश्चित रूप से टीम को एक नया आयाम देंगे, जबकि शिवम दुबे चौथे तेज गेंदबाज होंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं...

**भारतः** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), बेन डकेट, जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जो रूट, जैकब बेथेल, विल जैक्स, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जेम्स कोल्स, सैम कुरेन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, जोस टंग, साकिब महमूद, आदिल राशिद।




# एम्स में 1.4 किलो के नवजात के दिल में बिना चीरा लगाए सफल इलाज, मध्य भारत में ऐसा पहला मामला

**सागर निवासी नवजात को सांस लेने में हो रही थी परेशानी, दूध नहीं पी पाने से नहीं बढ़ रहा था वजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल ने चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए महज एक महीने के 1.4 किलोग्राम वजन वाले नवजात शिशु के दिल का बिना चीरा लगाए सफल इलाज किया है। डॉक्टरों का दावा है कि मध्य प्रदेश और पूरे मध्य भारत में इतने कम वजन वाले बच्चे का इस तकनीक से इलाज होने का यह पहला मामला है। उल्लेखनीय है कि परिजन इलाज के लिए कई अस्पतालों में पहुंचे, लेकिन बच्चे का वजन बहुत कम होने के कारण सभी जगह इलाज से मना कर दिया गया। इसके बाद बच्चे को एम्स भोपाल लाया गया,जहां डॉक्टरों ने सफल इलाज किया। जानकारी के अनुसार सागर निवासी इस नवजात को सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी। वह ठीक से दूध भी नहीं पी पा रहा था और उसका वजन भी नहीं बढ़ रहा था। जांच में पता चला कि बच्चे को पीडीए नाम की जन्मजात हृदय संबंधी बीमारी है।

## 35 मिनट में बिना चीरे के बंद किया दिल का छेद



एम्स भोपाल में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भूषण शाह और उनकी टीम ने ट्रांसकैथेटर पीडीए क्लोजर तकनीक से इलाज किया। इस प्रक्रिया में सीने या पेट पर कोई चीरा नहीं लगाया जाता। पैर की नस के माध्यम से कैथेटर को दिल तक पहुंचाकर विशेष डिवाइस की मदद से छेद बंद कर दिया जाता है। पूरी प्रक्रिया करीब 35 मिनट में सफलतापूर्वक पूरी हुई। टीम में डॉ. सुदेश प्रजापति, डॉ. अंबर कुमार और एनेस्थीसिया विभाग के विशेषज्ञ भी शामिल रहे। ऑपरेशन के बाद बच्चे को तुरंत वेंटिलेटर से हटा दिया गया। कुछ ही समय बाद उसने सामान्य रूप से दूध पीना भी शुरू कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार इतनी कम उम्र और वजन वाले बच्चे में यह प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण थी।

### डॉक्टरों ने दी नई जिंदगी

डॉ. भूषण शाह ने बताया कि 1.4 किलो वजन वाले बच्चे की नसें बेहद पतली होती हैं। ऐसे मामलों में छोटी-सी चूक भी गंभीर हो सकती है, लेकिन आधुनिक तकनीक और अनुभवी टीम की मदद से ऑपरेशन सफल रहा। बच्चे के माता-पिता ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका बच्चा बच पाएगा, लेकिन एम्स के डॉक्टरों ने नई जिंदगी दी। एम्स भोपाल के कार्यकारी निदेशक प्रो. माधवानंद कर ने कहा कि अब नवजात से लेकर वयस्कों तक के हृदय रोगों का आधुनिक तकनीक से इलाज संभव है।

**मरीज को नि:शुल्क लगाया 1.20 लाख रुपए का कवर्ड स्टेंट**

## स्टेंटिंग से मरीज को मिली नई जिंदगी, बिना सर्जरी बगल की मुख्य धमनी का रिसाव रोका

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में अब जटिल रक्तवाहिनी रोगों का इलाज भी अत्याधुनिक तकनीक से संभव हो रहा है। दरअसल, हमीदिया अस्पताल में 56 वर्षीय सलीम खान की बगल (एक्सिलरी) की मुख्य धमनी में हुए रिसाव का सफल इलाज एंजियोप्लास्टी और कवर्ड स्टेंटिंग के जरिए किया गया। इस प्रक्रिया से मरीज को बड़े ऑपरेशन से बचाते हुए कम समय में सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया गया। गांधी मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अंकित शाह ने यह जटिल प्रक्रिया पूरी की। एंडोवैस्कुलर तकनीक के जरिए धमनी के रिसाव वाले हिस्से में कवर्ड स्टेंट लगाया गया, जिससे रक्तस्राव पूरी तरह नियंत्रित हो गया।

### मरीज से नहीं लिया एक भी रुपया

इस उपचार में इस्तेमाल किए गए कवर्ड स्टेंट की कीमत करीब 1.20 लाख रुपए है। सामान्य परिस्थितियों में यह इलाज काफी महंगा माना जाता है, लेकिन हमीदिया अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीज को यह सुविधा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई गई।

**खनिज इंस्पेक्टर की रिपोर्ट पर सवाल**

# डेढ़ करोड़ का कोपरा निकालने पर 40 लाख रुपए की पैनाल्टी कलेक्टर ने लौटाई फाइल

**अब तीसरी बार होगी जांच, दोबारा से होगी पैनाल्टी की गणना**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से लगे रातताल स्थित रोजीवे गांव में हरिचरण की निजी जमीन समतलीकरण की परमिशन लेकर जमीन खनिज माफिया शेखर पवार और शैलेंद्र भदौरिया को सौंप दी गई थी, जहां पर दो पोकलेन और एक दर्जन डंपरों ने दो महीने तक लगाकार कोपरा निकालकर बाजार में बेचा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की फटकार के बाद जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह और खनिज इंस्पेक्टर सुचि माथुर ने दूसरी बार जाकर जांच की थी, जिसमें 40 लाख 40 हजार रुपए की पैनाल्टी प्रस्तावित कर दी थी। फाइल जब कलेक्टर के पास पहुंची, तो उन्होंने दोनों अफसरों को फटकार लगाते हुए फाइल को वापस कर दिया है। कलेक्टर का कहना है कि मौके पर जितनी खुदाई हुई, उसका सही आकलन नहीं किया गया और न ही उसी के अनुरूप पैनाल्टी का प्रस्ताव तैयार किया गया। इसलिए पूरे मामले की दोबारा विस्तृत जांच की जाए।

तीन जून को शिकायत के बाद रोजीवे गांव में अवैध उत्खनन को लेकर नायब तहसीलदार शुभम जैन टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे, जहां जांच के दौरान 12 डंपर और दो पोकलेन मशीनें मिलीं। जिला खनिज अधिकारी के कहने पर इंस्पेक्टर ने 12 डंपरों को जब्त नहीं कर दो पोकलेन मशीनें जब्त की थीं। यहां समतलीकरण की आड़ में 80 हजार क्यूबिक मीटर कोपरा निकाला गया है। जिसको लेकर खनिज इंस्पेक्टर ने शर्तों के उल्लंघन का मामला बनाकर प्रतिवेदन पेश कर दिया, लेकिन कलेक्टर की फटकार के बाद इंस्पेक्टर को दोबारा से जांच करने जाना पड़ा, जिसमें 40 लाख 40 हजार रुपए की पैनाल्टी हरिचरण पर लगाई गई। हालांकि हरिचरण ने पहले 11 लाख रुपए रायल्टी के जमा कराए थे।

### डेढ़ करोड़ का कोपरा निकालकर बेचा

रोजीवे गांव में पंद्रह एकड़ जमीन को समतल करने की परमिशन लेकर छह सौ डंपर कोपरा निकाला गया है। खदान की अनुमति जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत ने दो महीने पहले दी थी। इसकी निगरानी की जिम्मेदारी सुचि माथुर पर थी, लेकिन उन्होंने निगरानी नहीं की। कलेक्टर की फटकार के बाद भी इंस्पेक्टर ने माफिया को बचाते हुए कम पैनाल्टी लगाकर प्रकरण कलेक्टर के यहां पेश कर दिया। इधर कलेक्टर का कहना है कि रोजीवे गांव में खनन को लेकर रिपोर्ट मिली थी, लेकिन उसमें कमियां होने के बाद दोबारा से जांच करने की हिदायत दी गई है। अगर खनिज विभाग के अफसर लापरवाही करेंगे तो एक्शन लिया जाएगा।

## सरपंच के बेटों पर छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र में सरपंच के बेटों द्वारा महिला से छेड़छाड़, मारपीट और जातिसूचक शब्द कहने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कुलदीप मीणा और उसके भाई दीपक मीणा के खिलाफ विभिन्न धाराओं और एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वार्ड-12, दशहरा मैदान के पीछे बैरसिया निवासी सपना वाल्मीकि सीएम राइज स्कूल में सफाई कर्मचारी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार रात वह पति तूफान सिंह, भाई राजा खरे और अन्य परिजनों के साथ महुआखेड़ा में ननद के जन्मदिन समारोह से लौट रही थी। रात करीब 11.30 बजे शक्तिमान चौराहे पर उनके पति गुटखा लेने के लिए रुके थे। इसी दौरान वहां मौजूद कुलदीप मीणा ने उनके भाई पर अभद्र टिप्पणी करते हुए विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने सपना के लिए अश्लील टिप्पणियां कीं, उनका हाथ पकड़कर खींचा और जातिसूचक गालियां दीं।

बीच-बचाव करने पहुंचे देवर सौदान के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उसके हाथ में चोट आई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद जब परिवार शिकायत दर्ज कराने बैरसिया थाने पहुंचा तो कुलदीप मीणा अपने भाई दीपक मीणा के साथ वहां भी पहुंच गया। दोनों ने कथित तौर पर जातिसूचक अपमान किया और रिपोर्ट वापस नहीं लेने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

**पीएमएलए के तहत अभियोजन शिकायत की दाखिल**

# इंदौर ब्लॉक शिक्षा ऑफिस में करोड़ों के कथित घोटाले में ईडी का नया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इंदौर उप-जोनल इकाई ने इंदौर के ब्लॉक शिक्षा कार्यालय, सांवेर से जुड़े 20.47 करोड़ रुपये के कथित फर्जी भुगतान घोटाले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत विशेष न्यायालय, इंदौर में 9 जुलाई को अभियोजन शिकायत दाखिल की है। ईडी की जांच इंदौर जिला अंत्याव्यवसायी के थाना बेटमा में वर्ष 2018 से 2023 के बीच दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी। जांच में आरोप है कि कमल राठौर और अन्य आरोपियों ने मिलीभगत कर फर्जी बिलों के माध्यम से ब्लॉक शिक्षा कार्यालय के सरकारी धन का गबन किया और अवैध रूप से अर्जित राशि का उपयोग चल-अचल संपत्तियां खरीदने में किया। जांच के दौरान ईडी ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए और बैंक खातों को फ्रीज किया। एजेंसी ने आरोपियों की 4.43 करोड़ रुपये मूल्य की परिसंपत्तियां पहले ही अस्थायी रूप से कुर्क की थीं, जिसे बाद में पीएमएलए न्यायाधिकरण ने 10 मार्च को पुष्टि प्रदान की।



### आवासीय परियोजना के रूप में विकसित कर किया धन अर्जित

ईडी के अनुसार जांच में यह भी सामने आया कि कथित अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई भूमि को बाद में 'श्री बालाजी धाम' नामक आवासीय प्लॉटिंग परियोजना के रूप में विकसित किया गया। इस परियोजना में प्लॉट बेचकर और धन जुटाने की कोशिश की गई।

## डीएवीवी में करोड़ों की कंप्यूटर खरीदी पर उठ रहे सवाल

भोपाल। इंदौर के देवी अहिल्या विवि में वर्ष 2024-25 के दौरान हुई करोड़ों रुपए की कंप्यूटर एवं आईटी उपकरणों की खरीदी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वरिष्ठ शिकायतकर्ता अजय शुक्ला ने उच्च शिक्षा आयुक्त को शिकायत भेजकर विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेष रूप से कुलसचिव प्रज्ज्वल खरे समेत संबंधित अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कंप्यूटर खरीदी से जुड़े दस्तावेजों, स्टॉक रजिस्टर और सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी में गंभीर विसंगतियां हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार रिकॉर्ड में 1,178 कंप्यूटर खरीदे जाने का उल्लेख है, जबकि स्टॉक रजिस्टर में केवल 818 कंप्यूटर दर्ज हैं। इसके अलावा 283 कंप्यूटरों की दोबारा खरीदी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि कई नोटशीट बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के तैयार की गईं, आवश्यक हस्ताक्षरों का अभाव है और विभागों की वास्तविक मांग का स्पष्ट रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं है। साथ ही खरीदे गए उपकरणों के भौतिक सत्यापन में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। उन्होंने स्वतंत्र एजेंसी से जांच, सभी कंप्यूटर एवं आईटी उपकरणों का भौतिक सत्यापन तथा आरोप सही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कुख्यात वन्यजीव शिकारी पारधी की जमानत निरस्त

मप्र स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स को वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। पेंच टाइगर रिजर्व में वर्ष 2013 में दर्ज वन्यजीव शिकार प्रकरण के कुख्यात आरोपी अजीत पारधी की जमानत विशेष न्यायालय, जबलपुर ने निरस्त कर दी है। न्यायालय अब आरोपी की पेशी के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी करेगा, जिसके बाद उसे महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश लाया जाएगा। वन्यजीव अपराधों से जुड़े मामलों में यह प्रदेश का एक विरला मामला है, जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 480 के तहत जांच एजेंसी के आवेदन पर पहले से जमानत प्राप्त आरोपी की जमानत और बंधपत्र निरस्त किए गए हैं। विशेष न्यायालय, जबलपुर से सशर्त जमानत मिलने के बाद भी एसटीएसएफ उसकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखे हुए थी। जमानत पर रिहा होने के कुछ ही महीनों बाद 25 जनवरी 2025 को उसे महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बाघ शिकार के एक अन्य मामले में गिरफ्तार कर लिया गया।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाली राशि

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बागमुगलिया में केनरा बैंक के एटीएम में अज्ञात बदमाशों ने महिला की मदद के बहाने एटीएम बदल लिया और उसके एटीएम से अलग अलग एटीएम से 83 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कर लिया। दरअसल संगीता देवी (30) लहारपुर झुग्गी बागमुगलिया में रहती हैं। उसने पुलिस को बताया कि वह एम्स में हाऊस कीपिंग का काम करती हैं। 21 जून की दोपहर करीब दो बजे अपनी सहेली क्रांति के साथ केनरा बैंक के एटीएम पहुंची। सहेली क्रांति एटीएम के बाहर खड़ी थी। वह एटीमए में पहुंची और 3 हजार रुपए निकाले। उन्हें 2 हजार और निकालने थे। इसी बीच एटीएम में खड़े दो युवकों में एक युवक ने कहा कि अपना मोबाइल नंबर एटीएम में डालो तभी पैसे निकलेंगे। संगीता देवी ने दौबारा दो हजार रुपए निकालने के लिए पासवर्ड डाला।

**एक दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनने का लिया संकल्प**

# अग्रहरि प्रोग्रेसिव ग्रुप के पारिवारिक मिलन महोत्सव के दौरान हुए विभिन्न आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अग्रहरि वैश्य प्रोग्रेसिव ग्रुप के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि प्रोग्रेसिव ग्रुप के पारिवारिक मिलन कार्यक्रम में नो-निगेटिव को प्राथमिकता दी गई है। इस मौके पर यह भी संकल्प लिया गया कि समाज के लोग प्रत्येक आयोजनों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे। एक दूसरे के सुख दुख में सहभागी बनेंगे। समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने ग्रुप की विस्तृत रूपरेखा भी प्रस्तुत की।

प्रोग्रेसिव ग्रुप का पारिवारिक मिलन समारोह नर्मदापुरम रोड स्थित होटल अशोका लेगेसी में आयोजित हुआ। इसमें सबसे पहले अजय गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर



माल्यार्पण किया। इसके साथ ही साथ राजेश गुप्ता, सियाराम अग्रहरि, राकेश गुप्ता आदि कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। बहुप्रतीक्षित पारिवारिक परिचय कार्यक्रम में शहर में रहने वाले करीब 60 परिवारों ने अपना परिचय प्रस्तुत किया। प्रत्येक परिवार के उपस्थित मुखिया के नाम की पर्ची निकाली गई। इन सभी पर्चियों के अनुसार बारी-बारी से समाज के लोगों ने अपना परिचय दिया। इस दौरान मंच पर भी सपरिवार आकर अपना सम्पूर्ण व्यक्तित्वगत परिचय भी दिया। इस कार्यक्रम के बाद आमोद-प्रमोद के कार्यक्रम हुए। इसमें नन्हे-मुन्ने प्यारे बच्चों सहित सभी उपस्थित अग्रहरि परिजनों ने उत्साह से भाग लिया। इस दौरान अनिल अग्रहरि, अजय गुप्ता समेत अन्य सामाजिक जनों ने विशेष रूप से सहयोग दिया। कपल रेस के आयोजन में उपस्थित सभी तीस कपल ने भाग लिया। इसमें श्री व श्रीमती राकेश गुप्ता और राजेश गुप्ता विजयी हुए।

राजेश गुप्ता ने अग्रहरि वैश्य प्रोग्रेसिव ग्रुप भोपाल की स्थापना का उद्देश्य, सदस्यता कोष मासिक कार्यक्रम व आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। सभी परिवार मुखिया को एक आकर्षक मोमेंटो भी दिया गया। नन्हे-मुन्ने प्यारे बच्चों ने गीत व डान्स की शानदार प्रस्तुति दी। सभी उपस्थित नन्हे मुन्ने बच्चों को गिफ्ट्स दिए गए। विशेष रूप अग्रहरि वैश्य प्रोग्रेसिव ग्रुप भोपाल की समस्त मातृशक्ति की मौजूदगी से आज का यह पारिवारिक परिचय व मिलन समारोह सार्थक व पूर्ण सफलता के साथ संपन्न हुआ।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930